# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, मंगलवार 19 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 132 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 | 22.5 |
| डालटनगंज | 32.7 | 25.1 |
| धनबाद | 31.5 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### डीजीपी की नियुक्ति को चुनौती देनेवाली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका खारिज

# नियुक्ति में अवमानना नहीं, डीजीपी अनुराग गुप्ता को मिली बड़ी राहत

**शुभम संदेश। रांची/ नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की. यह मामला सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ, मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अनजारिया के समक्ष पेश हुआ.

सुनवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर विचार किया गया.



• बाबूलाल मरांडी



• डीजीपी अनुराग गुप्ता

मरांडी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों के खिलाफ की गई है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गुप्ता की नियुक्ति के लिए यूपीएससी द्वारा तैयार पैनल में शामिल अधिकारी को अनुचित ढंग से पद से हटाया गया. हालांकि, सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि डीजीपी की नियुक्ति राज्य सरकार का विशेषाधिकार है और यह नियुक्ति नियमानुसार की गई है. सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका को खारिज कर दिया, जिससे अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत मिली है. अदालत ने माना कि नियुक्ति में किसी प्रकार की अवमानना नहीं हुई है.

**बाबूलाल मरांडी ने उठाए थे सवाल :** गौरतलब है कि बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती दी थी. याचिका में मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया गया था. मरांडी का कहना था कि नियुक्ति प्रक्रिया प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के खिलाफ हुई है. उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीएससी पैनल से चुने गए डीजीपी को हटाकर अनुराग गुप्ता को गलत तरीके से नियुक्त किया गया है.

#### डीजीपी नियुक्ति मामले में केंद्र व राज्य सरकार आमने-सामने

डीजीपी गुप्ता की नियुक्ति को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के बीच टकराव लगातार जारी है. अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होनेवाले थे. राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल के विस्तार के लिए केंद्र को पत्र भेजा, लेकिन केंद्र ने प्रस्ताव की सेवा 30 अप्रैल को ही समाप्त हो गयी. इसके बावजूद राज्य सरकार ने उन्हें डीजीपी पद पर बनाए रखा है. केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की नियुक्ति नियमावली को नियम विरुद्ध करार देते हुए सेवा विस्तार को असंवैधानिक बताया है. लेकिन झारखंड सरकार अपने रुख पर कायम है और गुप्ता की नियुक्ति को वैध ठहरा रही है.

### रामदास सोरेन के विभाग अब मुख्यमंत्री देखेंगे



**रांची।** शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन को मिले विभाग अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देखेंगे. रामदास सोरेन के जिम्मे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अलावा निबंधन विभाग था. मालूम हो कि 16 अगस्त को रामदास सोरेन का इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया था. दो अगस्त को बाथरुम में ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद उन्हें एयर लिफ्ट कर दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया था. वहां लगभग 14 दिनों तक उनका इलाज चला, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके.

## ब्रीफ न्यूज

### सीपी राधाकृष्णन ने की पीएम से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए राजग के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की. प्रधानमंत्री ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं. मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर शुभकामनाएं दीं. सार्वजनिक सेवा में उनके वर्षों के अनुभव और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रियता हमारे देश को और समृद्ध बनाएगी.

### असम में 4.3 तीव्रता का भूकंप महसूस हुआ

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किये गये. भारतीय सिस्मोलॉजी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 बजकर 09 मिनट 33 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई. भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है. भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नगांव जिले में जमीन के अंदर 35 किमी नीचे स्थित था.

### 32 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. राष्ट्रीय राजधानी के 32 स्कूलों को सोमवार सुबह बम की धमकी मिली. इनमें से अधिकतर कॉल द्वारका स्थित स्कूलों को मिली है. एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराया गया और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई. जांच के बाद पुलिस ने तफ्तीश के बाद इस धमकी को फर्जी बताया. अधिकारियों ने बताया कि ये धमकियां सोमवार तड़के ईमेल के जरिए दिल्ली के विभिन्न स्कूलों को भेजी गईं.

### इलेक्ट्रॉनिक्स इमारत में लगी आग, तीन मरे

**नयी दिल्ली.** पश्चिम दिल्ली के राजा गार्डन इलाके में सोमवार दोपहर महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स की इमारत में भीषण आग लगने से दो युवतियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है. यह इमारत बेसमेंट के साथ तीन मंजिलों वाली है और हादसा तीसरी मंजिल पर स्थित दफ्तर में हुआ, जहां पीड़ितों ने खुद को फंस लिया था. दिल्ली दमकल सेवा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और दफ्तर से चारों लोगों को बाहर निकाला.

### लोस की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोस की कार्यवाही सोमवार को हंगामे के बीच दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी. इस दौरान 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री- 2047 तक विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू हुई. साथ ही दो विधेयक सदन के विचार के लिए पेश किए गए. लोस में पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही प्रारंभ हुई और विपक्ष हंगामा जारी रहा.



### 'वोटर अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन राहुल गांधी पहुंचे गयाजी, बोले-

# महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा ने वोट की चोरी की

**संवाददाता। गयाजी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को वोट अधिकार यात्रा के तहत गया जी शहर के खलीस पार्क तीनमुहानी में बने मंच पर पहुंचे. मंच पर पहुंचते ही राहुल गांधी ने कहा, अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी. बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं. एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना. नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी. उन्होंने कहा कि, महाराष्ट्र का चुनाव, हरियाणा का चुनाव, बीजेपी ने चोरी से जीता. लोकसभा चुनाव में हम महाराष्ट्र में जीते, लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने नए वोटर जोड़ कर चुनाव चोरी से जीता. मैंने चुनाव आयोग से सवाल किया, लेकिन चुनाव आयोग ने यह सही नहीं समझा की नेता विपक्ष ने सवाल किए हैं उसका जवाब दें, उल्टा यह मुझसे सवाल करने लगे. राहुल गांधी ने कहा, जिन लोगों ने पिछले 4-5 चुनावों में वोट किया, बिहार में उनका भी वोट चोरी कर लिया. जब वजह पूछा तो एक ही जवाब मिला-ऊपर से ऑर्डर आया है. ये गरीबों के अधिकार की लड़ाई है हम रुकेंगे नहीं. वोट चोरी रोक कर रहेंगे.

#### तेजस्वी बोले-इन बेइमानों को सत्ता से हटाना है, इसके लिए एकजुट रहो



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को वोट अधिकार यात्रा के तहत गया जी शहर के खलीस पार्क तीनमुहानी में बने मंच पर पहुंचे. उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद रहे. इस दौरान विपक्षी नेताओं ने भाजपा, आरएसएस और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा. सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को भगाना है. इन बेइमानों को सत्ता से हटाना है. इसके लिए सभी लोगों को एकजुट रहना होगा. राहुल गांधी ने वोट चोरी के मामले में अपने तर्क से चुनाव आयोग को नंगा कर दिया है. यदि चुनाव आयुक्त ने भाजपा की सदस्यता ले ली है तो जनता को बता दें, इसमें शर्माने की कोई बात नहीं है. तेजस्वी ने आगे कहा कि चुनाव आयोग सोचता है कि बिहारी को चुना लगा देगा, लेकिन यह नहीं जानता कि बिहारी खैनी में चुना रगड़ देता है. बिहार लोकतंत्र की जननी है. अब भाजपा और गुजरात से आए नेता यह तय नहीं करेंगे कि यहां कौन वोट देगा और कौन नहीं. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिहार को गरीबी, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य संकट में धकेल दिया है. इससे बचने के लिए बदलाव जरूरी है. तेजस्वी ने एलान किया कि अगर उनकी सरकार बनी तो नए सोच के साथ नया बिहार बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ सरकार नहीं बनानी है बल्कि बिहार का निर्माण करना है. जो नफरत की राजनीति करेंगे उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिलेगा. मोदी जी 11 साल से ठग रहे हैं, अब ठगाना नहीं है, अब इन्हें ठगना है.

#### राहुल गांधी ने देव सूर्य मंदिर में की पूजा-अर्चना



**औरंगाबाद।** बिहार की 'वोट अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन सोमवार को राहुल गांधी ने औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध त्रेतायुगीन देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की. राहुल के लिए यह अपने जीवन की विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल की पहली यात्रा रही, जिस दौरान उन्होने सूर्यदेव को मत्था टेका. इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष व कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार, वीआईपी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी एवं नबीनगर से राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबल्यू सिंह आदि नेता भी राहुल गांधी के साथ रहे. इस दौरान देव सूर्य मंदिर के प्रधान पुजारी राजेश पाठक ने राहुल-तेजस्वी एवं अन्य नेताओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सूर्यदेव की विधिवत पूजा-अर्चना कराई.

## कृष्णजन्माष्टी की शोभायात्रा के रथ में उतरा करंट, छह की मौत

### राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को देगी पांच-पांच लाख रुपये

**एजेंसी। हैदराबाद**



राजधानी के रामंतपुर के गोकुलनगर में श्रीकृष्णा जन्माष्टमी के दिन शोभायात्रा के दौरान एक रथ के करंट की चपेट में आने मरने वालों की संख्या छह हो गई है. इस बीच राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. दरअसल, श्रीकृष्णाजन्माष्टमी के दिन रविवार की रात स्थानीय यादव संगम की ओर से एकशोभायात्रा निकाली गई थी. देर रात 12.30 बजे शोभायात्रा में शामिल रथ को खींचने वाले वाहन के खराब होने के बाद कुछ युवकों ने हाथ से रथ को आगे खींचना शुरू किया. तभी रथ बिजली के तारों की चपेट में आ गया और वाहन में करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में नौ युवक आ गए. इनमें से पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. सोमवार को इलाज के दौरान अन्य एक घायल ने दम तोड़ दिया. इस प्रकार इस हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है. अन्य घायलों को अस्पताल मेंभर्ती कराया गया है.

इसी बीच राज्यमंत्री श्रीधर बाबू ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. मंत्री बाबू ने आश्वासन दिया कि सरकार मृतकों के परिवारों की हरसंभव सहायता करेगी. मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी.

### प. बंगाल के मध्यग्राम में बम विस्फोट से 25 साल के युवक की मौत

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में एक 25 वर्षीय युवक की रविवार रात हुए बम विस्फोट में मौत हो गई. उसका नाम सच्चिदानंद मिश्रा है. वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था. गंभीर रूप से घायल सचिदानंद को तत्काल बारासत अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अब मामले की जांच करेगी. पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब एक बजे मध्यग्राम हाई स्कूल गेट के सामने जलकल्याण मैदान के विपरीत दिशा में स्थित रविंद्र मुक्त मंच के पास हुई. जिला पुलिस ने अपने आधिकारिक बयान में सोमवार को बताया कि लोगों का कहना है कि विस्फोट के समय सचिदानंद मंच की एक बेंच पर बैठे थे और उनके हाथ में बम था. अचानक हुए विस्फोट में उनके दोनों हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद इलाके को तुरंत घेराबंदी कर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया.

**छत्तीसगढ़ के बीजापुर का मामला**

## आईईडी विस्फोट में डीआरजी का एक जवान शहीद, 3 घायल





• डीआरजी की टीम नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग पर निकली थी.

**एजेंसी। बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपट्नम में नक्सलियों द्वारा लगाए गए इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान बलिदान हो गया है, जबकि 3 अन्य जवान घायल हैं. पुलिस के अनुसार बीते रविवार को डीआरजी की टीम नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग पर निकली थी. सर्चिंग के दौरान सोमवार सुबह भोपालपट्नम के उल्लूर के जंगल में प्रेशर आईईडी विस्फोट से बीजापुर डीआरजी टीम जवान दिनेश नाग बलिदान हो गये. इस दौरान तीन जवान घायल हुए हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों में भरत धीवर, पैकू इंला और मुंदारू राम कवासी शामिल हैं. फिलहाल घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. उन्होंने जानकारी दी है कि बलिदान जवान दिनेश नाग बीजापुर के वार्ड क्रमांक 15 के रहने वाले थे. घटना के बाद इलाके में जवानों ने सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है.

### पुतिन ने पीएम मोदी को फोन किया : अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की डिटेल बताई, मोदी बोले-

# यूक्रेन जंग समाप्त कराने में मदद करने को तैयार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को सोमवार शाम फोन किया. उन्होंने पिछले हफ्ते अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी. मोदी ने बातचीत के जरिए यूक्रेन जंग का शांतिपूर्ण समाधान खोजने की बात कही. उन्होंने कहा कि भारत इस संबंध में सभी कोशिशों का समर्थन करता है. पीएम मोदी ने पुतिन को अलास्का में ट्रंप के साथ उनकी बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद दिया. दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी चर्चा की. अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था. यह टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा, इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो जाएगा. बता दें कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ने 15 अगस्त की देर रात अलास्का में मुलाकात की थी. उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई. इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही. हमने कई बिंदुओं पर सहमति



जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई. कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा.

ट्रंप ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए. वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है. उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया. अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए. वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति से डेढ़ घंटे बातचीत हुई. जेलेंस्की 18 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी जाकर ट्रंप से मुलाकात करेंगे. उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है.

**वहीं पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-** मेरी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और डिटेल बातचीत हुई. मैंने यूक्रेन के हालात पर जानकारी शेयर करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा. हमने अपने आपसी सहयोग बढ़ाने और भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई. मैं इस साल के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं.

**पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे :** राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आएंगे. रूसी न्यूज एजेंसी तास ने रविवार को यह जानकारी एनएसए अजीत डोभाल के हवाले से दी थी. अब पीएम मोदी से हुई बातचीत के बाद यह तय है कि पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे. डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा था, अब हमारे रिश्ते बहुत खास बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं. हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं.

### नीरज चोपड़ा ने गाड़ दिया लट्ठ, फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर अपने एक कमाल से भारत के करोड़ों लोगों को अपना मुरीद बना लिया है. नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. डायमंड लीग 2025 फाइनल का आयोजन ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा. दोहा में इस सीजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में होने वाले इस फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले पुरुष जेवलिन थ्रोअर में से एक हैं. हालांकि, इससे कोई फर्क नही पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है.

## बाजार में उछाल व जीएसटी सुधार से रुपया हुआ मजबूत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय रुपये ने डॉलर के मुकाबले मजबूती दिखाई. बाजार खुलते ही रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 87.46 पर खुला और बाद में मजबूत होकर 87.39 प्रति डॉलर पर पहुंच गया. यह मजबूती ऐसे समय आई है जब घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से ऐतिहासिक संबोधन में जीएसटी सुधारों का ऐलान किया. विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि हालांकि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड टैरिफ को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन फिलहाल घरेलू बाजार की तेजी ने रुपये को सहारा दिया है. पिछले कारोबारी सत्र में (गुरुवार) रुपया 87.59 पर बंद हुआ था. शुक्रवार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के कारण मुद्रा और शेयर बाजार बंद रहे. इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.86 पर पहुंच गया. वहीं अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत गिरकर 65.81 डॉलर प्रति बैरल पर रहा.

## चैंबर चुनाव की गहमागहमी

# आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू और मुकेश अग्रवाल ने ठोकी ताल, अब असली चुनौती मजबूत टीम बनाने की

शुभम संदेश। रांची



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एफजेसीसीआई) के आगामी चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. 21 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए अब तक तीन प्रमुख दावेदार आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू और मुकेश अग्रवाल मैदान में ताल ठोक चुके हैं. चुनावी बिगुल बज चुका है, लेकिन अब असली परीक्षा इन प्रत्याशियों की टीम बनाने की होगी. जानकारों की मानें तो चैंबर चुनाव में जीत की चाबी एक मजबूत और जिताऊ टीम ही होती है.

**21 की टीम बनाने की चुनौती :** चैंबर की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए हर उम्मीदवार को अपनी-अपनी टीम से सभी 21 सीटों पर प्रत्याशी खड़े करने होते हैं. इनमें से 11 या उससे अधिक सीटें जीतने वाली टीम का अध्यक्ष चुना जाता है और चैंबर पर उसी का नियंत्रण होता है. ऐसे में प्रत्याशी सिर्फ अपनी दावेदारी पर नहीं, बल्कि पूरी टीम की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर लगा रहे हैं.

**सामुदायिक समर्थन की भी अहम भूमिका:** सामुदायिक समर्थन भी इस चुनाव में अहम भूमिका निभा सकता है. आदित्य मल्होत्रा, जो वर्तमान में चैंबर के महासचिव हैं, पंजाबी समुदाय से आते हैं, जबकि उनकी पत्नी मारवाड़ी समुदाय से हैं. इस सामाजिक संतुलन के चलते उन्हें दोनों ही प्रभावशाली वर्गों का समर्थन मिलने की संभावना है. ठीक इसी तरह, चैंबर के वर्तमान उपाध्यक्ष राहुल साबू की स्थिति भी मजबूत मानी जा रही है. उनकी पत्नी पंजाबी समुदाय से हैं, जिससे उन्हें भी दोहरे समुदाय का साथ मिलने की उम्मीद है. मुकेश अग्रवाल की पहचान एक अनुभवी और सशक्त व्यवसायी के रूप में है, जिनका व्यापारिक समुदाय में गहरा प्रभाव है. उनका संगठन कौशल और वरिष्ठ नेताओं से संपर्क उनकी ताकत मानी जा रही है. रविवार की बैठक में उन्होंने इसी नेटवर्क को सक्रिय किया.

### मुकेश ने दावेदारी का औपचारिक एलान किया

मुकेश अग्रवाल ने रविवार को होटल ली-लैक में आयोजित बैठक में पूर्व अध्यक्षों और सक्रिय सदस्यों के समक्ष अपनी दावेदारी का औपचारिक एलान कर दिया. वहीं दूसरी ओर, राहुल साबू और आदित्य मल्होत्रा ने भी व्यापारिक समुदाय और चैंबर के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी तैयारी शुरू कर दी है. सूत्रों की मानें तो चुपचाप रणनीति बनाने में जुटे विकास विजयवर्गीय भी मैदान में उतर सकते हैं.

### मुकाबला रणनीति और टीम प्रबंधन का

अब मुकाबला सिर्फ लोकप्रियता का नहीं, बल्कि रणनीति और टीम प्रबंधन का बन गया है. जोड़-तोड़ शुरू हो चुका है और आनेवाले दिनों में बैठकों का दौर और तेज होगा. यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन प्रत्याशी सबसे संतुलित और प्रभावशाली टीम खड़ी कर पाता है, क्योंकि अंततः वही चैंबर की बागडोर संभालेगा.

---

पूर्व विधायक सीता सोरेन की बेटी जयश्री का भावुक संदेश

## बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष के साथ जो लोग खड़े रहे, उनके लिए हम अडिग रहेंगे

शुभम संदेश। रांची



झारखंड आंदोलन के जननायक, राज्य के निर्माता और आदिवासी समाज की बुलंद आवाज़ स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भव्य श्राद्ध भोज में शामिल होकर उनकी पोती जयश्री भावुक हो उठीं. इस अवसर पर पूर्व विधायक सीता सोरेन और स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की बेटी जयश्री ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए अपने बाबा के जीवन, संघर्ष और विचारों को याद किया.जयश्री ने लिखा कि उन्हें और उनकी बहनों को यह सौभाग्य मिला कि वे झारखंड के कोने-कोने से आए अनुयायियों को अपने हाथों से भोजन परोस सकीं. उन्होंने इसे अपने बाबा की सेवा का सबसे सच्चा रूप बताया.

जयश्री ने लिखा- "सेवा करते हुए दिल से महसूस हुआ कि यही गुरु जी की असली राह है. उनकी धरोहर केवल मंच या भाषण नहीं, बल्कि उन मुस्कानों में है जो सेवा पाकर खिल उठीं." उन्होंने यह भी कहा कि दिशोम गुरु का संघर्ष केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि वह हर उस आम आदमी के लिए था, जो न्याय और सम्मान का हकदार है. भोज में उमड़ी अपार भीड़ को उन्होंने शिबू सोरेन के प्रति जनता की गहरी श्रद्धा और प्रेम का प्रतीक बताया.

जयश्री ने संकल्प लिया – "बाबा की विचारधारा और संघर्ष के साथ जो लोग खड़े रहे, उनके लिए हम भी सदैव अडिग रहेंगे. यही हमारी प्रतिज्ञा है और यही बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें." उनकी यह भावपूर्ण पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और झारखंडवासियों के दिलों में एक बार फिर दिशोम गुरु की स्मृतियों को ताज़ा कर गई है.

---

राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का स्वागत

### एनडीए ने एक योग्य व दूरदर्शी नेता को आगे बढ़ाया : डॉ. प्रदीप वर्मा



**रांची।** एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल एवं पूर्व झारखंड राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाए जाने पर झारखंड भाजपा के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है. डॉ. वर्मा ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन का लंबे समय का राजनीतिक अनुभव, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाता है. उन्होंने झारखंड के राज्यपाल के रूप में भी अपनी गरिमामयी भूमिका का निर्वहन करते हुए राज्य को नई दिशा दी. उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना कर एनडीए ने एक योग्य और दूरदर्शी नेता को आगे बढ़ाया है. उन्होंने विश्वास जताया कि राधाकृष्णन के चयन से न केवल सदन की गरिमा और मजबूती बढ़ेगी, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराएं और भी सशक्त होंगी.

---

खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

# डेटा में कोई त्रुटि न रहे, योग्य लाभुक योजना से छूटे नहीं : अलका तिवारी

शुभम संदेश। रांची



मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के तमाम उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक उससे वंचित नहीं रहे. वहीं मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के स्तर पर हटाएं, ताकि नए लाभुक जोड़े जा सकें. मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रक्रिया में इस पर फोकस करें कि डेटा में कोई त्रुटि नहीं रहे. लाभुकों के केवाईसी पूर्ण हों. इसमें कोई समस्या हो, तो उसका परीक्षण करें कि कहां दिक्कत है और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें. हर माह इसका भौतिक निरीक्षण करें और रिकार्ड व बुक कीपिंग अपटूडेट रखें. वे सोमवार को खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर समीक्षा कर रही थीं.

**धान खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाना है :** उन्होंने कहा कि दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी. धान खरीद और उसके संरक्षण को सुगम बनाना है और भुगतान भी त्वरित तरीके से करना है. इसलिए समय रहते कमियों को दूर कर लें. गोदामों के रख-रखाव के साथ वहां मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कर लें. मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सहकारिता विभाग के गोदामों का आकलन कर उसका भी उपयोग करें. स्वीकृत नये गोदामों के निर्माण में तेजी लाने पर भी बल दिया गया. निर्देशों के अनुपालन में फंड की जरूरत होने पर उसका प्रस्ताव विभाग को देने को कहा. उन्होंने कहा कि ससमय खाद्यान्न वितरण, उसके ससमय उठाव पर निर्भर करता है, इसलिए उठाव पर पैनी नजर रखें. बताया गया कि इसपर नजर रखने के लिए सेंट्रल कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाया गया है.

### राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण सुनिश्चित करें

मुख्य सचिव ने राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया. उड़नदस्ता टीम बना कर वितरण की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनियमितता नहीं हो. उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के जागरूकता पर बल देते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लाभुकों को योजना की मूलभूत जानकारी रहे. इसके लिए होर्डिंग, फ्लैक्स, नुक्कड़ नाटक जैसे हर सक्षम माध्यम का उपयोग करें. उसमें स्थानीय भाषा का प्रयोग करें. लाभुकों को यह हर हाल में पता होना चाहिए कि उन्हें क्या मिलना है, कितना मिलना है, कहां मिलना है और कब मिलना है.

### गोदामों को एक्शन प्लान के अनुसार कार्यशील करें

मुख्य सचिव ने राज्य के तमाम गोदामों को समयबद्ध तरीके से कार्यशील करने पर बल देते हुए कहा कि थोड़े प्रयास से सभी गोदामों को कार्यशील बनाया जा सकता है. समीक्षा में पाया गया कि मामूली कमियों के कारण अनेक गोदाम उपयोग में नहीं हैं. इसे देखते हुए निर्देश दिया गया कि उपायुक्त अपने स्तर से इसमें रुचि लेकर गोदामों को उपयोगी बनाना सुनिश्चित करायें. इसके लिए 20 सितंबर तक की टाइम लाइन तय की गई.

---

झारखंड में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ होने के आसार

# ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट तैयार, जल्द सरकार को सौंपेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

शुभम संदेश। रांची



राज्य में नगर निकाय चुनाव पर लगा ग्रहण छंटता हुआ प्रतीत हो रहा है. ओबीसी ट्रिपल टेस्ट कराने के नाम पर हो रही देरी का मसला अब समाप्त होने को है. ओबीसी आयोग जल्द ही राज्य सरकार को ओबीसी ट्रिपल टेस्ट से जुड़ी समेकित रिपोर्ट सौंपने जा रहा है. आयोग के सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिलों से प्राप्त रिपोर्टों का अध्ययन कर उन्हें अंतिम रूप देने में जुटी संत जेवियर्स कॉलेज की टीम ने प्रारंभिक रिपोर्ट आयोग को सौंप दी है. मंगलवार 19 अगस्त को इस रिपोर्ट की समीक्षा के लिए आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बैठक होगी, जिसके बाद राज्य सरकार को फाइनल रिपोर्ट दी जाएगी. उन्होंने कहा कि संत जेवियर्स कॉलेज द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में आंशिक त्रुटियां हैं, जिसे दूर करने के बाद सरकार के समक्ष इसे लाया जाएगा.

**25 अगस्त को हाईकोर्ट में है सुनवाई, मुख्य सचिव को होना है उपस्थित:** नगर निकाय चुनाव को लेकर बीते 18 जुलाई को हुई रोशनी खलखो के अवमाननावाद केस की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आगामी 25 अगस्त को राज्य के मुख्य सचिव को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज है और सरकार इससे पहले ओबीसी ट्रिपल टेस्ट को पूरा कर लेने की जल्दबाजी में है.

### राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद भी खाली पड़ा हुआ है

हालांकि चुनाव कराने से पहले राज्य सरकार को पिछले पांच महीने से राज्य निर्वाचन आयुक्त के खाली पड़े पद को भरना होगा. आपको बता दें कि राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी का कार्यकाल बीते 25 मार्च को खत्म होने के बाद से आयोग आयुक्त विहीन है.

### नगर निकाय चुनाव को लेकर होती रही है सियासत

नगर निकाय चुनाव को लेकर पिछले कई महीनों से सियासत होती रही है. हालांकि सरकार के रुख से इस सियासत के जल्द खत्म होने की संभावना बननी शुरू हो गई है. सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ओबीसी को पूरा हक मिलने की बात कहते हुए दुर्गा पूजा के बाद राज्य में नगर निकाय चुनाव होने की संभावना जताई है.

---

## जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को मिली जमानत, धारा 479 का मिला लाभ

लैंड स्कैम

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को रांची की पीएमएलए कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. यह जमानत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता(बीएनएसएस) की धारा 479 के तहत प्रदान की गई है. यह धारा उन आरोपियों पर लागू होती है, जो जेल में बंद है और वह सिर्फ एक ही मामले में आरोपी है और लगी धारा में अधिकतम सजा का एक तिहाई जेल में बिता चुका है.तल्हा खान को ईडी ने उक्त मामले में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था. तब से वह जेल में है. अर्थात् वह मामले में लगातार दो साल चार महीने से अधिक जेल में बिता चुका है. पीएमएलए एक्ट में अधिकतम सजा सात साल है. इसके हिसाब से वह जमानत का हकदार बना. उसकी ओर से सोमवार को ही याचिका दाखिल की गई, जिस पर सुनवाई केबाद अदालत ने जमानत प्रदान की. इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपी है.

---

सूर्या हांसदा एनकाउंटर

# एसटी आयोग ने सरकार से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट, निष्पक्ष जांच का निर्देश

शुभम संदेश। रांची

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भाजपा नेता सूर्या हांसदा की गोड्डा में हाल ही में हुई मुठभेड़ में मौत के मामले में झारखंड सरकार से रिपोर्ट मांगी है. आयोग के उप सचिव ने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), गोड्डा के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है.नोटिस में कहा गया है कि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आयोग को पत्र लिखकर आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की मुठभेड़ में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच की मांग की थी. इस शिकायत के आधार पर आयोग ने संविधान के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे प्रकरण की जांच और अन्वेषण कराने का निर्णय लिया है.

आयोग ने निर्देश दिया है कि तीन दिनों के भीतर डाक या अन्य माध्यमों से मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी आयोग को उपलब्ध कराई जाए. आयोग ने यह चेतावनी भी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट नहीं दी गई, तो अनुच्छेद 338(क) के तहत सिविल न्यायालय जैसी शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष पेश होने का समन जारी किया जा सकता है.

उल्लेखनीय है कि रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य हैं और राज्य में आदिवासी मामलों की कई बार व्यक्तिगत रूप से जांच कर चुकी हैं. हाल के दिनों में उन्होंने रिम्स टू जमीन विवाद, कार्तिक उरांव फ्लाईओवर के रैंप निर्माण विवाद सहित कई मामलों में स्थल निरीक्षण कर आयोग को रिपोर्ट सौंपी है.

---

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद बंटा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की ओर से सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के पास सोमवार को आमजनों के बीच दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के प्रसाद का पैकेट का वितरित किया गया. झामुमो रांची के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि गुरुजी का पूरा जीवन संघर्ष और समाज की सेवा को समर्पित रहा. उन्होंने हमेशा वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद की. उनका संघर्ष हमारे लिए अनुकरणीय है, जो हमसबों के लिए जीवनभर प्रेरणा देता रहेगा. उसी भावना के साथ श्राद्धकर्म का प्रसाद वितरित किया जा रहा है. प्रसाद वितरण कार्यक्रम में झामुमो के कई केंद्रीय और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे.

---

वोटर अधिकार यात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता भी हुंकार भरेंगे

# बिहार-झारखंड एकजुट, राहुल गांधी की आवाज बन रही जनक्रांतिः आलोक दुबे

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि अब वक्त आ गया है, जब बिहार और झारखंड मिलकर मोदी सरकार की तानाशाही और भाजपा की वोट चोरी की साज़िश के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगा. कहा कि बिहार की धरती ने जब-जब राजनीतिक अंगड़ाई ली है, तब-तब देश का इतिहास बदला है. राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट अधिकार यात्रा को युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है. लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य जैसे बड़े नेताओं का साथ इस आंदोलन को और मज़बूत कर रहा है.

दुबे ने बताया कि मंगलवार को सुबह छह बजे बजे बिरसा मुंडा की पावन धरती से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से झारखंड का प्रतिनिधिमंडल नवादा के लिए रवाना होगा. उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड की संस्कृति और कार्यशैली एक-दूसरे से जुड़ी हुई है. यही कारण है कि झारखंड के कई नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ता पहले से ही वाहन रैली में शामिल होकर डेरा डाले हुए हैं.उन्होंने भाजपा और मोदी सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाही नीतियों ने देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की है, लेकिन राहुल गांधी जिस हिम्मत से वोट चोरी के खिलाफ बिगुल बजा रहे हैं, वह करोड़ों युवाओं और आम जनता की आवाज़ बन चुका है.

### राहुल गांधी चुनाव आयोग की धमकियों से डरने वाले नहीं



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की धमकियों से डरने वाले राहुल गांधी नहीं हैं. उन्हें घर से निकाला गया, ईडी-सीबीआई के फर्ज़ी केस लगाए गए, लोकसभा की सदस्यता पर भी ग्रहण लगाने का काम किया गया, लेकिन वे उसी घर से आते हैं, जिनके पूर्वजों ने अंग्रेजों को खदेड़ा था. इसलिए राहुल गांधी को डराने की हिमाकत न की जाए, चाहे वह हलफनामे की धमकी हो या सस्पेंशन का डर, चुनाव आयोग आज पीएम नरेंद्र मोदी की भाषा बोल रहा है.

---

डीजीपी अनुराग गुप्ता मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झामुमो, राजद, कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला

# मरांडी और भाजपा का आरोप झूठा व भ्रामक था, करारा जवाब मिला है : विनोद पांडेय

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली अवमानना याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर तीखा पलटवार किया है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी को करारा जवाब दिया है. याचिका खारिज किया जाना भाजपा और बाबूलाल मरांडी के लिए करारा झटका है. पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साफ कर दिया है कि झामुमो सरकार ने पूरी तरह नियमों के तहत डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति की है. मरांडी और भाजपा का आरोप पूरी तरह से झूठा और भ्रामक था. भाजपा को करारा जवाब मिला है.



पांडेय ने भाजपा की राजनीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश में नकारात्मक राजनीति कर रही है. बाबूलाल मरांडी ने जनता और अदालत का समय बर्बाद कर सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश की. सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके लिए आइना है.उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी कंस्ट्रक्टिव राजनीति की होती है, लेकिन भाजपा सिर्फ षड्यंत्र और झूठ फैलाने में लगी है. यह घोर आपत्तिजनक है. भाजपा को अब भी संभल जाना चाहिए और सकारात्मक राजनीति की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है. भाजपा को चाहिए कि इन योजनाओं को कमजोर करने की जगह सरकार को सहयोग करे, ताकि झारखंड की जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके.

### बेबुनियाद आरोप लगाना बाबूलाल की फितरत है : राकेश सिन्हा



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाना बाबूलाल मरांडी की फ़ितरत है. हम तो शुरू से कह रहे हैं कि डीजीपी की नियुक्ति पूरी तरह से क़ानूनी है और कैबिनेट के निर्णय के बाद हुई है. बाबूलाल मरांडी ख़ुद राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं. उन्हें पता होना चाहिए कि डीजीपी की नियुक्ति राज्य सरकार के अधीन आती है, लेकिन मुद्दाविहीन भाजपा झूठे आरोप लगाकर सिर्फ़ सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया करती है. वोट चोरी के माध्यम से देश में सता हासिल करने वाली भाजपा दूसरे दलों को नैतिकता का ज्ञान देने से पहले अपनी गिरेबा में भी झांक ले, तो अच्छा होगा.

### बाबूलाल मरांडी माफी मांगें, द्वेष की राजनीति से परहेज करें: कैलाश यादव

**रांची।** प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता को हटाने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किया जाना राज्यहित में बेहद सकारात्मक कदम है. यादव ने इसे प्रशासन और सरकार के मनोबल को बढ़ाने वाला निर्णय बताया. उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता एक अनुभवी और कर्मठ आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था और नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण रखा है. भाजपा नेताओं को उनके डीजीपी बनने से असहजता हो रही है, जबकि इन्हीं अधिकारियों की पहले भाजपा सरकार में प्रशंसा होती थी.यादव ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अधिकारी किसी पार्टी के नहीं होते, वे शासन के अधीन रहकर काम करते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि एक पिछड़े वर्ग से आने वाले अधिकारी के खिलाफ भाजपा नेताओं ने राजनीतिक दुर्भावना से कार्यवाही की.

---

डीजीपी नियुक्ति मामले भाजपा प्रवक्ता ने भी रखी अपनी बात

# अब रिट याचिका के रूप में सुनवाई करेगा कोर्टः अजय साह

शुभम संदेश। रांची

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश देते हुए बाबूलाल मरांडी को कहा कि वे अपनी दायर की गई जनहित याचिका (पीआईएल) को "स्वतंत्रता के साथ वापस लें" और इस मामले में उपलब्ध अन्य वैधानिक उपायों का अनुसरण करें. कहा कि अदालत का मानना था कि इस प्रकरण में जनहित याचिका का औचित्य नहीं बनता, बल्कि इसके समाधान के लिए अन्य संवैधानिक उपाय ज्यादा उपयुक्त हैं. इसी क्रम में, सर्वोच्च न्यायालय ने बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को



सुनवाई योग्य मानते हुए यह निर्णय लिया कि इस मामले को पीआईएल के रूप में नहीं, बल्कि रिट याचिका के रूप में सुना जाएगा. यह रिट याचिका झारखंड में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया को चुनौती देती है, जिस पर अब सर्वोच्च न्यायालय सीधे तौर तीन हफ्ते बाद विचार करेगा.



विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर के 17 साल पूरे

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 07

रांची, मंगलवार 19 अगस्त 2025 I भद्रपद कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 132 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मासूम आलम, डॉ शीला |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र |
| मनोरोग | - | डॉ संजय कुमार |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ रूमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | - | -- |

### गायनी इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ नीलम बाला |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ ईपिल टोपनो |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

## ब्रीफ खबरें

### निगम के कैंप में 52 दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस

**धनबाद।** ट्रेड लाइसेंस रिनुअल के लिए काफी दुकानदारों ने आवेदन किया लेकिन मकान मालिक भाड़ेदार विवाद , होल्डिंग नंबर की बाध्यता, भाड़ा रसीद और रैन हार्वेस्टिंग विवाद के कारण करीब करीब 100 से ज्यादा दुकानदारों का आवेदन पूरा नहीं किया जा सका.आज कुल 52 लोगों का नया एवं रिनुअल किया गया. कुल राशि लगभग 3 लाख का संग्रह हुआ. बैंक मोड़ चैम्बर ने यह माँग रखी कि ट्रेड लाइसेंस व्यापार की पहचान एवं सरकार द्वारा सत्यापन है जमीन दुकान का मालिकाना हक नहीं है1 इसलिए ट्रेड लाइसेंस में होल्डिंग की बाध्यता समाप्त होनी चाहिए,इसके लिए जमीन मकान मालिक को नोटिस कर कर संग्रह करना चाहिए.इससे सरकार को राजस्व एवं व्यापारी को सुगमता प्राप्त होगी. आयोजन में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सिटी मैनेजर विकास मंडल, अनिल चैंबर से अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव लोकेश अग्रवाल, सुशील नारनौली, निगम प्रभारी अमित जैन, संजय सरावगी, विकास पटवारी सहित कई दुकानदार शामिल थे.

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष साक्ष्य के अभाव में रिहा

**धनबाद।** 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे अजय दुबे के समर्थन में बरारी स्थित पोलिंग बूथ पर कब्जा करने और पुलिस अधिकारियों को धमकाने के मुकदमे में अदालत का सोमवार को फैसला आया. प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शाक्या कौशर की अदालत ने इस मामले के नामजद आरोपी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का निर्देश दिया है. सीआरपीएफ के जवान सुनिल कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पर वर्ष 2014 जोड़ापोखर थाने में प्राथमिक की दर्ज करवाई थी. जोड़ापोखर पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की फारच्यूनर गाड़ी भी जप्त कर ली थी.

### बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी बनाने को महाहस्ताक्षर अभियान

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने हेतु जारी महा हस्ताक्षर के प्रगति की समीक्षा बैठक वरिष्ठ विस्थापित नेता दिनेश झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में बोकारो के दस हज़ार लोगों के द्वारा इन माँगों को लेकर प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाले पोस्टकार्ड और दो लाख हस्ताक्षर की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई. बैठक में अभियान को और गति देने का निर्णय लिया गया. कुमार अमित ने कहा कि विस्तारीकरण बोकारो के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है. इसे प्रारंभ होने से बोकारो के हर वर्ग के विकास को गति मिलेगी. समाजसेवी धन्जय चौबे ने कहा कि बीजीएच यहाँ की लाइफ़ लाइन है. इसके सुपरस्पेशलिटी बनने से यहाँ के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी. विस्थापित संघर्ष मोर्चा के महासचिव अब्दुल रब अख़्तर एवं वरिष्ठ विस्थापित नेता शिव प्रसाद ने कहा कि विस्तारीकरण से विस्थापित युवाओं के समक्ष रोज़गार का अवसर मिलेगा.

**पहल : परेशान रैयतों के लिए उम्मीदों का उजाला है डीसी का आदेश**

# सीएनटी एक्ट की धारा 49 पर उपायुक्त के आदेश को सराहना

■ रैयतों को मिलेगी राहत

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) की धारा 49 के तहत भूमि हस्तांतरण के लिए जारी किए गए नए आदेश को राजनीतिक हलकों से सराहना मिल रही है. इस आदेश में खनन, प्रौद्योगिकी या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उद्देश्यों के लिए सभी अधिभोगी रैयतों (अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सामान्य समुदाय सहित) को उपायुक्त की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है. यह आदेश पूर्व के 2014 के आदेश को संशोधित करता है और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास है.

### रैयतों के लिए सुरक्षा कवच का काम करेगा : राज सिन्हा




धनबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक राज सिन्हा ने उपायुक्त के इस आदेश को जिला प्रशासन की ओर से उठाया गया एक सराहनीय कदम करार दिया. उन्होंने कहा कि इस नए नियम के लागू होने से जिला प्रशासन के पास खनन क्षेत्रों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध रहेगा, जिससे भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी.

### रैयतों के हित में मील का पत्थर साबित होगा : अमितेश सहाय



जेएमएम के वरिष्ठ नेता और जिला परिषद (जीटा) के अध्यक्ष अमितेश सहाय ने भी इस आदेश की प्रशंसा की और इसे रैयतों के हितों की रक्षा करने वाला बड़ा कदम बताया. उन्होंने कहा कि उपायुक्त का यह आदेश रैयतों के हित में मील का पत्थर साबित होगा. अब सभी रैयतों को जिससे उन्हें उचित मुआवजा और नियोजन (रोजगार) मिलने की गारंटी होगी.

### रैयतों को न्याय दिलाने की बात करने वाले हो जाते हैं धनाढ्य : विजय झा



उपायुक्त के आदेश के बाद जिले के रैयतों को अब न्याय मिलने की उम्मीद जागी है. बीसीसीएल ने सैकड़ों रैयतों के साथ छल किया है और उनकी जमीन लेकर उन्हें न मुआवजा दिया न ही नियोजन दिया. इसके साथ ही रैयतों को न्याय दिलाने की बात करने वाले धनाढ्य हो जाते हैं लेकिन रैयतों को कुछ नहीं मिलता.

# नया श्यामबाजार शबरी बस्ती में भू-धंसान, मकान जमींदोज

## जगह-जगह जमीन पर दरारें, पूरे इलाके में मचा हड़कंप

■ बीसीसीएल आवास मुहैया कराए : विधायक शत्रुघ्न

शुभम संदेश। कतरास



जोगता थाना क्षेत्र में सोमवार को नया श्यामबाजार शबरी बस्ती में भू-धंसान से इलाके में लोगों की चीख-पुकार और अफतरा-तफरी का माहौल रहा. यहां जोरदार के आवाज के साथ एक मकान देखते ही देखते पूरी तरह जमींदोज हो गया. गनीमत रही कि भू-धंसान के ठीक पहले जोरदारआवाज और कंपन के बाद घर के सदस्य जैसे तैसे गिरते पड़ते घर से बाहर से भाग निकले थे. हादसे में किसी तरह अपनी उनकी जान तो बच गई लेकिन पूरा मकान जमीन में समा गया. घर से भागने के दौरान घर वालों को आंशिक चोटें भी आई हैं.वही भू-धंसान की वजह से इलाके में कई जगहों पर जमीन फट गई और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जता रहे थे.

जो मकान जमींदोज हुआ है, वह कल्याणी देवी नामक महिला का है. उन्होंने बताया कि "तेज धमाके के साथ पूरा घर धंस गया. हम उसके ठीक पहले घर छोड़कर बाहर भागे. घर में रखा अनाज, कपड़े और



सारा सामान मलबे में दब गया. अब खाने-पहनने के लिए कुछ नहीं बचा है. उन्होंने प्रशासन और बीसीसीएल से घर, बच्चों के लिए खाने-पीने की सामग्री और मुआवजे की मांग की. पीड़ित परिवार का कहना है कि ब्याज पर पैसे लेकर घर बनाया गया था, जो अब जमीन में समा



गया है.स्थानीय निवासी इंद्रदेव भुइयां ने कहा कि इस घटना के लिए बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन दोनों जिम्मेदार हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बाद भी प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता.घटना की जानकारी मिलने पर बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन मीडिया के सवालों पर उन्होंने प्रतिक्रिया देने से इनकार किया और नाराज हो गए. धनबाद कोयलांचल के बड़े इलाके में पिछले सात दशकों से भूमिगत आग लगातार धधक रही है. हर साल भू-धंसान की दर्जनों घटनाएं होती हैं और ऐसे हादसों के बीच लाखों की आबादी जोखिम उठाकर यहां रह रही है. इधर घटना की खबर पाकर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पहुंचे, यहां का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव मदद का अश्वासन दिया. साथ ही उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधक से फोन पर बात कर तत्काल भुक्तभोगी परिवार को आवास मुहैया करने की बात कही.

# 90 दिन बाद भी चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई एसीबी

## आईएएस विनय चौबे की जमानत का रास्ता साफ



शुभम संदेश। रांची

राज्य में 38 करोड़ के शराब घोटाला मामले में 20 मई को गिरफ्तार झारखंड के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे सहित सभी अन्य आरोपितों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 90 दिन पूरे होने के बावजूद चार्जशीट दाखिल नहीं की। ऐसा तभी होता है, जब जांच एजेंसी के पास गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य नहीं होते हैं। सोमवार को विनय कुमार चौबे की गिरफ्तारी के 90 दिन पूरे हुए थे।

एसीबी की ओर से रांची स्थित एसीबी की विशेष अदालत से चार्जशीट के लिए अतिरिक्त समय भी नहीं मांगा गया है। इन सभी बिंदुओं पर कुछ भी बोलने से एसीबी के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।

अब ससमय चार्जशीट दाखिल नहीं करने का लाभ निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे को मिल सकता है। वे जमानत पर बाहर आ सकते हैं और फिर अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दे सकते हैं। किसी भी गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध पुलिस तभी चार्जशीट नहीं करती है, जब उसके पास उस आरोपित के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य न हों। हो सकता है, एसीबी गिरफ्तारी के बाद उनके विरुद्ध साक्ष्य जुटाने में सफल नहीं हो सकी हो, जिसके चलते ससमय चार्जशीट नहीं कर सकी। हालांकि, एसीबी के अधिकारिक सूत्रों की मानें तो जांच एजेंसी ने मंत्रिमंडल निगरानी एवं सचिवालय विभाग से निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति के लिए अनुमति मांगी थी। अनुमति नहीं मिलने के चलते उनके विरुद्ध चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी। अमूमन अभियोजन की स्वीकृति चार्जशीट के बाद भी मांगी जाती है। एसीबी ने चार्जशीट के पूर्व अभियोजन स्वीकृति की मांग क्यों की, यह भी गिरफ्तारी व जांच की प्रक्रिया पर पर संदेह पैदा करता है।

# लापरवाही : दो दिनों तक विद्यालय में लहराता रहा तिरंगा

शुभम संदेश। गोड्डा

स्वतंत्रता दिवस के दिन विद्यालय में फहराया गया तिरंगा दो दिनों तक लहराता ही रहा. तीसरे दिन जब विद्यालय खुला तब झंडे पर नजर पड़ी और तिरंगे को नीचे उतारा गया. मामला बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़ा अमरपुर पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित विद्यालय ग्राम भगवानपुर का है. ग्रामीणों के अनुसार इस विद्यालय में पंद्रह अगस्त के दिन शुक्रवार को विद्यालय के प्रधान शिक्षक और अन्य सहकर्मी विद्यालय आकर झंडा फहराए और कुछ देर रहने के बाद विद्यालय में ताला बंद कर चले गए तो फिर शाम में भी नहीं आए. विद्यालय में झंडा इसी प्रकार रात दिन झूलता



रहा. सोमवार को जब सभी स्कूल पहुंचे तब झंडे पर नजर पड़ी और भूल का अहसास हुआ. आनन-फानन में तिरंगे को नीचे उतारा गया. पूरा मामला राष्ट्रीय ध्वज संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है. शिक्षकों की लापरवाही पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है.

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 40 छात्राएं फूड पॉइजनिंग से बीमार

**मेदिनीनगर।** पलामू के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग से 40 छात्राएं बीमार हो गईं. बीमरा छात्राओं को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जबकि छह गंभीर छात्राओं को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है. चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्राओं की हालत अब स्थिर है. मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात स्कूल की छात्राओं ने पूड़ी और सब्जी खाई थी.

**धनबाद, उड़ीसा में बैंक डकैती को दिया था अंजाम**

# अपराधी संजय का एनकाउंटर

■ पैर में लगी गोली, चल रहा इलाज

शुभम संदेश। पटना

धनबाद, उड़ीसा में बैंक डकैती को अंजाम देने वाले कुख्यात अपराधी का पटना में एनकाउंटर हो गया. घटना रविवार देर रात की है. पटना में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सुपारी लिया था. हत्या, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के कई मामले वांछित अपराधी विजय सहनी को दो गोली लगी है. जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है, जहां वह इलाजरत है.

पटना एसएसपी कार्तिकेय के० शर्मा ने बताया कि विजय सहनी के सक्रिय होने और एक बड़ी आपराधिक घटना कारित करने की योजना बनाने की सूचना मिली थी. सूचना पर एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम छापामारी कर रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के आशोचक से कुख्यात अपराधी विजय सहनी को एसटीएफ के सहयोग से गिरफ्तार किया गया. पूछ-ताछ में आरोपी ने करीब 20 से अधिक मामलों में एवं हाल ही में झारखण्ड के धनबाद एवं उड़ीसा में हुई बैंक डकैती में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया. वही छिपा कर रखे गए हथियारों की बरामदगी के लिए आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान गोलंबर के पास रेलवे लाइन के किनारे पहुंची, जहां से एक बोरे में छिपा कर रखा गया हथियार जब्त किया जा रहा था. इसी क्रम में आरोपी छिपाकर रखे गए हथियर से पुलिस पर फायरिंग की गयी. पुलिस जवाबी कार्रवाई में नियंत्रित रूप से फायरिंग की गई जिसमे 2 गोली अपराधी विजय सहनी के पैर में लगी है.

**सावधानी** शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण, कला केंद्र भवन का उद्घाटन

# पोखरिया शिबू आश्रम में दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि

■ भोज में पहुंचे झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और मंत्री योगेंद्र कुमार

शुभम संदेश। टुंडी

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा टुंडी के पोखरिया स्थित शिबू आश्रम में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह महाभोज में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र कुमार महतो एवं झारखंड सरकार के मद्द निषेद एवं उत्पात विभाग के मंत्री योगेंद्र कुमार ने हिस्सा लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए श्रद्धांजलि सभा के बाद सर्वप्रथम दिशोम गुरु शिबु सोरेन आदमकद प्रतिमा का आवरण किया. साथ ही शिबू आश्रम में भवन प्रमंडल द्वारा निर्मित आदिवासी कला केंद्र भवन का उद्घाटन किया गया. इसके अलावे आश्रम के पास पौधरोपण भी किया गया.

(शेष पेज - 11 पर)





### शिबू के श्राद्ध में उमड़ी भीड़, दी श्रद्धांजलि

गोविंदपुर। गोविंदपुर प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सोमवार को जंगलपुर फुटबॉल मैदान में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्ध कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी एवं संचालन प्रखंड सचिव मंजूड़ा मरांडी ने किया. बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और श्राद्ध में भोजन किया.

(शेष पेज - 11 पर)

### डीसी-एसएसपी ने दी दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सोमवार को टुंडी के पोखरिया में मनियाडीह स्थित शिबू सोरेन आश्रम में विधायक टुंडी सह शिबू सोरेन आश्रम के संरक्षक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्होंने आश्रम का भ्रमण किया. दिशोम गुरु के कमरे का अवलोकन किया. तत्पश्चात उन्होंने आश्रम के प्रांगण में पौधारोपण किया. श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन भारत की आदिवासी चेतना के महानायक थे. उनका संघर्ष, बलिदान व नेतृत्व सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा. वे झारखंड की माटी के कण-कण में जीवित रहेंगे.

**सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग करेगा जांच

■ एसपी, डीसी समेत अन्य अधिकारियों को जारी किया नोटिस

**गोड्डा(शुभम संदेश)।** ललमटिया के जंगलों में कुख्यात अपराधी बताकर जेकेएलएम नेता सूर्य नारायण हांसदा का गोड्डा पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर की गूंज अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है. इस चर्चित मामले की जांच अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) द्वारा की जाएगी. यह निर्णय राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश द्वारा आयोग को लिखे गए पत्र के बाद लिया गया है. आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड सरकार के चार वरिष्ठ अधिकारियों—गोड्डा के पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त, राज्य पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है. आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 338(क) के तहत मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिकारियों से घटना की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के भीतर मांगी है. यह जानकारी आयोग के उप सचिव योगेंद्र पी. यादव द्वारा जारी नोटिस में दी गई है. आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं दिया गया, तो आयोग सिविल न्यायालय जैसी प्रक्रिया आरंभ कर सकता है. इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है.

## उपायुक्त ने 25 किसानों को कानपुर के अनुसंधान केंद्र में प्रशिक्षण की मंजूरी दी

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा व पोषण मिशन के अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा व पोषण मिशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से 25 किसानों के दल को अंतर-राज्यीय कृषक प्रशिक्षण के लिए भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर, उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण की स्वीकृति दी गई। साथ ही, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए केंद्रीय टसर रेशम अनुसंधान केंद्र, नगड़ी, रांची में प्रशिक्षण की मंजूरी प्रदान की गई।इसके अतिरिक्त, ए.टी.आई.सी. केंद्र के सुदृढ़ीकरण और आत्मा के रिक्त पदों को भरने के लिए रोस्टर क्लीयरेंस सहित प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा व पोषण मिशन के अंतर्गत दलहन, तिलहन, धान, मोटे अनाज, न्यूट्री सीरियल, कोर्स सीरियल, टरफा-दलहन, तिलहन, और ऑइल सीड्स से संबंधित किसानोपयोगी योजनाओं के कार्यान्वयन को भी मंजूरी दी गई।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा), वरीय वैज्ञानिक (केवीके), जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड), अग्रणी बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, और शासकीय निकाय के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में घायल सीआरपीएफ जवान की मौत

### 64 बटालियन सीआरपीएफ में थे तैनात, उड़ीसा में थी पोस्टिंग, छुट्टी पर पहुंचे थे आवास लोदना

शुभम संदेश। झरिया



12 अगस्त को बलियापुर (धनबाद) में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सीआरपीएफ जवान दिलीप कुमार पासवान ने इलाज के दौरान शनिवार रात अंतिम सांस ली. वे 64 बटालियन सीआरपीएफ में तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग उड़ीसा में थी. दिलीप पासवान छुट्टी पर अपने निजी आवास लोदना (धनबाद) आए हुए थे. छुट्टी के दौरान ही बलियापुर में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए. हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत झरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन स्थिति लगातार नाजुक बनी रही और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया.दिलीप पासवान की मृत्यु की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं लोदना की पूरी बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई है. मोहल्ले के लोग और जान-पहचान के लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंच कर संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं. पोस्टमार्टम के बाद दिलीप का पार्थिव शरीर उनके आवास पर लाया जाएगा, जहां अंतिम दर्शन के लिए जनसमूह उमड़ने की संभावना है. इसके बाद उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी. सीआरपीएफ और स्थानीय प्रशासन की ओर से जवान के निधन पर शोक व्यक्त किया गया है. विभागीय अधिकारियों ने बताया कि दिलीप एक कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित जवान थे, जिन्होंने हमेशा देश सेवा को प्राथमिकता दी.

## न्यूज अपडेट

### वरिष्ठ पत्रकार स्व. रामजी यादव को श्रद्धांजलि



**धनबाद (शुभम संदेश)।** धनबाद के टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व. राम जी यादव की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई. आपको बता दें कि स्वर्गीय राम जी यादव के 11वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके पुत्र रोहित आर्यन भाई सुरेंद्र यादव विजय सिन्हा, दीपक प्रामाणिक, अकास तिवारी आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा सहित आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल बुजुर्ग लोगों ने उनके प्रतिमा पर माला पहनाकर एव फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी.बता दें कि रामजी यादव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं. रामजी यादव का सपना था कि धनबाद जिला में एक वृद्धाश्रम की स्थापना की जाए. लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम की स्थापना 2006 में तीन दोस्तों ने मिलकर की थी. स्व रामजी यादव, स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं नौशाद गद्दी थे. आज स्वर्गीय राम जी यादव और मनोरंजन सिंह इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके सपनों को साकार करने में उनके दोस्त एवं लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, प्रशांत वर्मा,सुधीर वर्णवाल , आकाश तिवारी, सुबल सिंह सहित आश्रम के सभी सदस्य गण लगे हुए हैं. इन लोगों का मानना है कि स्व रामजी यादव एवं स्व मनोरंजन सिंह को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि हमारी यह होगी कि आश्रम इसी तरह चलता रहे और आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य बुजुर्गो की सेवा हमेशा हम सभी मिल कर करते रहें.रामजी यादव आज का सच न्यूज़ के मैनेजिंग डायरेक्टर भी थे.

### कपुरिया में मंशु महतो की मनाई गई जयंती



**महुदा (शुभम संदेश)।** कपुरिया चौक के समीप स्थित झारखंड आंदोलन के सक्रिय झामुमो नेता मंशु प्रसाद महतो के प्रतिमा स्थल पर सोमवार को उनकी 78 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी. समारोह में समाज के प्रबुद्ध लोगों एवं समाजसेवियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की. लोगों ने उनके संघर्ष एवं योगदानों को याद किया. कहा कि शिक्षक की नौकरी छोड़ कर वे झारखंड आंदोलन में कूद पड़े थे तथा अलग राज्य बनाने के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई. वे शोषित, पीड़ित, मजदूर एवं किसानों के लिए आवाज उठाने में हमेशा आगे रहे. उन्होंने झामुमो की टिकट पर बाघमारा विधान सभा का चुनाव भी लड़ा था. समारोह में मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार महतो, सोहराय महतो, बहादुर महतो, ठाकुर प्रसाद महतो, तिलकेश्वर महतो, गणेश महतो, हराधन महतो, किष्टो उरांव, फूलचंद महतो, पवन महतो, सदानंद महतो, सुरेश कुमार रजक, संतोष गोप, राकेश महतो, सुधाकर महतो, हाजर महतो, सुनील महतो, मनोज महतो एवं परिवार के लोग उपस्थित थे.

### बीआईटी सिंदरी में एआईसीटीई प्रायोजित संकाय विकास कार्यक्रम



**धनबाद (शुभम संदेश)।** बीआईटी सिंदरी, धनबाद ने 18 अगस्त को "मेटल एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एंड इंडस्ट्री 4.0: टूल्स, टेक्निक्स एंड प्रॉपर्टीज़" विषय पर एआईसीटीई टीचिंग एंड लर्निंग (ATAL) अकादमी प्रायोजित संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) का उद्घाटन किया. यह कार्यक्रम यांत्रिक इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित और होस्ट किया जा रहा है, जिसमें झारखंड और भारत के लगभग 50 प्रतिभागी शामिल हैं. कार्यक्रम का उद्देश्य मेटल एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और उन्नत वेल्डिंग तकनीकों के बारे में संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों को शिक्षित करना है. यह कार्यक्रम 23 अगस्त तक चलेगा. उद्घाटन समारोह में निदेशक डॉ. पंकज राय ने विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह FDP तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्ति की दिशा में बीआईटी सिंदरी का महत्वपूर्ण प्रयास है. उन्होंने प्रतिभागियों को इस ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुँचाने हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. विजय पांडेय और टाटा मोटर्स के श्री राजीव रंजन भी उपस्थित थे. पहले दिन डॉ. बिपिन बी. शरण (टाटा मोटर्स) और डॉ. आलोक कुमार दास (IIT ISM, धनबाद) ने उन्नत वेल्डिंग प्रक्रिया और मेटल एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. आगामी दिनों में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ इस FDP में तकनीकी विचार प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम का समन्वय डॉ. चैतन्य शर्मा और डॉ. ओम प्रकाश कर रहे हैं, जबकि आयोजन सचिव डॉ. दिनेश कुमार एवं प्रो. संजय ओरांव हैं. समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी समुदायों के जीवन में लाएगा व्यापक परिवर्तन : उपायुक्त

**धनबाद (शुभम संदेश)।** आदि कर्मयोगी अभियान के रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से होटल ग्रैंड मिराज में शुरू हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इस प्रशिक्षण से राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वन के लिए नेतृत्व मिलेगा. केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाएं और सभी शिकायत की संतृप्ति होगी. जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को प्राप्त होगा. यह कार्यक्रम आदिवासी समुदायों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाएगा. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने सर्वाधिक प्रयास से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करें. योजनाओं में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करें. इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्रालय के उप सचिव अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है. जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि हर आदिवासी परिवार तक गरिमा और शीघ्रता से सेवाएं पहुंचे. इस मिशन का केंद्रबिंदु जनता है. इस महान प्रयास के क्रियान्वयन में जनजातीय कार्य मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरामजी, राज्य मंत्री दुर्गादास उइकेजी के मार्गदर्शन और जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रतिभाशाली सचिव विभु नायरजी के नेतृत्व में यह अभियान स्पष्टता और तत्परता के साथ आगे बढ़ रहा है.आदि कर्मयोगी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह 550 से ज़्यादा जिलों के 1 लाख आदिवासी बहुल गांवों में 20 लाख प्रशिक्षित परिवर्तन नेतृत्वकर्ता का एक केडर तैयार करने का एक मिशन-संचालित प्रयास है ताकि समाज के अंतिम छोर तक पहुंचना एक सामान्य कार्य बन जाए. उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तीन सरल स्तंभों पर टिका है. आदि कर्मयोगी (राज्य, ज़िला, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर सरकारी अधिकारी), आदि सहयोगी (युवा नेता, शिक्षक, डॉक्टर, सेवा प्रदाता) तथा आदि साथी (स्वयं सहायता समूह के सदस्य, आदिवासी बुजुर्ग, स्वयंसेवक)। ये सभी स्थानीय समाधानों और तेज़ परिणामों के लिए मिलकर काम करते हैं.

**आदिवासी परिवारों तक गरिमा और शीघ्रता से सेवाएं पहुंचाना उद्देश्य : उपसचिव**

## ब्रीफ खबरें

### आउट सोर्सिंग परियोजना विस्तार का विरोध

**कतरास।** बीसीसीएल महेशपुर कोलियरी क्षेत्र की सिनीडीह पंचायत के प्रभावित परिवारों ने श्री इंफ्रा आउटसोर्सिंग परियोजना विस्तार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. प्रभावित लोगों ने पंचायत मुखिया सुमन देवी के नेतृत्व में सोमवार को बैठक कर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया.
सुमन देवी ने बताया कि लगभग 20 वर्षों से प्रभावित लोग लोकल सेल में गाड़ी लोडिंग एवं दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं. अब प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है, जो गरीब मजदूरों के जीवन व अधिकारों पर सीधा प्रहार है. प्रभावित परिवारों की जायज मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो आवास खाली व आउटसोर्सिंग का कार्य भी नहीं चलने दिया जायेगा. मौके पर गीता देवी, कौशल्या देवी, रजनी देवी, चिंता देवी, रूबी देवी, बेली देवी, शोभा देवी, इन्दु देवी, अंजली देवी, बिट्टू चौहान, शंभु कुमार, मंगल भुइयां, समरू भुइयां, श्रवण चौहान आदि थे.

### आदर्श नगरी में चोरी के खिलाफ होगी पहरेदारी

**कतरास।** टाटा आदर्श नगरी श्रमिक कॉलोनी में चोरी की घटना से परेशान टाटा स्टील कर्मी व स्थानीय लोगों ने बैठक की. बैठक में चोरों से निबटने व घटना की रोकथाम को लेकर चर्चा हुई. बैठक में सर्वसम्मति से कॉलोनी में पहरेहारी शुरू करने, अवांछित लोगों की पहचान करने के लिए निजी खर्च से सीसीटीवी कैमरा लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये. मौके पर पूर्व मुखिया सीताराम भुइयां, टाटा डीएवी के शिक्षक एके सिंह, यूनियन नेता पंचम सिंह, कांग्रेस नेता अनवर हुसैन, विजय कुमार, बुंदेला प्रसाद, रंजन कुमार, विनोद विश्वकर्मा, चंद्रदीप प्रसाद आदि मौजूद थे.

## नाबालिग से दुष्कर्म में सजायाफ्ता कैदी ने जेल में लगाई फांसी

### आधा दर्जन मुकदमों में आरोपी रहा है जितेंद्र, दुष्कर्म और मारपीट के मामले में हो चुकी है सजा









- एसएनएमएमसीएच में चल रहा इलाज, डाक्टरों ने कहा-हालत नाजुक

शुभम संदेश। धनबाद

नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में सजायाफ्ता कैदी सह केंदुआडीह निवासी जितेंद्र रवानी ने धनबाद जेल में रविवार की रात फांसी लगा ली. हालांकि फंदे से लटक कर उसकी मौत हो, इससे पूर्व ही उसे देख लिया गया और आनन-फानन में रात में ही उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में लाकर भर्ती करा दिया गया. फिलहाल उसका इलाज जारी है, डाक्टरों की मानें तो उसकी हालक काफी गंभीर बनी हुई है. जितेंद्र रवानी को कोर्ट ने 17 मार्च को 22 साल कैद की सजा सुनाई थी, जबकि मारपीट के एक मामले में भी उसे एक साल की सजा हुई है. इसके अलावा मारपीट और चोरी के चार मुकदमे लंबित हैं. बताया जा रह है कि रविवार की रात जब जितेंद्र काफी देर तक शौचालय से नहीं लौटा तो उसके वार्ड के साथियों ने मामले की खबर दफादार को दी. दफादार की सूचना पर जेल प्रशासन हरकत में आया और उसकी खोजबीन शुरू की गई. बाद में उसे शौचालय में फंदे से लटके हुए पाया गया. तब जेल प्रशासन ने उसे तत्काल उठाकर एसएनएमएमसीएच में लाकर भर्ती करा दिया.

**प्रेम विवाह कर चुका था बेटा, फिर मिली 22 साल की कैद :** मां ने बताया कि उसे इंसाफ नहीं मिल पाया. उसने एक लड़की से प्रेम किया था, दोनों ने शादी भी कर ली थी. लड़की के घर वालों के डर से वो भागता रहा. बाद में लड़की मुकर गई, उन्होंने ये भी बताया कि लड़की तीन माह के गर्भ से भी थी. जितेंद्र के प्रेम विवाह को घरवालों ने कबूल कर लिया था, लेकिन लड़की के घर वालों ने मुकदमा कर रखा था. इसी मुकदमे में लड़की ने भी उसका साथ छोड़ दिया और उसके खिलाफ ही कोर्ट में बयान भी दे दी. इसी कारण से उसे सजा हुई और वो सतजा के बाद टूट गया था. 7 अगस्त 25 को जितेंद्र की माँ और उसकी बहन ने धनबाद जेल में उससे मुलाकात की थी. मुलाकात के दौरान जितेंद्र असहज दिख रहा था. वो काफी दुखी भी था, उसकी माँ ने बताया की उसने जितेंद्र को काफी समझाया बुझाया भी था कि उसकी ओर से उच्च न्यायालय में सजा के खिलाफ अपील दायर कर दी है. लेकिन दस दिनों बाद उसने गलत कदम उठा लिया.

**हथेली पर लिखकर फंदे से झूला :** जितेंद्र रवानी ने फंदे से झूलने से पहले एक कलम से अपनी हथेली पर कुछ बातें भी लिख रखी थी. इसमें उसने अपनी प्रेमिका को आई लव यू लिखा है और केस में फंसाने की बात भी लिखी है, वहीं एक अन्य नाम लिखकर कहा है कि उसने बहुत गलम किया है उसे तो कभी भगवान भी माफ नहीं करेंगे.

**इस मामले में हुई थी 22 साल की सजा :** महुदा थाने में 26 अक्टूबर 2024 को उक्त मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. जिसमें कहा गया था कि 25 अक्टूबर को जितेंद्र बाइक पर सवार होकर पीड़िता के घर पहुंचा था और पिस्टल दिखाते हुए पीड़िता को बाइक पर बिठाकर ले गया. फिर जान मारने की डर दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने बयान दिया था कि जितेंद्र उसे बाइक में बिठाकर महुदा स्टेशन ले गया था, जहां सुनसान झाड़ी में ले जाकर उसके साथ गलत किया. वहां से कार में बिठाकर मालकेरा ले गया, मालकेरा से सिनीडीह ले जाकर एक कमरे में रखा, वहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया. फिर उसे पुलिस के डर से एक होटल में लेकर गया था, वहां जबरन मांग में सिंदूर डाल दिया, फिर बिरसा मुंडा पार्क ले गया, वहां कई दोस्तों के साथ उसने मिलकर एक वीडियो बनाया, जिसमें पीड़िता से बुलवाया कि उसने अपनी अपनी मर्जी से शादी की है. बिरसा मुंडा पार्क से ही लड़की बरामद हुई थी और जितेंद्र फरार हो गया था. इधर कोर्ट ने आठ गवाहों के परीक्षण के बाद आरोपी के खिलाफ 22 साल की सजा सुनाई थी.

## दिल्ली में कतरास के कवि सचिन ने बिखेरा जलवा, गौरव सम्मान



शुभम संदेश। कतरास

अखिल भारतीय ग्रामीण साहित्य मंच द्वारा दिल्ली के नागलोई में आयोजित जश्न-ए-काव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में झारखंड कतरास के उभरते कवि सचिन सिन्हा को गौरव जलवा सम्मान से नवाजते हुए उन्हें अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया. यह सम्मान उन्हें आयोजनकर्ता रंजन शर्मा, काव्या पटेल, अंकुर अग्रवाल, कृष्णा बघेल आदि ने संयुक्त रूप से दिया गया है. बता दें कि यह भव्य कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ग्रामीण साहित्य मंच के कवि रंजन शर्मा एवं कवित्री काव्य पटेल के द्वारा 17 अगस्त 2025 को दिल्ली के नागलोई में किया गया. जिसमें झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से 100 से अधिक प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. सचिन ने अपने कविता हिंदुस्तान विषय पर कविता सुनाई. जिसमें उन्होंने रत्नगर्भा भारत भूमि से पैदा हुए महापुरुषों को याद करते हुए 1 सौ महापुरुषों के नाम की मोतियों को कविता रूपी माला में पिरोया, जिसे सुन सभी श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए.

## कृष्ण-राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने मोहा मन

शुभम संदेश। झरिया





मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित कृष्ण-राधा बाल रूप सज्जा वीडियो प्रतियोगिता भक्ति और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुई. प्रतियोगिता में कुल 58 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर भक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं. बच्चों की रचनात्मकता और संस्कृति के प्रति भावनात्मक लगाव ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया. आकर्षक वेशभूषा, भाव-भंगिमाएँ और भक्ति संगीत से सजी वीडियो रीलों ने कृष्ण-राधा के जीवंत स्वरूप का अनुभव कराया. प्रतियोगिता का मूल्यांकन श्री दीपक मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, किरोरीमल कॉलेज, दिल्ली द्वारा किया गया. उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा समाज की सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित कर रहा है. इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ बच्चों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें भारतीय संस्कृति की गहरी समझ भी विकसित करते हैं. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, कार्यक्रम संयोजक गौतम अग्रवाल ने बताया कि बच्चों की भागीदारी उत्साहजनक रही. सभी को ई-सर्टिफिकेट और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. प्रगतियोगिता में प्रथम स्थान पर अन्वित जालुका (1 वर्ष), द्वितीय स्थान पर वेदांश अग्रवाल (2 वर्ष 8 माह) और तृतीय स्थान पर आन्या जालान (6 वर्ष) रहे.

## चिरकुंडा में निशान यात्रा, प्रभु श्याम के जयकारों से गूंजा इलाका

शुभम संदेश। चिरकुंडा।





चिरकुंडा से एक ऐतिहासिक और भव्य निशान यात्रा निकाली गई है, जिसने पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया. 400 साल पुराने सूरजगढ़ के निशान के साथ यह यात्रा मैथन संजय चौक स्थित श्री श्याम बालाजी धाम तक पहुंची. सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए. सोमवार की सुबह चिरकुंडा ठाकुर बाड़ी से गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई. इस ऐतिहासिक यात्रा में 401 श्रद्धालुओं ने निशान उठाया, जबकि कई महिला श्रद्धालु सिर पर सिगड़ी लेकर आगे-आगे चल रही थीं. यात्रा के दौरान पूरे इलाके में "जय श्री श्याम, हारे के सहारे की जय, शीश के दानी की जय जैसे जयघोष गूंजते रहे. इस ऐतिहासिक यात्रा में 401 श्रद्धालुओं ने निशान उठाया, जबकि कई महिला श्रद्धालु सिर पर सिगड़ी लेकर आगे-आगे चल रही थीं. आयोजन समिति के अनुसार, यह सूरजगढ़ का वही प्राचीन निशान है जो पिछले 400 वर्षों से बाबा श्याम के मंदिर के शिखर पर विराजमान है.आज इसी पवित्र निशान को मैथन संजय चौक स्थित श्री श्याम एवं बालाजी धाम मंदिर के शिखर पर स्थापित किया जा रहा है.यात्रा के मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं ने चाय-नाश्ते की व्यवस्था की थी. आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर 16 अगस्त से मंदिर प्रांगण में विशेष धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनका समापन 21 अगस्त को भव्य महा भंडारे के साथ होगा. इस भव्य यात्रा में धनबाद जिला ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. आयोजन की सफलता में सूर्योदय सेवा समिति चिरकुंडा, श्री श्याम दीवाने एग्यारकुंड और कई श्याम प्रेमियों का अहम योगदान रहा. यह ऐतिहासिक निशान यात्रा, जो भक्ति, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम है. बाबा श्याम के जयकारों से गुंजता यह माहौल श्रद्धालुओं के मन को गहराई से छू गया.

# स्कूलों से सोलर प्लेट चोरी करने वाले 9 सदस्य गिरफ्तार

**◆ एसपी की सख्ती के बाद पुलिस हुई रेस ◆ स्कूलों से चोरी गए सोलर प्लेट के साथ कंप्यूटर सामग्री भी बरामद**

शुभम संदेश। दुमका

दुमका जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से सौलर-प्लेट की स्कूलों से चोरी हो रही थी. इस तरह की चोरी की घटना की गम्भीरता से लेते हुए एसपी दुमका ने सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए थे. सौलर-प्लेट स्कूलों से चोरी मामले का शीघ्र उद्भेदन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. विजय कुमार महतो एसडीओ सदर दुमका के नेतृत्व में अलग- अलग टीम बनाकर लगातार छापामारी की जा रही थी. इसी क्रम में 17 अगस्त को जामा थाना क्षेत्रन्तर्गत एक अल्टो कार में 6 लोगों को संदिग्ध स्थिति में निश्चितपुर मोड़ के पास रोका गया. पूछताछ में विक्रम मंडल पिता- काजल मंडल ग्राम- लताबर थाना- मसलिया वर्तमान ग्राम- मुडाबहाल (मामा



घर) थाना- मुफ्फसील, निवारण कुमार वैश्च पिता- विनबंधु वैध ग्राम- केशीयाबहाल थाना- मुफस्सील, बिमल कुमार माँझी पिता- अरुण माँझी ग्राम- लताबर थाना मसलिया, मौ० सिराज मिर पिता- मो० सज्जाद मिर ग्राम-कुमडाबाद थाना- मुफ्फसील, राजेश हाँसदा उम्र करीब 28 वर्ष पिता विभिषण हाँसदा ग्राम- सिरवाडीह थाना- शिकारीपाड़ा जिला- दुमका, स्टेफन हाँसदा पे०- विदेशी हॉसदा, सा०- सिरुवाडीह, थानाः शिकारीपाड़ा, जिला- दुमका बताया. सभी ने अपने अपराध स्वीकार किए. सभी ने सौलर-प्लेट की रैकी करने के लिए निश्चितपुर के पास आये थे तथा यह भी स्वीकार किया गया कि उनके द्वारा दुमका जिला अन्तर्गत कई जगह सौलर प्लेट की चोरी तथा स्कूलों में चोरी की गयी है. दुसरी टीम ने शिकारीपाडा थाना क्षेत्रन्तर्गत में संदिग्ध स्थिति में विनोद राय पिता स्वा० शंकर राय ग्राम सिरवाडीह थाना- शिकारीपाड़ा, इमान हेम्ब्रम पिता- लुखु हेम्ब्रम ग्राम- सिरवाडीह थाना- शिकारीपाड़ा, काजल मरांडी पिता- बाबुलाल मरांडी ग्राम- सिरवाडीह थाना- शिकारीपाड़ा को पकड़ा गया है.इन सभी ने भी अपना अपराध स्वीकार किया. उक्त सभी अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति ब्यान एवं निशानदेही के आधार पर लंबाई 6x3 फीट का सौलर-प्लेट-24 पीस एवं स्कूलों से चोरी की गयी कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है. सभी 9 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

# बुलेट और होंडा शाइन के बीच जबरदस्त टक्कर, 3 रेफर

**तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार गेट की घटना**

तिसरी(शुभम संदेश)।

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार गेट के सामने सोमवार को दो बाइको के बीच आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई. जिसमें दोनों बाईक पर सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार गांवा थाना क्षेत्र के सांख निवासी भागीरथ राउत के पुत्र मन्नू राउत अपनी पत्नी विनीता यादव और साली ललिता कुमारी के साथ बाईक से तिसरी के बैंक ऑफ़ इंडिया जा रहे थे. वहीं तिसरी निवासी कारू बर्णवाल का पुत्र नीरज बरनवाल खिजुरी में स्कूल संचालन



कर बुलेट बाईक से अपने घर लौट रहा था. इसी क्रम में बाज़ार गेट के सामने दोनों बाइको के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. घटना में मन्नू राउत और उनकी साली ललिता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं उनकी पत्नी विनीता राउत बेहोश हो गई थी. दूसरे बाईक पर सवार नीरज बरनवाल को भी चोटें आई है. घटना के बाद भारी भीड़ जुट गई. तिसरी थाना के पुलिसकर्मी राहुल यादव, स्वास्थ्यकर्मी प्रशांत कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को पुलिस की गाड़ी से अस्पताल लाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हाइयर सेंटर रेफर कर दिया गया.

## झारखंड कॉलेज में पैरेंट टीचर मीटिंग

**डुमरी(शुभम संदेश)।** झारखंड कॉलेज में प्राचार्य डा सुजीत कुमार माथुर, प्रो राजेश प्रसाद,प्रो उमाशंकर राय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. संचालन एनसीसी के सीनियर अण्डर आफिसर सैम सिन्हा ने किया. कार्यक्रम में सभी विषयों के नव नामांकित छात्र छात्राएं,एनसीसी कैडेट्स एवं उनके अभिभावक तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे. प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जुलाई/अगस्त माह में छात्र-छात्राओं का स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन होता है तथा एनसीसी में नए कैडेट्स की भर्ती होती है. ऐसे छात्र छात्राओं एवं कैडेट्स को नए पाठ्यक्रम,क्लास रूटीन,आन्तरिक एवं वाह्य परीक्षा संबंधी,कॉलेज के नियमों तथा एनसीसी के नियम एवं अनुशासन की जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई है. बताया कि छात्र हित में कई सक्रिय प्रकोष्ठ गठित है. महिला प्रकोष्ठ, एन्टी रैगिंग प्रकोष्ठ,अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, इत्यादि छात्रों के लिए हैं. कार्यक्रम को प्रो घनश्याम यादव, परीक्षा नियंत्रक डा बद्री नारायण प्रसाद, प्रो तालेश्वर नायक आदि ने भी संबोधित किया .

# 69 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**दस मोबाइल व दो लैपटॉप भी किया गया बरामद**

शुभम संदेश। गोड्डा

मादक पदार्थ का सेवन करने एवं इसका अवैध रूप से कारोबार करने में शामिल युवक को गिरफ्तार करने में नगर पुलिस ने सफलता मिली है. नगर थाना परिसर में मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मिलन कुमार नाम का एक युवक ब्राऊन शुगर का सेवन करने एवं खरीद बिक्री की नीयत से स्थानीय गंगटा खुर्द मोहल्ला स्थित देवी भवन के पास जमा हुए है. सूचना पर अंचलाधिकारी हलधर कुमार सेठी के नेतृत्व में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली के साथ पुलिस टीम ने पहुंचकर छापेमारी कर युवक मिलन कुमार पंडित उर्फ अभिषेक पंडित(24) पिता विजय पंडित निवासी शिवपुर मोहल्ला को



हिरासत में ले लिया. युवक की तलाशी लेने पर प्लास्टिक में लपेटा हुआ 69 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर के अलावा दस मोबाइल फोन, डेल कंपनी का दो लैपटॉप भी बरामद किया गया. बरामद मादक पदार्थ के बारे में पूछने पर युवक ने बताया कि बाहर से माल मंगा कर यहां बिक्री करते है और खुद सेवन भी करते है. नशा का कारोबार चलता है जिसमें कई लोग जुड़े हुए है. नशा करनेवाले अधिकांश कम उम्र के लड़के होते है और वही इनका सॉफ्ट टारगेट होता है.

**मोबाइल और लैपटॉप गिरवी रख छात्र खरीदते है ब्राऊन शुगर :** इस शातिर कारोबारी के पास से जो मोबाइल और लैपटॉप बरामद किए गए है यह उन छात्रों का है जिसके पास नशा खरीदने को पैसा नहीं होता है. नशा करने के आदि हो चुके बच्चे अपने मोबाइल और लैपटॉप को नशा के सौदागर के पास गिरवी रखकर बदले में ब्राऊन शुगर लिया था. नशे की लत में सबकुछ दाव पर लगाने को आतुर छात्रों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए ये कारोबारी किसी भी हद तक जाते है. कम उम्र के लड़के जो कॉलेज और हाइस्कूल के छात्र होते है उन्हें चंगुल में फांसकर नशा कारोबारी का धंधा फलफूल रहा है. गिरफ्तार किए गए युवक को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. छापेमारी पुलिस टीम में नगर थानेदार दिनेश महली के अलावा पुअनि विनय कच्छप, भोलानाथ दास, गौरव कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे.

## डीसी ने दिया अवैध क्रशर को सील करने आदेश

**दुमका (शुभम संदेश)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को आहूत की गई. बैठक में उपायुक्त ने जिले में हो रहे अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित किसी भी क्रशर को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए और आवश्यकता अनुसार डोजरिंग की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए. प्रत्येक कार्रवाई का जियो-टैग्ड फोटो प्रमाण के रूप में उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा.

उपायुक्त ने बताया कि जिले के 31 बालू घाटों के नीलामी की प्रक्रिया प्रगति पर है. नीलामी की तैयारी पूरी तरह पारदर्शी ढंग से तथा सभी निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए की जाए. संबंधित अंचल अधिकारियों को प्रत्येक घाट का स्वयं निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने कहा.षइस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

**न्यूज अपडेट**

## बाढ़ राहत शिविर शकुन्तला घाट का औचक निरीक्षण

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर प्रखण्ड डॉक्टर महमूद आलम के द्वारा बाढ़ राहत शिविर शकुन्तला घाट का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर प्रखण्ड डॉक्टर महमूद आलम के द्वारा सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं सभी को दवाई एवं जांच करने का सख्त निर्देश दिया गया .उन्होंने सकरीगली के समदा आश्रम, मंगल बाजार मे हो रहे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का भी निरक्षण किया गया .जहां पर सभी महिलाओं का हिमोग्लोबिन जांच पर जोर देते हुए सभी का जांच सुनिश्चित करने को कहा गया. वहीं प्रभारी के द्वारा सकरीगली स्वा केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया गया. जहां पर सभी प्रकार कि सफाई एवं दवाई की जांच किया गया.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर प्रखण्ड डॉक्टर महमूद आलम ने सभी बाढ़ पीड़ित लोगों को गर्म पानी पीने की सलाह दी. एवं सभी लोग अपने-अपने घरों में मच्छरदानी लगाकर सोया करें.वहीं आरबीएसके टीम के द्वारा हाजीपुर, डीहाड़ी, दियारा ओझा टोली गांव में जाकर सभी महिला,बुजुर्ग,एव बच्चों, को स्वास्थ जांच कर सभी को दवाई वितरण किया गया.मौके पर मौजूद साहिबगंज सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम के द्वारा बाढ़ राहत शिविर शकुन्तला घाट का किया औचक निरीक्षण. मौके पर मौजूद आरबीएसके,डॉक्टर राजेश कुमार साह,डॉक्टर पीताम्बर कुमार, मो० शादाब अनवर प्रखण्ड डाटा प्रबंधक, बीपीएम मनोज यादव, मुनीजी पाण्डे बीटीटी, रंजना माल्टो, सत्येन्द्र प्रसाद सिंह संगणक, एएनएम शबनम कुमारी, एमपीडब्लू नसीर,आरबीएसके एएनएम रेणु टूटू आदि लोग उपस्थित थे.

## सूर्या हांसदा के न्याय के लिए बच्चों ने निकाली रैली

**ललमटिया (शुभम संदेश)।** पुलिस एनकाउंटर में मारे गए सूर्या हांसदा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर छोटे बच्चों ने ललमटिया क्षेत्र में रैली निकालकर प्रदर्शन किया. चांद भैरव राजा विद्यालय ग्राम डकैता का एक ऐसा विद्यालय है जिसमें करीब साढ़े तीन सौ गरीब आदिवासी बच्चों को रखकर उन्हें मुफ्त खाना, कपड़ा, किताब देकर शिक्षा के साथ साथ जिम्मेवार नागरिक बनाया जा रहा था. इसमें करीब पचास से अधिक ऐसे बच्चे थे जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है. अनाथ बच्चे इसी स्कूल में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे थे. अब बच्चो को सूर्या हांसदा याद आ रहे है. स्कूल के बच्चों ने हाथों में तख्तियां तख्तियां लेकर ग्रामीण सड़क पर निकले हुए थे. सूर्या हांसदा को न्याय दो, घटना की सीबीआई जांच हो स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर बच्चे नारेबाजी कर रहे थे. घटना के बाद बच्चो के समक्ष भी समस्या आन पड़ी है. उनका देखभाल आगे कैसे होगा इनका भविष्य अब दांव पर लग गया है. हालांकि यहां पहुंचनेवाले नेताओं ने यह आश्वासन जरूर दिया है कि बच्चों की जिम्मेवारी लेकर उनके रहने खाने पढ़ने की सारी व्यवस्था कराएंगे. लेकिन तत्काल सारे कार्य ठप्प हो जाने से बच्चे भी परेशान है. ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह सोमवार को थाना क्षेत्र के बगल के ही जंगल में सूर्या हांसदा की पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर दिया गया था.

## स्वदेशी जागरण मंच का चलो गांव की ओर कार्यक्रम

**बोकारो(शुभम संदेश)।** स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र सिजुआ में चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत सिजुआ के पंचायत भवन में एक कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रकल्प की जानकारी और उसका अनुभव वहां के ग्रामीणों से प्राप्त किया गया. प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच समय-समय पर प्रशिक्षण एवं अन्य सुझाव जैसे गौ पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन एवं इन सब के लिए आवश्यक सामग्री बनाने की विधि बताई जाती है. चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन कृषि प्रकोष्ठ के प्रमुख अंजनी सिंह के मार्गदर्शन में प्रांत के अलग-अलग जिलों में किया जा रहा है. क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जब तक हम आत्मनिर्भर नहीं होंगे, गांव आत्मनिर्भर नहीं होगा, तब तक देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता. स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी विदेशी की सूची ग्रामीणों के बीच वितरित किया गया. कार्यक्रम में जिला के संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रांतीय संपर्क प्रमुख अजय चौधरी, विभाग के संपर्क प्रमुख कुमार संजय, जिला के सहसंयोजक नवीन सिन्हा आदि गाँव के लोग उपस्थित रहे.

## विधायक ने लगाया जनता दरबार

**जमुआ(गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मासिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर जनता दरबार पहुंचे .जहां जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया. इस दौरान 92 आवेदन प्राप्त हुआ. कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया. पिछले माह के जनता दरबार में प्रस्तुत जटिल मामलों का भी समाधान एक माह के भीतर सुनिश्चित किया गया. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सह अंचल प्रभारी , पार्टी पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति रही. जमुआ विधायक मंजु कुमारी ने सभी की सहभागिता और विश्वास के लिए आभार जताया. उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है –जनता की सेवा, समाधान के साथ.

## माप-तौल विभाग का जांच अभियान, कई दुकानदारों को नोटिस

**बोकारो (शुभम संदेश)।** जिले के उपनगर चास स्थित चेकपोस्ट इलाके में माप-तौल विभाग ने जांच अभियान चलाया. विभाग के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बर्तन, ज्वैलरी, राशन, हार्डवेयर समेत दो दर्जन से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया. दुकानदारों को निर्धारित समय पर सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया. जिन दुकानदारों ने अब तक सत्यापन नहीं कराया है, उन्हें नोटिस जारी किया गया. इंस्पेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय पर सत्यापन नहीं कराने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी. इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने कहा कि यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि जिनका लाइसेंस नहीं बना है या जिनका लाइसेंस फेल हो चुका है, वे तय तिथि पर सत्यापन करवा लें, अन्यथा कार्रवाई अनिवार्य होगी.

## डीएवी सेक्टर-4 में लगेगा खेल-खिलाड़ियों का दो दिवसीय महामेला

**बोकारो(शुभम संदेश)।** डीएवी स्पोर्ट्स की श्रृंखला में क्लस्टर लेवल के बाद चयनित खिलाड़ियों के खेल जगत में प्रबल हिस्सेदारी हेतु राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों का भव्य आयोजन डीएवी सेक्टर-4 में 22 और 23 अगस्त को होने जा रहा है. राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद विजयी खिलाड़ियों को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में जगह मिलेगी, जो अपने आप में खिलाड़ियों के लिए एक अद्वितीय उपलब्धि और कैरियर निर्माण का मार्ग सिद्ध होगा. आयोजन समिति ने बताया कि करीब 2000 खिलाड़ी अपना खेल कौशल और दावेदारी प्रदर्शित करेंगे. फुटबॉल, हैंडबॉल ,लॉन टेनिस ,रोप स्कीपिंग, जिमनास्टिक आदि खेलों में अपना दम-खम दिखाने के लिए खिलाड़ियों का आवागमन 21 अगस्त से ही आरंभ हो जाएगा. खेलों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु डीएवी सेक्टर-4 के अलावा अन्य कई क्रीड़ा स्थल पूर्णतया तैयार कर लिए गए हैं. डीएवी इस्पात विद्यालय 8/बी और 2/सी के अलावा मोहन कुमार मंगल स्टेडियम भी शामिल है. विद्यालय के प्राचार्य सह जोन एआरओ एसके मिश्रा ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है. विद्यालय परिवार हर तरफ से आयोजन को सफल और उपयोगी बनाने के लिए तत्पर है.

# गोमिया, पेटरवार से 25 लाख का गांजा बरामद

**खुदरा विक्रेता की निशानदेही पर हुई कार्रवाई, दो गिरफ्तार, स्टॉकिस्ट हुए फरार**

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो पुलिस ने गांजा की एक बड़ी खेप को पकड़ने में कामयाबी पाई है. गोमिया और पेटरवार से 153 किलो गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गांजा का बाजार मुल्य पच्चीस लाख बताया जा रहा है. पकड़ाए छोटे गांजा मॉड्यूलर बोलेरो गाड़ी से घूम घूम के बेचते थे. जिनके यहां से गांजा की बड़ी खेप पकड़ाई है वो दोनों स्टॉकिस्ट सुजीत कुमार साव और चिंटू साव फरार हैं. गांजा कार्टेल के द्वारा ये खेप उड़ीसा से लाकर झारखंड और बिहार में रोड, रेल और अन्य साधन के मार्फत लाकर बेचा जाता था. इसकी जानकारी सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने दी. सिंह ने जानकारी दी कि 17 जुलाई की रात्रि समय करीब 10 बजे गुप्त सुचना मिली कि जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारडीह में कुछ लोगो के द्वारा अवैध रूप से गांजा संग्रहित कर थाना क्षेत्र बोकारो



जिला अंतर्गत कई थाना विभिन्न थाना क्षेत्र में बिक्री करने के फिराक में है. उक्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) के नेतृत्व में जरीडीह थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हारडीह में छापामारी किया गया. छापामारी में करीब एक किलो अवैध गांजा के साथ दो व्यक्ति सुभाष कुमार साव, उम्र-23 वर्ष, पिता-कारु साव, सा०- कुम्हारडीह, पो०- ताँतरी दक्षिणी, थाना- जरीडीह, जिला- बोकारो एवं सोनु कुमार राय, उम्र- 27 वर्ष, पिता-सुनील राय, ग्राम- अरना लोकनाथपुर, थाना-भेल्दी, जिला-छपरा (बिहार) वर्तमान पता- कारू साव का घर ग्राम- कुम्हारडीह, थाना-जरीडीह को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार व्यक्ति के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजित कुमार साव उर्फ लिटू पिता-सहदेव नायक ग्राम- बिछिया टोली, सियारी रोड़, थाना- गोमिया, जिला- बोकारो के घर में छापामारी कर 77 किलो अवैध गांजा एवं अवैध शराब बरामद किया गया एवं पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंटू साव पे०- स्व० हरी साव सा- चांदो, थाना- पेटरवार, जिला- बोकारो के घर में छापामारी कर 75 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया. गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है तथा संलिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ़्तारी हेतु छापामारी की जा रही है.

**छापामारी में बरामद सामग्री :** कुम्हारडीह से एक किलो गांजा, पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंटू साव के घर से 75 किलो गांजा, गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजित कुमार साव उर्फ लिटू के घर से 77 किलो गांजा, स्टरलिंग रिजर्व बी7 180 एमएल का 47 बोतल शराब, आईकोनिक वाइट 180 एमएल का 46 बोतल शराब, स्टरलिंग रिजर्व बी7 375 एमएल का 47 बोतल शराब, रोयल होल्ड कप विस्की 750 एमएल का 24 पीस बोतल, इलेक्ट्रोनिक तराजू दो.

# डीसी ने वज्रपात सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सतर्क रहें और दूसरों को भी सजग करें : अजय नाथ झा**

शुभम संदेश। बोकारो

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा मिटीगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटिंग सेफ्टी योजना अंतर्गत झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया, कसमार, चास एवं चंदनकियारी के कुछ पंचायतों में वज्रपात से बचाव विषय पर जागरूकता रथ को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया. उक्त एलईडी वेन एवं जागरूकता टीम द्वारा जिले के चार प्रखंडों के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र में दौरा किया जा रहा है. विद्यालय, ग्रामीण हाट/बाजार, स्वास्थ्य केंद्र, प्रमुख चौक-चौराहे, पंचायत कार्यालय आदि कुल 56 स्थानों पर कार्यक्रम निर्धारित है. मौके पर अपर समाहर्ता



मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार उपस्थित थे. जागरूकता भान 18 अगस्त से आगामी 03 सितंबरतक लोगों को जागरूक किया जाना है. वज्रपात जिले की सबसे प्रमुख आपदाओं में से एक है, जिससे जान माल की व्यापक क्षति होती है. जिला प्रशासन त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए प्रभावित व्यक्तियों के आश्रितों को सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि चार लाख रुपये उपलब्ध कराती है.

उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत 56 स्थानों पर पंचायतों में वज्रपात जागरूकता रथ घूमेगा और वहां के ग्रामीणों तथा वहां रह रहे निवासियों को आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बताया जाएगा. तड़ित की संभावना को देखते हुए इससे बचाव के लिए जब घर के भीतर रहें तब बिजली संचालित उपकरण से खुद को दूर रखें. तार वाले टेलीफोन के उपयोग से बचें. कपड़ा सुखाने के लिए तार की जगह जूट या सूत की रस्सी का प्रयोग करें. घर के बाहर हों तो वृक्ष के नीचे पनाह न लें. ऊंचे इमारत वाले क्षेत्रों में भी जाने से बचें. संभावित मौत को रोकने के लिए दामिनी ऐप विकसित किया गया है. इस ऐप को मौसम विभाग की तरफ से तैयार किया गया. यह ऐप हमें करीब 20 किलोमीटर की रेंज में बिजली गिरने की जानकारी प्रदान करता है.

**बैंक ऑफ इंडिया ने किया उद्यमी विकास महोत्सव का शुभारंभ**

# युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे : डीसी

शुभम संदेश। बोकारो

बैंक ऑफ इंडिया बोकारो जोन द्वारा उद्यमी विकास महोत्सव की शुरुआत सोमवार को उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त अजय नाथ झा ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ इंडिया शुवेंदु बेहरा, ज़ोनल मैनेजर अश्वनी मित्तल एवं उप ज़ोनल मैनेजर निकुंज जैन, मुख्य प्रबंधक रणविजय सिन्हा, वरिष्ठ प्रबंधक रितेश आनंद उपस्थित थे. उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए बैंक की इस पहल की सराहना की. उद्यमी विकास महोत्सव का उद्देश्य युवाओं एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार, वित्तीय सहयोग तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है. इस अवसर पर कुल 35 करोड़ के ऋण स्वीकृति, जिससे अनेक उद्यमियों एवं ग्राहकों



को वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ. साथ ही विभिन्न योजनाओं पर परामर्श, ऋण सुविधा की जानकारी तथा सफल उद्यमियों के द्वारा अनुभव भी साझा किया गया. बैंक ऑफ़ इंडिया, बोकारो ज़ोन ने इस अवसर पर आश्वस्त किया कि बैंक भविष्य में भी उद्यमियों, कृषकों एवं आम ग्राहकों के सामाजिक-आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा. ज़ोनल मैनेजर अश्वनी मित्तल एवं उप ज़ोनल मैनेजर निकुंज जैन ने उपस्थित विभिन्न एमएसएमई उत्पादों एवं योजनाओं का विस्तार से परिचय दिया. आयोजन में जिले के लगभग 20 शाखा प्रबंधक, 100 से अधिक ग्राहक तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित रहे.

### उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

# आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने का निर्देश

**शुभम संदेश। धनबाद**



समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की आधारभूत संरचना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन में विद्युत/ पेयजल/शौचालय की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका निर्माण, सेविका/ सहायिका के पदों की नियुक्ति एवं मानदेय, पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सेविका सहायिका के आयुष्मान कार्ड निर्माण, एमटीसी में बच्चों को भर्ती कराने तथा उन्हें पोषण आहार देने समेत विभिन्न कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए. समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति की जानकारी प्राप्त की एवं उन्होंने कहा कि जो भी नए आंगनबाड़ी केंद्र बन चुके हैं पर शिफ्टिंग का कार्य नहीं किया गया है, वहां जल्द से जल्द नए आंगनबाड़ी केंद्र में शिफ्ट किए जाएं. साथ ही जहां भूमि विवाद या भूमि नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है वैसे स्थानों को चिन्हित करते हुए रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया. उपायुक्त ने कहा कि इस रिपोर्ट को अंचलवार सभी अंचलाधिकारी को भेज कर निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जाएगा. बैठक में आंगनवाड़ी सेविका सहायिका के आयुष्मान कार्ड बनाने, उनका मानदेय भुगतान करने के लिए सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं सडीपीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसके अलावा एमटीसी में बच्चों को भर्ती कराने तथा उनका फॉलोअप करने की भी बात कही. उक्त बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ माह में विभागीय गाईड लाईन के अनुरूप सेविका एवं सहायिका जहां भी पद रिक्त है वहां नियुक्ति की प्रक्रिया की गई है, कई रिक्तियों को भरा भी गया है. वहीं कई रिक्तियां अभी भी शेष हैं. उपायुक्त ने जल्द से जल्द शेष बचे रिक्तियों को ग्रामसभा कराकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष रुप से चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए. उक्त बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, सभी सीडीपीओ, डीएमएफटी टीम सभी महिला पर्यवेक्षक मौजूद रहीं.

# रवानी हत्याकांड में आज भी संशय कायम : नीलकंठ रवानी

### रैनबो ग्रुप के संस्थापक धीरेन रवानी की 8वीं पुण्यतिथि मनाई



**शुभम संदेश। राजगंज**

प्रगति कोचिंग संस्थान डोमनपुर राजगंज में अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा व ड़ोमनपुर नवयुवक संघ के तत्वाधान मे रैनबो ग्रुप के संस्थापक एंव जिले के लोकप्रिय समाजसेवी व चन्द्रवंशी समाज के पुरोधा स्व. धीरेन रवानी की 8 वीं पुण्य तिथि मनायी गयी. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए चन्द्रवंशी समाज के पूर्व प्रदेश सचिव सह सरकार द्वारा चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी नीलकंठ रवानी ने कहा कि धनबाद पुलिस जिले के रसूखदार घराने की घटना का उद्भेदन जितनी तीव्र गति से कर लेती है, वैसे ही धीरेन रवानी की हत्या की जाँच की जाती तो अब तक सारा धुंधलापन साफ हो जाता. इस घटना को हुए आठ वर्ष बीत गए, फिर भी मुख्य षड्यंत्र कारी के बारे में संशय कायम है. पुलिस घटना के बाद जरा ईमानदारी नहीं दिखाई. उनकी मौत झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है. उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब उनकी हत्या का मुख्य षड्यंत्रकारी सलाखों में होगा. सभा में मुख्य रूप से सावित्री देवी, राजकुमार महतो , टाईगर विश्वजीत महतो , किशोर कुमार रवानी , दीपक कुमार महतो , गौतम कुमार महतो , तुषार कुमार रवानी , विवेक कुमार रवानी , निखिल कुमार महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# छात्रवृत्ति से वंचित न रहें कोई भी योग्य छात्र-छात्राएं : डीसी

### डीसी ने की कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा

**खास बातें**

- अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने का निर्देश

**शुभम संदेश। धनबाद**



उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यलग कक्ष में कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा की गई. सर्वप्रथम प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान अधिक से अधिक छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया. उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि जो भी छात्राओं का छात्रवृत्ति हेतु पंजीकरण नहीं हुआ है, अभियान चलाकर एक सप्ताह के अंदर पंजीकरण करें. जिन छात्राओं का आधार कार्ड नहीं बना है, उनका आधार कार्ड कैंप लगाकर बनाने के लिए मैनेजर यूआईडी को निर्देश दिया गया. आधार सिटिंग के लिए आवश्यक करवाइ को जिला अग्रणीय बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया. कोई भी छात्राएं आधार या आधार से लिंक की वजह से छात्रवृत्ति से वंचित न रहे. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान छात्राओं के सत्यापन के उपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया. साइकिल वितरण योजना के तहत सभी प्रखंड कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी योग्य छात्राओं को सूची प्रखंड स्तरीय अनुमोदन समिति शेष पारित करते हुए भेजने का निर्देश दिया गया ताकि जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन दिया जा सके और सभी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया जा सके. इस कार्य को जिला शिक्षा अधीक्षक को सतत पर्यवेक्षक करने का निर्देश दिया गया. इस दौरान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्राप्त योजना के लिए समिति की बैठक हुई. इस बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत को 44 आवेदनों का अनुमोदन दिया गया तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत भुगतान हेतु 22000 छात्रों का समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया. इस बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार झा जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार जिला आगरा बैंक प्रबंधक एवं मैनेजर यूआईडी उपस्थित थे.

## कलियासोल में मां मनसा की पूजा



**कालूबथान (शुभम संदेश)।** कलियासोल प्रखंड के आंखद्वारा गांव में सभी घरों में मां मनसा देवी की पूजा अर्चना की गई. रविवार को सभी व्रतियों ने निर्जला उपवास रहकर सुर्यास्त के बाद बिना किसी भेदभाव के सभी जाति वर्ग के लोगों ने एक साथ गाजे-बाजे के साथ मनसा मंगल गीत गाते हुए आंखद्वारा कृष्णा तालाब से घट में जल भर कर मंदिरों में घटस्थापना किया.रात्रि को पुरोहितों द्वारा पूरे विधिविधान के साथ सभी मंदिरों में पूजा हुई. सोमवार को पाठा बलि दी गई. आंखद्वारा में हमेशा भादो माह के बंगला एक तारीख को ही पाठा बलि होती है, इसका विशेष महत्व है,ये पूजा पूर्वजों से चली आ रही है. मूर्ति पूजा के साथ-साथ काफी घरों में घठ पूजा भी होती है.

# इंडस्ट्री एंड कॉमर्स ने दी दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि

**शुभम संदेश। धनबाद**



इंडस्ट्री एंड कॉमर्स एसोसिएशन, धनबाद के सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर झारखंड के पहले सीएम शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उनका नाम देश के इतिहास में सदियों तक सम्मान के साथ लिया जाएगा. शिबू सोरेन का जीवन एक प्रेरक और संघर्षपूर्ण यात्रा रहा. झारखंड में वे सामाजिक और राजनीतिक विकास के प्रतीक बने. उन्होंने न केवल अपनी राजनीतिक कुशलता का परिचय दिया, बल्कि अपने संघर्षों के माध्यम से झारखंड की स्वतंत्र पहचान स्थापित की. अपने राजनीतिक जीवन में, शिबू सोरेन आठ बार लोकसभा और राज्यसभा के सांसद चुने गए, जो उनके व्यापक जनसमर्थन और जनता के भरोसे को दर्शाता है. कोयला मंत्री के रूप में उन्होंने देश के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिली. शिबू सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में तीन बार देश की सेवा की. उनका कार्यकाल विकास की अनेक पहलों का प्रतीक रहा. उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय प्रयास किए. उनकी दूरदर्शिता और समाज के प्रति समर्पण अविस्मरणीय रहेगा. मौके पर इंडस्ट्री एंड कॉमर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए. अध्यक्ष **बी एन सिंह** ने कहा कि शिबू सोरेन जी एक सच्चे जननायक थे, जिन्होंने झारखंड के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व हमेशा हमारे लिए मार्गदर्शक रहेगा ध्यान रहे कि एसोसिएशन के अनुरोध पर वर्ष २००६ मे कोयला मंत्री रहते हुए गुरु जी एसोसिएशन के इसी सभागार में एजीएम में उपस्थित हुए थे. **अमितेश सहाय** ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है. उनके संघर्ष और समर्पण ने झारखंड की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. उनकी प्रेरणा हमें हमेशा समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी.**एस के सिन्हा उर्फ पलटन बाबू** ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का जाना एक युग का अंत है. उन्होंने झारखंड के आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे इतिहास में अमर रहेंगे. **केदार नाथ मित्तल** ने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड के स्वाभिमान को नई पहचान दी. उनके योगदान और समाज के प्रति उनकी निष्ठा हमें हमेशा प्रेरित करेगी.इस अवसर पर वीएन शर्मा, सच्चिदानंद सिंह, एम एल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, जोगेंद्र नाथ तुलस्यान, आर के अग्रवाल, सज्जन कुमार खरकिया, सुरेंद्र कुमार जैन, नवीन डालमिया, दिलेश्वर राय, हेमंत गुप्ता, प्रदीप चटर्जी, चिन्मय बनर्जी समेत अन्य मौजूद थे.

## आसनसोल

# "तसर रेशम बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सहारा"

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



तसर की खेती, जिसे रेशम उत्पादन की एक विशेष विधि माना जाता है, आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नई उम्मीद लेकर आई है. इस खेती में रेशम के कीड़ों को पाला जाता है और उनसे उच्च गुणवत्ता का तसर रेशम प्राप्त किया जाता है, जिससे बाद में आकर्षक तसर के कपड़े तैयार किए जाते हैं. आमतौर पर इन कीड़ों को जंगली पेड़ों की पत्तियों पर पाला जाता है. ये कीड़े मुख्य रूप से एंथेरिया मायलिटा प्रजाति के होते हैं, जिनका जीवन चक्र पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर करता है. रेशम कीट पत्तियों पर कोकून बुनते हैं और वहीं से रेशम का उत्पादन शुरू होता है. फिलहाल पुरुलिया ज़िले के काशीपुर स्थित नारायणगढ़ रेशमकीट बीज आपूर्ति केंद्र में इन रेशमकीटों का पालन-पोषण किया जा रहा है. यहाँ से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी आजीविका को नया सहारा दे रहे हैं. रेशमकीट पालन ने न सिर्फ उनके परिवारों को रोज़गार दिया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्रदान की है. इस केंद्र का मुख्य कार्य उच्च गुणवत्ता वाले रेशमकीट के अंडे उपलब्ध कराना और घने जंगलों में वैज्ञानिक पद्धति से इनका पालन करना है. यहाँ ग्रामीण किसान आधुनिक तकनीक और अनुसंधान संस्थानों की सहायता से रेशम उत्पादन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं. विशेषज्ञ बताते हैं कि वर्षा ऋतु इस खेती के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है. हालांकि जलवायु परिवर्तन, कीट रोगों और पक्षियों के हमले के कारण कई बार किसानों को नुकसान भी उठाना पड़ता है. इसके बावजूद, सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहयोग से किसान अब तसर धागे के प्रसंस्करण में दक्ष हो रहे हैं. रेशम कीट पालन के लिए पहले मज़बूत और स्वस्थ अंडे एकत्र किए जाते हैं. अंडों से निकलने वाले लार्वा को सुरक्षित वातावरण में पाला जाता है. तसर कीट सामान्यतः शाल, अर्जुन और असन के पेड़ों की पत्तियाँ खाते हैं, इसलिए इन पेड़ों पर ही इनका पालन सबसे उपयुक्त माना जाता है. आज नारायणगढ़ की धरती पर इस खेती ने किसानों में आत्मविश्वास जगाया है. यह न सिर्फ आजीविका का साधन बन रहा है बल्कि युवाओं के लिए स्वरोज़गार का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है. सच कहा जाए तो तसर रेशम अब पुरुलिया के ग्रामीण अंचलों की आर्थिक प्रगति की नई पहचान बनता जा रहा है.

## 629 बेटिकट यात्रियों पर लगा 2.67 लाख का जुर्माना

**आद्रा (शुभम संदेश)।** साउथ इस्टर्न रेलवे के वरीय रेल अधिकारियों के आदेश पर सोमवार को खड़गपुर रेल मंडल में चलाए गए टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 629 रेल यात्रियों को बेटिकट पकड़ा गया. इस बीच उनसे जुर्माना के रूप में 2.67 लाख रुपये की वसूली की गई. यह अभियान खड़गपुर रेल मंडल के बाद चक्रधरपुर रेल मंडल में भी चलाने की योजना है. अभियान से रेल यात्रियों में हड़कंप मची रही.बताया जाता है कि यह अभियान आरपीएफ के साथ वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों ने कुल 11 ट्रेनों में चलाया. इस बीच 2 लाख 67 हजार 655 रुपये का राजस्व रेलवे को दिया गया. रेल अधिकारियों ने रेल यात्रियों से अपील की है कि वे यात्री ट्रेनों में टिकट लेकर ही यात्रा करें. बेटिकट यात्रा करने से रेलवे पर इसका प्रभाव पड़ता है

# सड़क, पानी और स्ट्रीट लाइट की समस्या पर लोगों ने किया प्रदर्शन



**शुभम संदेश ।बाराबनी**

बाराबनी विधानसभा क्षेत्र के नूनी ग्राम पंचायत अंतर्गत नूनी गांव के लोगों ने सोमवार को बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है. वहीं, जर्जर सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने से अंधेरे में राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर नूनी ग्राम पंचायत को ज्ञापन भी सौंपा. ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में नियमित जलापूर्ति, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पूरे गांव में स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था शामिल रही. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और भी व्यापक रूप लेगा. लोगों ने यह भी कहा कि उनकी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन प्रशासन अभी तक उदासीन है.

## 'द बंगाल फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री पर एफआइआर दर्ज




**शुभम संदेश। कोलकाता**

1946 के कलकत्ता दंगे के समय हिंदुओं की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गोपाल मुखर्जी उर्फ गोपाल पाठा के परिवार ने फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है. उनका आरोप है इस फिल्म में गलत तथ्यों को पेश करके गोपाल पाठा की छवि विकृत करने की कोशिश की गई है. कोलकाता के बहूबाजार थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए गोपाल पाठा के पोते सनातन मुखर्जी ने दावा किया है कि उनके चरित्र को पर्दे पर पेश करने से पहले परिवार से अनुमति नहीं ली गई. बता दें कि फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' बंगाल विभाजन से जुड़ी त्रासदी पर आधारित है, जिसमें हिंदुओं के नरसंहार को दिखाया गया है. गोपाल पाठा के पोते सनातन मुखर्जी का कहना है कि फिल्म में उनके दादा को कसाई के रूप में दिखाया गया है, जिससे उन्हें सख्त आपत्ति है. मेरे दादा स्वतंत्रता संग्राम लड़ने वाले समूह अनुशीलन समिति के सदस्य थे. हां, उनकी 2 मीट की दुकानें थीं, लेकिन पेशे से वो पहलवान थे. बता दें कि फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और उनकी पत्नी पल्लवी जोशी ने 31 जुलाई को कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए पुरानी 2 FIR रद करने की मांग की थी. उनके खिलाफ पहली एफआइआर मुर्शिदाबाद में टीजर कैंपेन के दौरान की गई थी. वहीं, दूसरी एफआइआर कोलकाता के लेक टाउन पुलिस में दर्ज हुई थी. 4 अगस्त को मामले पर सुनवाई करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट के जज जय सेनगुप्ता ने एफआइआर पर अंतरिम रोक लगा दी थी. हालांकि, कई लोगों का आरोप है कि विवेक की यह फिल्म संवेदनशील मुद्दों पर है, जिससे समाज में सांप्रदायिक हिंसा भड़क सकती है.

## बलतोड़ीया युवा संघ ने शुरु की गणेश पूजा की तैयारी

**बराकर (शुभम संदेश)।** बलतोड़ीया युवा संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बलतोड़िया गणेश पूजा मेला मैदान में 31वां गणेश पूजा मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा. आगामी 27 अगस्त को श्री श्री गणेश पूजा और मेले का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके लिए संघ और समिति के सदस्य तन-मन से तैयारी में जुटे हैं. इस बार पूजा और मेला संचालन को लेकर नयी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया है. इसमें दिनेश पासवान अध्यक्ष, चंदन राम सचिव, बबलू राम कोषाध्यक्ष, मानिक साव मेला इंचार्ज, बैजनाथ साव जमीन इंचार्ज बनाए गए हैं. वहीं पूजा के चीफ पैट्रन पार्षद अशोक पासवान होंगे. युवा संघ के सचिव चंदन राम ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश पूजा मैदान में विशेष तैयारियां की जा रही हैं. आयोजन में सभी युवाओं का अहम योगदान रहता है और इसी सहयोग से यह पूजा और मेला पिछले 30 वर्षों से लगातार संपन्न होता आ रहा है. इस बार भी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए कई आकर्षण होंगे.

# ईसीएल में तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**खास बातें**

- सीएमडी सतीश झा ने कर्मचारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता की अपील की

**शुभम संदेश। आसनसोल**

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) में सोमवार, 18 अगस्त 2025 को तीन महीने तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया. इस अवसर पर 2025 का सतर्कता कैलेंडर भी जारी किया गया. उद्घाटन समारोह का आयोजन संकल्प हॉल, ईसीएल मुख्यालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता कंपनी के सीएमडी श्री सतीश झा ने की. कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी/ संचालन) श्री नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री गिरीश गोपीनाथन नायर, निदेशक (मानव संसाधन) श्री गुंजन कुमार सिन्हा सहित ईसीएल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे. वहीं सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भागीदारी की. उल्लेखनीय है कि यह अभियान 18 अगस्त 2025 से 17 नवंबर 2025 तक चलेगा. इस अवधि के दौरान विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, संगोष्ठियाँ और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे. इस वर्ष अभियान का विषय "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" रखा गया है, जो भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यसंस्कृति और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का संदेश देता है. अभियान के शुभारंभ अवसर पर निदेशकों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान संगठन में नैतिक कार्यप्रणाली को मजबूत करते हैं और सभी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से ही इनका वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सकता है. सीएमडी श्री सतीश झा ने अपने वक्तव्य में सतर्कता को संगठनात्मक विकास और सुशासन का अहम स्तंभ बताते हुए कहा कि कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक कर्मचारी को ईमानदारी, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा. उन्होंने कहा कि सतर्कता केवल औपचारिकता नहीं बल्कि हर कर्मचारी की दैनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा होना चाहिए. कार्यक्रम का समापन महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री मनीष दास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. उन्होंने अभियान की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए तो न केवल संगठन, बल्कि समाज और राष्ट्र भी विकास की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा.

# भाजपा ने किया तुलसी पौधा और हनुमान चालीसा का वितरण



**शुभम संदेश। आसनसोल**

आसनसोल भाजपा जिला अध्यक्ष देवतानु भट्टाचार्य, पूर्व मेयर एवं भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने सोमवार को धार्मिक और सामाजिक पहल के तहत तुलसी के पौधे और हनुमान चालीसा का वितरण किया. यह कार्यक्रम आसनसोल के धादका संलग्न क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे. इस अवसर पर आसनसोल संगठनात्मक भाजपा के पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान कुल 300 तुलसी के पौधे और हनुमान चालीसा की पुस्तिकाएं वितरित की गईं. जितेंद्र तिवारी ने कहा कि तुलसी का पौधा भारतीय संस्कृति और परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है.

वहीं, हनुमान चालीसा श्रद्धा और आस्था को मजबूत करने का प्रतीक है. उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल धार्मिक भावना को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं. भाजपा समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज को जोड़ने वाली सकारात्मक सोच करार दिया.

# सोयाबीन में लगते हैं चालीस रोग

**सोयाबीन के रोग एवं नियंत्रण**

सोयाबीन में लगने वाले रोगों के कारण इसकी उपज में 15 से 20 प्रतिशत तक की हानि होती है। रोग मुख्यत: फफूंद, जीवाणु, विषाणु एवं सूत्रकृमि द्वारा होता है। इसके साथ ही कुछ तत्वों की कमी से भी ये रोग उत्पन्न होते हैं. भारत में सोयाबीन पर 40 से अधिक रोग पाये गये हैं, लेकिन इनमें कुछ फसल को अधिक क्षति पहुंचाते हैं।

## बीज एवं बीजांकुर के रोग

### बीज विवर्णन

रोगी बीज के ऊपर राख या भूरे रंग के धब्बे पाये जाते हैं। रोगी बीज प्राय: सिकुड़े, छोटे एवं क्रांतिहीन हो जाते हैं।

### बीज सड़न

बीज मुलायम होकर सड़कर नष्ट हो जाते हैं सड़े हुए बीजों पर हरे, नीले, काले एवं सफेद रंग की फफूंद दिखाई देती है। जीवाणु भी सोयाबीन में सड़न उत्पन्न करती है।

### बीजांकुर विगलन

ग्रसित बीज अंकुरित तो हो जाते हैं और भूमि के ऊपर आने के पूर्व या निकलने के बाद उनके मूलांकर गहरे भूरे रंग के होकर विगलित होने लगते हैं और नष्ट हो जाते हैं।

### बीज पत्रों के धब्बे

बीज पत्रों पर गोलाकार या अनियमित आकार के हल्के भूरे काले रंग के धब्बे बनते हैं। जिससे बीज पत्र गिर जाते हैं और पौधे की बढ़वार रुक जाती है।

### रोकथाम

रोगी नियंत्रण हेतु स्वस्थ बीज बोना चाहिये क्योंकि संक्रमित बीज बोने पर बीज सड़न, बीजांकुर विगलन एवं बीज पत्र के धब्बे जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। भंडारण पूर्व भली-भांति सुखाकर, अच्छे बीज छांटकर बोने पर रोग नियंत्रण में लाभकारी रहता है। बोने के पूर्व बीजों को थीरम, कार्बेन्डाजाइम (2:1) अथवा थीरम, केप्टान (1:1) से उपचारित करना चाहिए।

## जड़ एवं तने के रोग

### फफूंद रोग:

पीथियम जड़ सड़न एवं आर्द्रपतन : बोनी के बाद लगातार वर्षा होने से तापमान घटने पर बीज या बीजांकुर सड़न होता है. आरंभ में रोगग्रस्त पौधे छोटे समूह में दिखाई देते हैं तथा पत्तियों के मुरझाने पर अंगमारी या उकटा जैसे लक्षण दर्शाते हैं. जड़े गल जाती हैं. वे खींचने पर टूट जाती हैं।



### रोकथाम -

बीजोपचार द्वारा रोका जा सकता है पारायुक्त फफूंदनाशक अधिक प्रभावशाली होते हैं, लेकिन इसका राइजोबियन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिये केप्टान या थीरम 0.25 प्रतिशत 2 ग्राम प्रति कि.ग्रा. से बीजोपचार करना चाहिये। अच्छा जल निकास प्रकोप कम करता है।

### चारकोल सड़न:

यह रोग अधिक तापमान (35-40 डिग्री सेंटीग्रेड) व भूमि में नमी की कमी के कारण उग्र रूप धारण करता है, जबकि 40 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान पर रोग में कमी आती है।

### रोकथाम:

मुख्य रूप से भूमि जनित रोग हैं। अत: गर्मी में गहरी जुताई, पौध अवशेष नष्ट करना तथा फसल चक्र अपनाना लाभदायक होता है। सिंचाई करने से पानी की कमी वाली स्थिति में रोग प्रसार रोक सकते हैं।

## जीवाणु जनित रोग

### जीवाणु जनित स्फोट:

रोग मुख्य रूप से पत्तियों पर प्रकट होते हैं, तथा प्रारंभ में जीवाणु जनित झुलसा रोग जैसे दिखाई देता है। पहले पत्तियों पर छोटे-छोटे सरसों के दाने जैसे 1 मि.मी. व्यास के पीले धब्बे दिखाई देते हैं, जो बीच में कत्थई भूरे रंग के होते हैं। कुछ समय बाद पत्ती की निचली सतह पर धब्बे के मध्य में उभरा हुआ फफोला बन जाता है। रोग की इस अवस्था पर फफोले की उपस्थिति और धब्बे के चारों ओर जलसिक्तों का अभाव द्वारा इसको झुलसा से अलग पहचाना जा सकता है। इसके छोटे-छोटे धब्बे मिलकर अनियमित आकार के बड़े गहरे भूरे रंग के धब्बे बनाते हैं।

### रोकथाम:

रोग रहित स्वस्थ बीज का उपयोग करें, बोने से पूर्व बीज को एग्रीमाइसन या स्ट्रेप्टोसाइक्लिन (100-200 पी.पी.एम.) 100-200 मि.ग्रा. प्रति लीटर उपचारित करें। उस पर आक्सीक्लोराइड की 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम प्रति लीटर) तथा एग्रीमाइसिन या स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का मिश्रण घोल अधिक लाभकारी होता है।

## विषाणु जनित रोग

सोयाबीन मोजेक या सामान्य मोजेक : भारत में सर्वप्रथम 1956 में देखा गया था। सिंचित क्षेत्र में प्रकोप अधिक दिखाई देता है तथा 25 डिग्री सेंटीग्रेड पर लक्षण अधिक दिखाई देता है जबकि 30 डिग्री सेंटीग्रेड पर लक्षण छिप जाता है। पौधे के किसी भी अवस्था पर संक्रमण हो सकता है। रोगी पौधे छोटे इंटरनोड एवं पर्णवृन्त वाले छोटे पौधे होते हैं। पत्तियां छोटी, पतली, गहरे रंग के धब्बे वाली ऐंठी एवं मुड़ी हुई होती है। जिनके किनारे अंदर की ओर मुड़े हुए होते हैं। फलियां छोटी, चपटी, मुड़ी हुई, कम दाने वाली एवं संख्या में कम होती हैं। संक्रमण फूल आने के पहले होने पर विषाणु बीजों को संक्रमित कर चितकबरा कर देता है, जबकि फूल आने के बाद संक्रमण होने पर अधिकांश बीज विषाणु मुक्त होते हैं। एक ही फली में रोगी एवं स्वस्थ दोनों प्रकार के बीज हो सकते हैं। रोगी बीज का अंकुरण 12-35 प्रतिशत कम हो सकता है।

### प्राथमिक संक्रमण मुख्यत:

बीज से होता है। विषाणु बीज में 2 वर्ष तक उत्तर जीवित रह सकता है। फसल में विषाणुओं का द्वितीय संचारण रोगी पौधे के रगड़ने से तथा एफिड्स (माहू) के द्वारा होता है। विषाणु कीट में चार घंटे तक जीवित रह सकता है. प्रति पौधा 5 कीट अधिक संक्रमण करता है।



### रोकथाम:

स्वस्थ बीज का उपयोग करना चाहिये। रोगी पौधों को शीघ्र निकाल देना चाहिये एवं जमीन में दबा देना चाहिये। माहू के नियंत्रण के लिये कीटनाशक का उपयोग करना चाहिये।



## फफूंद जनित रोग

### किट्ट रोग :

यह भारत में सर्वप्रथम 1980 में पंतनगर में महामारी के रूप में प्रकट हुआ। हालांकि इसके पहले 1965 में पूना में वर्णन मिलता है। इसके साथ ही सन् 1995, 1996, 1997 में मध्यप्रदेश में इसका आक्रमण अधिक हुआ था। रोग का आक्रमण प्राय: मध्य सितम्बर से अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक अधिक नमी व कम तापमान पर होता है।

### रोकथाम :

- रोग उत्पन्न होते ही जिनेब या मेन्कोजेब को 2.5 ग्राम/ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये।
- सोयाबीन की गेरूआ सहनशील किस्में जैसे - पी.के. 1029, पी.के. 1024, जे.एस. 80-21 एवं इंदिरा सोया 9 की काश्त करें।
- रोग की शुरूआत की अवस्था में ग्रसित पौधों को उखाड़कर नष्ट करें और फसल पर हेक्जाकोनाझोल (कन्टॉफ) या प्रोपीकोनाजोल (टिल्ट) 800 मिली. या ट्रायाडिमेफान (बेलेटान) 800 मिली. को 800 लीटर पानी में घोल बनाकर एक हेक्टेयर में छिड़काव करें। रोग की अधिकता पर दूसरा छिड़काव 15 दिनों बाद करें।
- इसके अलावा फसल चक्र अपनावें। फसल चक्र में मक्का, ज्वार, अरहर या कपास ले सकते हैं।
- ग्रीष्मकाल में खेत की गहरी जुताई करें।
- मक्का एवं तिल की फसल को मिश्रित फसल के रूप में सोयाबीन के साथ लें।

# बी.टी. कपास में रस चूसक कीट

**कपास में कीट प्रबंधन हेतु इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समन्वित कीट प्रबंधन कीट नियंत्रण की प्रभावी विधि साबित हो सकती है।**

## समन्वित कीट प्रबंधन

कीट नियंत्रण की विभिन्न वैकल्पिक विधियों का बुद्धिमत्ता से चुनाव एवं उपयोग कर अंत में आवश्यकता पड़ने पर कीटों की आर्थिक क्षति स्तर अवस्था पर ही कीटनाशक दवाओं का सूझबूझ के साथ उपयोग किया जावे ताकि अनुकूल प्राकृतिक सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम प्राप्त हो सकें।

यद्यपि यह प्रयास नया नहीं है परंतु अभी इसका प्रचलन सही तरीके से कृषकों तक प्रचारित एवं प्रसारित नहीं हो पाया है।

## समन्वित कीट नियंत्रण क्या है?

कीटों को नियंत्रण करने की समस्त क्रियाओं जैसे कृषिगत, यांत्रिक, जैविक तथा रसायनिक का समावेश करके कीटों की संख्या को नियंत्रित करने को समन्वित कीट नियंत्रण या प्रबंधन कहते हैं।

समन्वित कीट प्रबंधन की आवश्यकता क्यों - कपास फसल की उन्नत एवं संकर किस्मों के लगातार उपयोग एवं अधिक उत्पादन प्राप्त करने की होड़ में प्राय: किसान भाईयों द्वारा अत्यधिक मात्रा में असंतुलित उर्वरक, सिंचाई एवं विभिन्न प्रकार के उपलब्ध कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध, अनावश्यक एवं गलत समय में उपयोग किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप वातावरण जल एवं भूमि में प्रदूषण, प्राकृतिक असंतुलन, लाभदायक परजीवी एवं परभक्षी कीटों का नाश तथा विभिन्न कीटों में



कीटनाशक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने की संभावना बढ़ने लगी है। जिसके कारण समन्वित कीट नियंत्रण/ प्रबंधन के उपयोग की आवश्यकता महसूस होने लगी है।

## कपास में समन्वित कीट प्रबंधन

### वैकल्पिक विधियां -

### कृषि गत उपाय -

- पिछली फसल समाप्त होते ही खेत में जानवरों को चरावें तथा बचे अवशेषों को उखाड़कर/काटकर नष्ट करें साथ ही खेत की गहरी जुताई करें ताकि कीटों के अवशेष, अंडे इत्यादि नष्ट हो जावे।
- खेतों की मेढ़ों पर अन्य परपोषी पौधे जैसे जंगली भिंडी, अम्बाड़ी इत्यादि को काटकर जला दें।
- कपास की अंतरवर्तीय फसल जैसे कपास के साथ ज्वार, मक्का, सोयाबीन या चवला आदि लेने से कीट प्रकोप कम होता है।
- बोनी हेतु कीटरोधी किस्मों का चयन करें.
- रसायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। नत्रजन का अनावश्यक उपयोग न करें। साथ ही फसल की बढ़वार अधिक दिखाई देने पर वृद्धि नियंत्रक रसायन साईकोसिल का फसल पर उचित समय पर छिड़काव करें।
- फसल में खरपतवारों को न बढ़ने दें एवं समय-समय पर उनकी रोकथाम करें।
- जमीन के अनुकूल उपयुक्त पौध अंतरण पर बुआई की जावे।
- आवश्यकतानुसार सिंचाई कतार छोड़ पद्धति से करें।
- आवश्यक फसल चक्र अपनावे अर्थात् एक ही खेत में प्रतिवर्ष कपास न लें।

### यांत्रिक उपाय

- हानिकारक कीटों के व्यस्क कीटों को ट्रेप कर नष्ट करने के लिये प्रकाश प्रपंच/फेरोमेन ट्रेप का प्रयोग करें।
- पक्षियों को बैठने हेतु बर्ड पर्चर 20-25 नग (टी आकार की लकड़ी की खूटियां) प्रति हेक्टेयर लगावें जिस पर पक्षी बैठ सके एवं कीटों को खाकर नष्ट कर सके।

## जैविक उपाय

कपास फसल परितंत्र (इको सिस्टम) में लगभग 25-30 प्रकार के प्राकृतिक परजीवी, परभक्षी कीट एवं बीमारियां पाई जाती हैं जो किसान भाईयों को अति सूक्ष्म होने एवं पहचान नहीं होने के कारण दिखाई नहीं देते परंतु ये लाभदायक जीव अपना काम (कीट नियंत्रण) करते रहते हैं, एवं कपास के हानिकारक कीटों की संख्या पर अपना नियंत्रण करने का प्रयास भी करते रहते हैं। परंतु कीटनाशक दवाओं के असंतुलन एवं अत्यधिक उपयोग से ये लाभदायक कीट नष्ट हो जाते हैं, परिणामस्वरूप हानिकारक कीटों की संख्या में वृद्धि होने लगती है और ये कीट आर्थिक क्षति स्तर अवस्था को पार करके फसल एवं उसके डेण्डुओं को नुकसान पहुंचाकर नष्ट करने में सक्षम हो जाते है। अतः किसान भाईयों से अपेक्षा है कि वे निम्न लाभदायक जीवों को पहचानें एवं इनका संरक्षण एवं संवर्धन कर कपास फसल को बचाएं।

## परभक्षी क्रायसोपा

बाजार में उपलब्ध इस कीट के 1000 अंडे या इल्लियां / एकड़ के मान से कपास के खेत में माहो, सफेद मक्खी या चेपा का अधिक प्रकोप दिखाई देने की अवस्था में 8-10 दिनों के अंतराल पर दो बार छोड़ने से इन कीटों के प्रकोप में कमी आती है।

## परभक्षी लेडीबर्ड बीटल

कपास के साथ चवला, मक्का या ज्वार लगाने से इस कीट का संरक्षण होता है इस कीट के शिशु एवं व्यस्क



माहो को खाकर नष्ट करते हैं।

अन्य परभक्षी जैसे - नीलकंठ, काली चिड़िया, मैना, बगुले जो कीटों की इल्लियों को चुन-चुन कर खाते हैं, इनका संरक्षण करने हेतु खेतों में मक्का, ज्वार या बांस की लम्बी खूटियां जगह-जगह पर लगाना चाहिए।

## छिड़काव करते समय सावधानियां

- दो या दो से अधिक कीटनाशक दवाओं को बिना जानकारी के मिला कर छिड़काव नहीं करना चाहिए।
- कीटनाशक दवाओं का घोल छिड़काव पम्प में ही बनाने के तरीकों को रोकना चाहिए।
- लगातार बार-बार एक ही कीटनाशक दवा का उपयोग नहीं करना चाहिए तथा दवाओं को बदल-बदल कर उपयोग करें.
- सिंथेटिक पायराथ्राईड्स का उपयोग न करें इनके अनावश्यक प्रयोग से फसल में रस चूसक कीटों का प्रकोप होने की संभावना बढ़ होती है।
- छिड़काव हेतु पानी की मात्रा 500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर के मान से उपयोग करना चाहिए।
- तेज धूप व तेज वर्षा के समय छिड़काव कार्य नहीं करना चाहिए।
- बरसात के मौसम में छिड़काव कार्य करते समय वर्षा की संभावना हो तो दवा के घोल में चिपकने वाली दवा जैसे सेण्डोविट या टीपोल आदि मिलाकर ही छिड़काव करें।
- कीटनाशक दवाओं का उपयोग एक तकनीकी कार्य है, अत : इसका उपयोग निर्देशानुसार पूर्ण सावधानी सहित अपनाना चाहिए।

**मंथन**

## गुमला की लड़कियां फुटबॉल में भी अव्वल

झारखंड का गुमला जिला, जो कभी केवल अपने आदिवासी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता था, आज खेल जगत में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है. विशेष रूप से यहां की लड़कियां फुटबॉल के मैदान में अपने जज़्बे और हुनर से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर धूम मचा रही हैं.गुमला की ये बेटियां न केवल सामाजिक बंधनों को तोड़ रही हैं, बल्कि आर्थिक और संसाधनों की कमी के बावजूद अपने कठिन परिश्रम से सफलता की नई मिसाल गढ़ रही हैं. इनकी सफलता के पीछे एक बड़ा कारण स्थानीय कोचों और सामाजिक संगठनों की मेहनत है, जो गांव-गांव जाकर प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रहे हैं.छोटे-छोटे गांवों की ये लड़कियां अब राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत रही हैं, और कुछ ने तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है. फुटबॉल इनके लिए केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का माध्यम बन गया है.इन बेटियों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर अवसर मिले, तो गांव की लड़कियां भी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं. गुमला अब केवल एक जिला नहीं, बल्कि देश को फुटबॉल की नई प्रतिभाएं देने वाला केंद्र बनता जा रहा है.सरकार और खेल मंत्रालय से अपेक्षा है कि वे इन खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग दें, ताकि ये बेटियां और ऊंचाइयों को छू सकें. गुमला की लड़कियों ने यह दिखा दिया है कि सपनों की उड़ान को कोई रोक नहीं सकता.बस जरूरत है सही दिशा और समर्थन की.

**नजरिया**

## क्या चुनाव आयोग राहुल गांधी को जवाब दे पाएगा

हाल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची में धोखाधड़ी और वोट चोरी होने का आरोप लगाया है. उन्होंने कई राज्यों में मतदेयता का पुनरीक्षण लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताया है. वहीं चुनाव आयोग भी अपनी प्रतिक्रिया तेज़ कर दी है. मुख्य चुनाव आयुक्त ग्यानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि राहुल गांधी यदि अपने आरोपों का समर्थन करने वाले प्रमाणों के साथ सात दिनों के भीतर एक शपथपत्र नहीं जमा करेंगे, तो उनकी शिकायत निराधार और अमान्य मानी जाएगी. राहुल गांधी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही संविधान की शपथ ली है और आयोग की मांग राजनीति प्रेरित है. उन्होंने आयोग से मशीन-रीडेबल वोटर डेटा और सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग भी की है, और वेबसाइट के अचानक बंद हो जाने पर सवाल उठाया है. इस मामले पर न्यायालय की भूमिका भी सामने आई है. सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 14, 2025 को अंतरिम आदेश देते हुए चुनाव आयोग से निर्देश दिया कि वह 19 अगस्त तक प्रत्येक जिले और बूथ स्तर पर हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की सूची, हटाने के कारणों सहित, सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करे और आपत्ति स्वीकारे. अगली सुनवाई 22 अगस्त को है. इन सभी कदमों से स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारियों के प्रति सचेत है-चाहे वह प्रतिक्रिया हो, सार्वजनिक डेटा जारी करना हो.

# अमेरिकी वैज्ञानिकों का रिसर्च : बच्चों को कुपोषण से बचाएं

**निशिकांत ठाकुर**



**शारीरिक स्थिति का ख्याल न रखा जाए, तो जन्म लेने वाले शिशु का स्वास्थ्य प्रभावित होता है**

जैसे एक पौधा नियमित देखभाल और पोषण से बढ़ता है, वैसे ही एक शिशु भी माँ के गर्भ से ही देखभाल की अपेक्षा करता है. यदि पौधे को समय पर खाद-पानी नहीं मिलेगा, तो वह सूख जाएगा, उसकी हरियाली और फल-फूल कभी नहीं आ पाएंगे. ठीक यही स्थिति गर्भस्थ शिशु की भी होती है. यदि उसकी मां का ध्यान न रखा जाए, खानपान पर विशेष ध्यान न दिया जाए, मानसिक व शारीरिक स्थिति का ख्याल न रखा जाए, तो जन्म लेने वाले शिशु का स्वास्थ्य प्रभावित होता है. यह देखभाल सिर्फ मां की नहीं, पूरे समाज और व्यवस्था की जिम्मेदारी है.

पद्मविभूषण से सम्मानित, मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल के अनुसार, गर्भकालीन देखभाल का प्रभाव शिशु के जीवन भर पर पड़ता है. उनका कहना है कि गर्भवती महिलाओं का खानपान, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य-इन सबका प्रभाव गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क, शरीर और संपूर्ण विकास पर पड़ता है. अगर मां का जीवन असंतुलित है-जैसे बीड़ी, शराब या गलत दवाओं का सेवन कर रही हो, अस्वस्थ वातावरण में रह रही हो, तो यह सब गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए गंभीर खतरा बन सकता है.

कई माता-पिता अनजाने में या लापरवाहीवश ऐसे निर्णय ले लेते हैं, जो भविष्य में शिशु के स्वास्थ्य को खतरे में डाल देते हैं. कई बार माता-पिता इस लापरवाही का दोष ईश्वर को देते हैं, यह कहते हुए कि ₹भगवान ने उनके साथ अन्याय किया.₹ परंतु सच्चाई यह है कि गर्भावस्था के दौरान की गई अनदेखी ही कई बार शिशु को जन्मजात रोगों का शिकार बना देती है.

अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थाएं भी इस बात को प्रमाणित कर चुकी हैं. अमेरिका के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े एक शोध में कहा गया है कि पाँच साल से कम उम्र के कुपोषित बच्चों में एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध विकसित होने का खतरा काफी अधिक होता है. इसका अर्थ यह है कि यदि ऐसे बच्चों को संक्रमण होता है, तो सामान्य दवाएं उन पर असर नहीं करेंगी. यह स्थिति भविष्य के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है.

**अब सवाल यह उठता है कि आखिर यह कुपोषण क्या है?**

कुपोषण केवल भूख का नाम नहीं है. यह एक ऐसी स्थिति है, जब किसी व्यक्ति को आवश्यक मात्रा में ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन और खनिज तत्व नहीं मिल पाते. इसके कारण व्यक्ति कमजोर होता है, उसका विकास रुक जाता है, और शरीर गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाता है. भारत जैसे विकासशील देश में कुपोषण की जड़ें बहुत गहरी हैं. गरीबी, अशिक्षा, असमान स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन की कमी और सामाजिक जागरूकता का अभाव-ये सभी मिलकर कुपोषण को जन्म देते हैं. ऑस्ट्रेलिया के साउथ बेल्स विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध में बताया गया है कि बढ़ती गर्मी का असर बच्चों की सीखने की क्षमता पर भी पड़ता है. भारत जैसे देश, जहाँ तापमान अत्यधिक और अनियंत्रित है, वहां यह प्रभाव और भी अधिक खतरनाक हो सकता है. शोध के अनुसार, अधिक तापमान मस्तिष्क और खून के बीच की बाधा को तोड़ देता है, जिससे मस्तिष्क में हानिकारक तत्व जमा होने लगते हैं. इससे मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमता घटती है.

शोधकर्ता लव वर्ष्णेय बताते हैं कि मस्तिष्क को नियंत्रित करने वाला हिस्सा जब गर्मी के कारण प्रभावित होता है, तो बच्चों में चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी, सीखने में बाधा जैसी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं. यह स्थिति खासकर उन बच्चों के लिए अधिक घातक होती है जो पहले से ही कुपोषण या गरीबी की स्थिति में हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं, वहां इस तरह का पौष्टिक आहार, सुरक्षित पेयजल और अच्छा वातावरण मिल पाना संभव है?

उत्तर कठिन है, लेकिन असंभव नहीं. इसके लिए व्यापक नीतिगत प्रयासों की आवश्यकता है. पोषण, शिक्षा और स्वच्छता पर एक साथ कार्य करना होगा. सरकार को चाहिए कि वह न केवल मुफ्त अनाज दे, बल्कि गुणवत्तापूर्ण पोषण भी सुनिश्चित करे. मिड-डे मील योजना जैसी योजनाओं को और प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, और बाल विकास केंद्रों (आंगनवाड़ी) को मजबूत किया जाए.

शिक्षा भी इस समस्या का समाधान है. जब तक हर वर्ग शिक्षित नहीं होगा, तब तक कुपोषण, गरीबी और बीमारियाँ खत्म नहीं हो सकतीं. लेकिन स्थिति यह है कि गरीब और पिछड़े वर्गों के बच्चे अभी भी स्कूल तक नहीं पहुँच पा रहे हैं. गर्मियों में झोपड़ियों में रहने वाले बच्चे, बिना बिजली, साफ पानी और पौष्टिक भोजन के, अपना भविष्य गंवा रहे हैं. वहीं संपन्न वर्ग के लोग अपने बच्चों को विदेशों में भेजकर उनके लिए एक बेहतर वातावरण तैयार कर रहे हैं.

भारत में वास्तविकता यह है कि एक बड़ा वर्ग केवल इस भरोसे पर जी रहा है कि सरकार ही उनकी गरीबी, बीमारी और अशिक्षा दूर कर सकती है. यह विश्वास तब तक सार्थक नहीं होगा, जब तक हर नागरिक तक पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंचाई जाएंगी.

सकारात्मक पक्ष यह है कि विश्व के कई शोध संस्थानों ने यह सिद्ध किया है कि अगर गर्भावस्था से ही शिशु की देखभाल की जाए, माँ को सही सलाह दी जाए, तो बच्चों की मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है. यह केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का काम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, शिक्षा प्रणाली, महिला सशक्तिकरण और समुचित पोषण आपूर्ति तंत्र का संयुक्त प्रयास है.

अंततः यह समझना जरूरी है कि जैसे पौधे को जड़ से सींचा जाए तो वह हरियाली और फल देता है, वैसे ही यदि एक शिशु को गर्भ से ही सही देखभाल मिले, तो वह स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त नागरिक बनकर देश की प्रगति में योगदान दे सकता है. लेकिन यह तभी संभव है जब हम कुपोषण को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संकट के रूप में समझें और उससे लड़ने के लिए समर्पित प्रयास करें.

जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक भारत की बड़ी आबादी गरीबी, बीमारी और अशिक्षा के अंधेरे में जीती रहेगी. और तब तक देश की असली प्रगति अधूरी ही रहेगी.

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

**आज का इतिहास**

1666 -शिवाजी आगरा में फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार.
1757-ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पहला एक रुपये का सिक्का ढाला गया.
1796-स्पेन और फ्रांस ने ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये.
1919-अफ़ग़ानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की.
1944-भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को खदेडा गया.
1949-भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बनी.
1964 - संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण.
1977-सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया.
1978-ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत.
1998-सूडान एवं अफ़ग़ानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिसाइलों से हमला किया.


## बंदर और लकड़ी का खूंटा : पंचतंत्र की कहानी

**चिंतन**

एक समय शहर से कुछ ही दूरी पर एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा था. मंदिर में लकड़ी का काम बहुत था इसलिए लकड़ी चीरने वाले बहुत से मज़दूर काम पर लगे हुए थे. यहां-वहां लकड़ी के लठ्टे पडे हुए थे और लठ्टे व शहतीर चीरने का काम चल रहा था. सारे मज़दूरों को दोपहर का भोजन करने के लिए शहर जाना पड़ता था, इसलिए दोपहर के समय एक घंटे तक वहां कोई नहीं होता था. एक दिन खाने का समय हुआ तो सारे मज़दूर काम छोड़कर चल दिए. एक लठ्टा आधा चिरा रह गया था. आधे चिरे लठ्टे में मज़दूर लकड़ी का कीला फंसाकर चले गए. ऐसा करने से दोबारा आरी घुसाने में आसानी रहती है. तभी वहां बंदरों का एक दल उछलता-कूदता आया. उनमें एक शरारती बंदर भी था, जो बिना मतलब चीजों से छेड़छाड़ करता रहता था. पंगे लेना उसकी आदत थी. बंदरों के सरदार ने सबको वहां पड़ी चीजों से छेड़छाड़ न करने का आदेश दिया. सारे बंदर पेड़ों की ओर चल दिए, पर वह शैतान बंदर सबकी नजर बचाकर पीछे रह गया और लगा अड़ंगेबाजी करने.

उसकी नजर अधचिरे लठ्टे पर पड़ी. बस, वह उसी पर पिल पड़ा और बीच में अड़ाए गए कीले को देखने लगा. फिर उसने पास पड़ी आरी को देखा. उसे उठाकर लकड़ी पर रगड़ने लगा. उससे किर्रर्र-किर्रर्र की आवाज़ निकलने लगी तो उसने गुस्से से आरी पटक दी. उन बंदरो की भाषा में किर्रर्र-किर्रर्र का अर्थ 'निखट्टू' था. वह दोबारा लठ्टे के बीच फंसे कीले को देखने लगा. उसके दिमाग में कौतुहल होने लगा कि इस कीले को लठ्टे के बीच में से निकाल दिया जाए तो क्या होगा? अब वह कीले को पकड़कर उसे बाहर निकालने के लिए ज़ोर आजमाईश करने लगा. लठ्टे के बीच फंसाया गया कीला तो दो पाटों के बीच बहुत मज़बूती से जकड़ा गया होता हैं, क्योंकि लठ्टे के दो पाट बहुत मज़बूत स्प्रिंग वाले क्लिप की तरह उसे दबाए रहते हैं. बंदर खूब ज़ोर लगाकर उसे हिलाने की कोशिश करने लगा. कीला जोर लगाने पर हिलने व खिसकने लगा तो बंदर अपनी शक्ति पर खुश हो गया.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #MPVarg01PostIncrease2023 18K
2. #OPPOK13TurboOnFlipkart
3. #PaytmOnNetflix
4. #K13TurboPro5G 20K
5. #GresbondSeLagayaHotaToh
6. B. Live Unstoppable
7. नेताजी सुभाष चंद्र बोस 15K
8. A. Turbo Breathing Light
9. B. 120 FPS
10. आजाद हिंद 11

# बहुरंग



## 'वॉर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर की शानदार शुरुआत, पहले दिन लगभग 52.5 करोड़

दमदार एक्शन और शानदार अदाकारी से सजी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' आखिरकार बड़े पर्दे पर दस्तक दे चुकी है. लंबे समय से चल रही चर्चाओं और जबरदस्त प्रमोशन के बाद रिलीज़ हुई इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से भले ही मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हों, लेकिन ओपनिंग डे पर इसके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन ने साफ कर दिया कि दर्शकों में इसकी मांग बरकरार है. रिलीज़ के पहले ही दिन फिल्म ने सिनेमाघरों में रौनक लौटा दी है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक 'वॉर 2' ने पहले दिन लगभग 52.5 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की. इसमें हिंदी वर्ज़न से लगभग 29 करोड़ रुपये, तेलुगु से 23.25 करोड़ रुपये, और तमिल से लगभग 25 लाख रुपये का योगदान रहा. फिल्म ने पहले ही दिन दर्शकों के बीच मजबूत पकड़ बना ली है. अब सबकी निगाहें वीकेंड के कलेक्शन पर टिकी हैं, जो फिल्म की लंबी रेस तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे. फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है, जिन्होंने एक्शन, रोमांच और ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण पेश करने की कोशिश की है. निर्माता आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी किस्त है, जो इस फ्रेंचाइज़ी के दायरे और रोमांच को एक नए स्तर पर ले जाती है.

कहानी में दर्शकों को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच दमदार और रोमांचक टकराव देखने को मिलता है, जो फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है. वहीं, ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा है, जिससे फिल्म में भावनात्मक संतुलन बना रहता है. गौरतलब है कि 'वॉर 2' साल 2019 में आई ब्लॉकबस्टर 'वॉर' का सीक्वल है, जिसने दुनियाभर में 471 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया था. ऐसे में, नए सितारों और बड़े पैमाने पर फिल्माए गए एक्शन सीक्वेंस के साथ, 'वॉर 2' से उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं.




## रजनीकांत की 'कुली' ने बॉक्स ऑफिस पर की 65 करोड़ रुपये की भरपूर कमाई

इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए कई फिल्में धूम मचा रही हैं, जिनमें रजनीकांत की 'कुली' भी शामिल है. 14 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म को समीक्षकों से सराहनीय प्रतिक्रिया मिली है. रिलीज के साथ ही 'कुली' ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरुआत करते हुए कब्जा जमा लिया है. अब पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं, और ये बेहद प्रभावशाली हैं. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार रजनीकांत की 'कुली' ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को लगभग 65 करोड़ रुपये की कमाई की. ये शुरुआती आंकड़े हैं, जिनमें आधिकारिक पुष्टि के बाद मामूली बदलाव संभव है. माना जा रहा है कि वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल आएगा. करीब 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में रजनीकांत के दमदार एक्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, और प्रशंसक उनकी अदाकारी के कायल हो गए हैं.

'कुली' का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला प्रोजेक्ट है. फिल्म में रजनीकांत देवा के किरदार में नज़र आ रहे हैं, जिनका दमदार एक्शन दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है. उनके साथ नागार्जुन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, श्रुति हासन, सत्यराज और आमिर खान जैसे सितारे भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. बॉक्स ऑफिस पर 'कुली' की टक्कर इन दिनों ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' से हो रही है.

रजनीकांत की इस एक्शन फिल्म ने पहले दिन 65 करोड़ कमाए और इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली इंडियन फिल्म बन गई. दूसरे दिन का कलेक्शन 54.75 करोड़ और तीसरे दिन का 39.5 करोड़ रुपये रहा. चौथे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 9:05 बजे तक 28.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन करते हुए टोटल 188.2 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं. ये आंकड़े फाइनल नहीं हैं. इनमें बदलाव हो सकता है.

## 'बॉर्डर 2' में सनी देओल का फर्स्ट लुक रिलीज




मशहूर वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर' के सीक्वल 'बॉर्डर 2' की जबसे आधिकारिक घोषणा हुई है, प्रशंसकों के बीच रोमांच अपने चरम पर है. इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे दमदार सितारे मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं. मेकर्स का दावा है कि यह भारतीय सिनेमा के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म साबित होगी, जो देशभक्ति और वीरता का अद्वितीय संगम पेश करेगी. स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को एक शानदार तोहफ़ा दिया है, 'बॉर्डर 2' से सनी देओल का पहला लुक, सामने आए पोस्टर में सनी हाथ में बंदूक थामे, फौजी वर्दी में नज़र आ रहे हैं. उनकी आंखों में देश के प्रति अटूट प्रेम, साहस और जोश साफ झलक रहा है. चेहरा पसीने और धूल से लथपथ है, लेकिन उनकी दृढ़ नज़रें यह बयां कर रही हैं कि मातृभूमि की रक्षा के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं. फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं, जिन्होंने इसे न सिर्फ़ एक युद्ध कथा बल्कि जज़्बातों, त्याग और बलिदान की कहानी बनाने का संकल्प लिया है. पहले 'बॉर्डर 2' की रिलीज़ डेट 23 जनवरी 2026 तय की गई थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे एक दिन पहले यानी 22 जनवरी 2026 को रिलीज़ करने का फैसला किया है, ताकि गणतंत्र दिवस के जज़्बे के साथ दर्शक इसे और गहराई से महसूस कर सकें. प्रशंसक अब बेसब्री से फिल्म का ट्रेलर और सनी देओल के एक्शन से भरपूर अवतार का इंतज़ार कर रहे हैं. साफ है कि 'बॉर्डर 2' सिर्फ़ एक फिल्म नहीं, बल्कि देशभक्ति का सिनेमाई पर्व बनने जा रही है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-2-6-8

**वृष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढऩे के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-3-6-7

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-6-8-9

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. शुभांक-2-5-7

**कन्या :** आय और नया कार्य के लिए दिन बहुत ही शुभ है. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. पितरों के नाम से अन्न दान भी करें. शुभांक-4-5-8

**तुला :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. यात्रा का योग हैं. शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक :** कुछ आर्थिक ङ्क्षचताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. समय का सदुपयोग करें. साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे. शुभांक-2-6-8

**धनु :** आलस्य का त्याग करें. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा. धन वृद्घि होगी. शुभांक-4-6-8

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. शुभांक-4-6-7

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-9

### ब्रीफ न्यूज

## चिकित्सकों और स्टाफ की लापरवाही से महिला की मौत

**आरा।** गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर कृतपुरा गांव निवासी प्रेम सागर ने अपनी पत्नी पूनम देवी को गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के अभाव में उनकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि पूनम देवी को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और उनका शरीर ठंडा पड़ गया था. परिजन उन्हें तत्काल सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ की लापरवाही के चलते उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल सका. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उन्हें इलाज के बजाय लगातार इधर-उधर दौड़ाया गया.

## दो मासूम भाई-बहन की मौत: पुलिस की जांच जारी

**पटना।** पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 12 में 15 अगस्त की शाम 7 वर्षीय लक्ष्मी और 5 वर्षीय दीपक के शव एक कार के अंदर मिले. बच्चों के शरीर पर झुलसे और चोट के निशान थे, जिससे परिजनों में हत्या का संदेह उत्पन्न हुआ. बच्चों के पिता गणेश ने उनकी महिला ट्यूशन टीचर पर हत्या का आरोप लगाया था. हालांकि, पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद पिता द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए ट्यूशन टीचर को क्लीन चिट दे दी है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांची, जिसमें बच्चे ट्यूशन पढ़कर सुरक्षित घर लौटते दिखे.

## पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद भाजपा में शामिल होंगे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गलियारों में बड़े उलटफेर देखने को मिल रहे हैं. जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर के लिए बड़ा झटका तब आया जब उनकी पार्टी के अहम सदस्य और पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं. आनंद मिश्रा का यह कदम प्रशांत किशोर के लिए राजनीतिक चुनौती बन सकता है. सूत्रों के मुताबिक, आनंद मिश्रा 19 अगस्त को सुबह 11 बजे पटना स्थित बीजेपी कार्यालय में औपचारिक रूप से सदस्यता लेंगे. पार्टी उन्हें बक्सर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार सकती है.

# 'ब्रह्मर्षि स्वाभिमान सम्मेलन' में भूमिहार समाज ने दिखाए राजनीतिक तेवर'

संवाददाता। पटना



बिहार की राजनीति में सामाजिक समीकरणों के बदलते संकेत के बीच रविवार को पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित 'ब्रह्मर्षि स्वाभिमान सम्मेलन' ने एक नई दिशा दिखाई. परबत्ता से विधायक डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में भूमिहार समाज ने अपनी एकजुटता, जागरूकता और राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट संकेत दिया कि अब यह समाज "बंधुआ वोटर" नहीं रहेगा. बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे समाज के लोगों ने इस सम्मेलन में अपनी मांगों और भावनाओं को एक स्वर में व्यक्त किया.

कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक दलों, खासकर एनडीए को यह स्पष्ट करना था कि भूमिहार समाज केवल समर्थन नहीं, बल्कि अब राजनीतिक सम्मान और भागीदारी की मांग कर रहा है. सम्मेलन में समाज की ओर से छह प्रमुख मांगें रखी गईं. सबसे महत्वपूर्ण मांग थी बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को भारत रत्न देने की. इसके अलावा, ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों को अन्य राज्यों की तरह अधिक प्रयासों और आयु सीमा में छूट देने, हर जिले में ईडब्ल्यूएस छात्रावास की स्थापना की बात कही गई. बिहटा एयरपोर्ट का नाम स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर रखने की भी जोरदार मांग उठी. एक अन्य प्रमुख मांग जातिगत पहचान को लेकर रही, जिसमें प्रशासनिक दस्तावेजों और पौराणिक संदर्भों के अनुसार इस समाज को "भूमिहार ब्राह्मण/बाभन" के रूप में दर्ज करने की मांग की गई. साथ ही भूमिहार समाज द्वारा दान की गई जमीनों पर बने शैक्षणिक संस्थानों का नाम उनके दानदाताओं के नाम पर रखने की मांग की गई. विशेष रूप से बेतिया स्थित मेडिकल कॉलेज का नाम पुनः "महारानी जानकी कुंवर मेडिकल कॉलेज" रखने की बात सामने आई. इस अवसर पर पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला की पत्नी अन्नू शुक्ला, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मृणाल माधव, गायक व बिग बॉस फेम दीपक ठाकुर समेत कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं. सम्मेलन ने न केवल समाज के भीतर आत्मविश्वास जगाया, बल्कि राज्य की राजनीति में भी इसकी धमक महसूस कराई. भूमिहार समाज की ऐतिहासिक भूमिका शिक्षा, प्रशासन, साहित्य और राजनीति में सदैव अग्रणी रही है. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह, स्वामी सहजानंद सरस्वती और रामधारी सिंह दिनकर जैसे विभूतियों की विरासत को आगे बढ़ाने का यह प्रयास, बिहार की राजनीति दिशा को नया मोड़ देने की क्षमता रखता है.

# तेजस्वी के 'चूना' वाले बयान पर भड़के शाहनवाज हुसैन

### बोले-मोदी कोई खैनी नहीं जिसे रगड़ दिया जाए

संवाददाता। सासाराम



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने करारा जवाब दिया है. सासाराम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने तेजस्वी पर पलटवार करते हुए कहा कि "मोदी जी को खैनी-चूना समझने की भूल न करें. वह नरेंद्र मोदी हैं, कोई खैनी या चूना नहीं जिसे रगड़ दिया जाए. "गौरतलब है कि तेजस्वी यादव ने एक दिन पहले सासाराम की सभा में कहा था कि "बिहार में चूना के साथ खैनी भी रगड़ा जाता है, और मोदी जी बिहार की जनता को चूना लगा रहे हैं. " इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता तेजस्वी और उनकी पार्टी को रगड़ देगी. शाहनवाज ने चारा घोटाले और अन्य भ्रष्टाचार के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि "राजद वाले तो खुद ही रगड़ते रहे हैं – कभी 'लाठी में तेल पिलावन' रैली करके, तो कभी चारा घोटाला और लैंड फॉर जॉब घोटाला करके. अब दूसरों को चूना समझने की गलती कर रहे हैं. "उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को अपने बयानों में संयम बरतना चाहिए और यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता लालू यादव किस तरह से चारा घोटाले में सजा काट चुके हैं. भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के विकास के लिए जितना काम किया है, उतना काम आज तक किसी सरकार ने नहीं किया. उन्होंने कहा कि जनता इस बार जवाब देगी और सच्चाई को समझेगी.

# नवगछिया में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाएगी अरिस्टो फार्मा

संवाददाता। भागलपुर

देश की जानी-मानी दवा कंपनी अरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक (एमडी) भोला बाबू बिहार के गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं. अब तक वे राज्य के करीब सौ गांवों को गोद लेकर वहां बुनियादी सुविधाओं का विकास करा चुके हैं. इसी क्रम में रविवार को वे भागलपुर जिले के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत तुलसीपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने गांव को गोद लेने की घोषणा की और साथ ही कई विकास कार्यों का ऐलान भी किया. गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भोला बाबू ने कहा कि उन्हें बेहद पीड़ा होती है जब बिहार के लोगों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है. उन्होंने कहा, ₹मेरी कोशिश है कि बिहार के लोगों को उनके घर पर ही सम्मानजनक काम मिले. इसके लिए मैं खुद उन्हें नौकरी के अवसर देने की दिशा में प्रयास कर

**तुलसीपुर गांव को लिया गोद**



देखा कि तुलसीपुर और आसपास के इलाके में केले की खेती बड़े पैमाने पर होती है, लेकिन किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है. इस स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने घोषणा की कि यहां जल्द ही एक फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी.

उन्होंने बताया कि इसके लिए वे जल्द अन्य कंपनियों से बातचीत करेंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर केले से जुड़ी मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किए जा सकें और किसानों को सीधा लाभ मिले. इसके अलावा, भोला बाबू ने तुलसीपुर गांव के स्कूल के लिए भी

उन्होंने एक अतिरिक्त शौचालय का निर्माण, आरओ वाटर सिस्टम, स्मार्ट टीवी और बैटरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया. साथ ही गांव की हर गली और मोड़ पर स्ट्रीट लाइट लगाने की भी बात कही. भोला बाबू ने कहा, 'अभी इस गांव की तस्वीर कैमरे में कैद कर लीजिए, डेढ़ साल बाद जब दोबारा देखेंगे, तो विकास की तस्वीर साफ नजर आएगी. उनके इस कदम से ग्रामीणों में उत्साह है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस पहल से न सिर्फ गांव का चेहरा बदलेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे.

### न्यूज अपडेट

## मिनी गन फैक्ट्री खुलासे के 11 दिन बाद भी मुख्य आरोपी फरार, जमुई पुलिस पर उठ रहे सवाल

**जमुई।** जमुई जिले में मिनी गन फैक्ट्री के सनसनीखेज खुलासे को 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन इस मामले में मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. 7 अगस्त को गढ़ी थाना क्षेत्र के रोपावेल गांव में मुखिया मुन्ना साह के आवास से मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था. छापेमारी में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें मुखिया का भतीजा भी शामिल था. गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने टाउन थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में गुड्डू सिन्हा और मलयपुर थाना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के पास अमित सिंह के आवास से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार और उपकरण बरामद किए थे. इस कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर मिनी गन फैक्ट्री का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ था. हालांकि, इस हाई प्रोफाइल मामले के दो मुख्य आरोपी - मुखिया मुन्ना साह और अमित सिंह- अभी भी फरार हैं. उनकी गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने केवल छोटे अपराधियों को पकड़ा है, जबकि इस पूरे नेटवर्क के मास्टरमाइंड अब तक खुलेआम घूम रहे हैं.

## 15 हजार के इनामी भूमाफिया सुधीर श्रीवास्तव गिरफ्तार

**मोतीहारी।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी भूमाफिया सुधीर श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है. मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. बताया गया कि सुधीर श्रीवास्तव पर जबरन जमीन कब्जा करने को लेकर एक माह पूर्व मुकदमा दर्ज किया गया था. इसके बाद वह फरार चल रहा था. एसपी स्वर्ण प्रभात ने 23 जुलाई को सुधीर श्रीवास्तव की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. पुलिस को जैसे ही उसके ठिकाने की सूचना मिली, टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपी पर पहले से एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. एसपी ने भूमाफिया की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की जांच के निर्देश दिए हैं. पुलिस अब उसकी संपत्ति की गहराई से जांच कर रही है. यदि संपत्तियां अवैध रूप से अर्जित पाई जाती हैं, तो उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## खाद्यान्न कालाबाजारी पर छापेमारी के बाद उठे सवाल

**कटिहार।** जिले के सीएमआर गोदाम में खाद्यान्न कालाबाजारी की आशंका को लेकर हुई छापेमारी ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. 14 अगस्त को एसडीएम आलोक चंद चौधरी ने राज्य खाद्य निगम के गोदाम में छापेमारी की, जहां अनाज की कमी और कालाबाजारी की आशंका जताई गई. इस दौरान एक निजी गाड़ी से तीन लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए, जिसे नगर थाना में जमा कराया गया. हालांकि, छापेमारी के अगले ही दिन 15 अगस्त की शाम तक पूरा मामला उलझ गया. जिन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया था, उन्हें रात में ही "आवेदन के आधार पर दोषमुक्त" कर छोड़ दिया गया. इस तरह की 'पकड़ो और छोड़ो' नीति ने प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि छापेमारी की उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं थी और न ही इस कार्रवाई की अनुमति ली गई थी.

## निशांत ने सीएम नीतीश के विकास कार्यों की सराहना की

**पटना।** एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर बड़ा बयान दिया. दिल्ली रवाना होने से पहले निशांत ने कहा कि उनके पिता ने 2005 से बिहार में लगातार विकास कार्य किए हैं. उन्होंने बताया कि 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा किया गया है और अब 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है. निशांत ने जातिगत जनगणना कराने और 94 लाख गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की योजना का भी उल्लेख किया. इसके अलावा, उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने, युवा आयोग का गठन करने और मानदेय बढ़ाने जैसे कामों का जिक्र किया. निशांत ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से सरकार विकास कार्यों में लगी हुई है और आगे भी इसी तरह काम करती रहेगी. तेजस्वी यादव के आरोपों पर निशांत ने कहा कि उनके पिता के कार्यों की नकल करने की बात गलत है क्योंकि नीतीश कुमार 20 वर्षों से बिहार में विकास कर रहे हैं.

### कारोबार

## क्रेडिट कार्ड से ज्यादा खर्च पड़ सकता है भारी

**नयी दिल्ली।** अगर आप क्रेडिट कार्ड से खूब शॉपिंग करते हैं, तो सतर्क हो जाइए. इनकम टैक्स विभाग अब आपकी खर्च करने की आदतों पर गहराई से नजर रख रहा है. खासकर तब, जब आपका क्रेडिट कार्ड बिल 1 लाख या उससे अधिक हो. आजकल ईएमआई, ऑनलाइन शॉपिंग, ट्रैवल और रेस्टोरेंट जैसे खर्चों के लिए लोग क्रेडिट कार्ड का बढ़-चढ़कर इस्तेमाल कर रहे हैं. इनकम टैक्स नियमों के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति साल में 2 लाख से ज्यादा क्रेडिट कार्ड से खर्च करता है या 1 लाख से ज्यादा नकद में बिल चुकाता है, तो यह जानकारी सीधे विभाग तक पहुंच जाती है.

## बीएसएनएल को जून तिमाही में 1,049 करोड़ का घाटा

**नयी दिल्ली।** करीब दो दशकों में मुनाफे की पटरी पर लौट रही भारत संचार निगम लिमिटेड जून तिमाही में मुनाफे की हैट्रिक लगाने से चूक गई है. मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी टेलीकॉम कंपनी को अप्रैल-जून 2025 तिमाही में 1,049 करोड़ का घाटा हुआ है. इससे पिछली दो तिमाहियों—मार्च में 280 करोड़ और दिसंबर में 262 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया गया था. इस तिमाही में बीएसएनएल के ऑपरेशनल रेवेन्यू में 24% की गिरावट आई है, जो घटकर 5,029.6 करोड़ रह गया.

## जेप्टो ने होबल के साथ मिलकर रियल एस्टेट में रखा कदम

**नयी दिल्ली।** क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो ने अब दूध, ब्रेड और सब्ज़ियों से आगे बढ़ते हुए रियल एस्टेट सेक्टर में एंट्री कर ली है. भारत की प्रमुख ब्रांडेड लैंड डेवेलपर कंपनी होबल के साथ साझेदारी करते हुए जेप्टो ने एक नया ऐड लॉन्च किया है. जन्माष्टमी के मौके पर जारी इस ऐड में जेप्टो का डिलीवरी बॉय एक खूबसूरत प्लॉट की झलक दिखाता है. ऐड की टैगलाइन है - "इस जन्माष्टमी पर, भारत के सबसे बड़े ब्रांडेड लैंड डेवलपर, हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और ज़ेप्टो के साथ ज़मीन के निवेश की नई कल्पना करें." इस साझेदारी से संकेत मिलते हैं कि अब जेप्टो पर जमीन में निवेश की सुविधा भी मिल सकती है.

### मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

# 1,168 अंक तक उछला सेंसेक्स

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले से किए गए जीएसटी सुधारों के ऐलान और भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ने की पॉजिटिव खबर के कारण शेयर बाजार में आज लगातार उत्साह का माहौल बना रहा. हालांकि शुरुआती तेजी के बाद बाजार में कुछ देर के लिए मुनाफा वसूली का दबाव भी बना, इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी लगातार बढ़त के साथ ही कारोबार करते रहे. दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1168.11 अंक तक उछल गया. इसी तरह निफ्टी ने भी 390.70 अंक तक की छलांग लगाई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और निफ्टी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही. इसी तरह बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए. दूसरी ओर आईटी, एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स एक प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.39 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 451.09 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया. जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.78 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.31 लाख करोड़ रुपये का जबरदस्त मुनाफा हो गया. आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,365 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,562 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,627 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 176 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,760 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,858 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 902 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए. कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 1,168.11 की बढ़त के साथ 81,765.77 अंक तक पहुंच गया. हालांकि दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 560 अंक से अधिक फिसल कर 81,202.42 अंक तक पहुंच गया. इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर बनाया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आने लगा. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 676.09 अंक की तेजी के साथ 81,273.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

## भारत को चाहिए नई पीढ़ी के सुधार: रघुराम राजन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर एक अहम चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि यदि भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत अर्थव्यवस्था बनना है तो उसे ₹नई पीढ़ी के सुधारों₹ की जरूरत है. छोटे-मोटे बदलावों से वह गति नहीं मिलेगी, जो देश को चाहिए. राजन ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत में नौकरशाही बहुत अधिक है और यह निवेश के रास्ते में रुकावट बन रही है. उन्होंने लाल फीताशाही को कम करने की जरूरत बताई और कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को इस दिशा में मिलकर काम करना होगा. उन्होंने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि अगर इन्हें बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाए, तो ये भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे ले जा सकते हैं. उन्होंने सत्य नडेला, जेवी रामकृष्ण और अभिजीत बनर्जी जैसे उदाहरण देकर बताया कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत है उन्हें सही दिशा और अवसर देने की. राजन ने प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच की वकालत की. उन्होंने कहा कि भारत फिलहाल 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और 6.5% की दर से बढ़ रही है.

## ट्रंप के टैरिफ दबाव से न डरें: जेफरीज वुड

**नई दिल्ली।** जेफरीज के प्रमुख रणनीतिकार क्रिस्टोफर वुड ने निवेशकों को मौजूदा हालात में भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी करने की सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर आयात टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बावजूद यह बिकवाली का नहीं, बल्कि निवेश का मौका है. वुड ने अपने प्रसिद्ध न्यूजलेटर ग्रीड एंड फियर में लिखा कि ट्रंप के आक्रामक रवैये से ब्रिक्स देशों में डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है. उन्होंने जोर दिया कि ट्रंप की नीतियां अमेरिका के दीर्घकालिक हित में नहीं हैं और संभव है कि वे भविष्य में इनसे पीछे हटें. ऐसे में भारत को इस दबाव में नहीं आना चाहिए. वुड का मानना है कि टैरिफ की आशंका के बावजूद भारतीय शेयरों को बेचना उचित नहीं है. उन्होंने कहा, ₹जेफरीज भारत से होने वाले इम्पोर्ट पर 50% टैरिफ की बात को भारतीय इक्विटी बेचने का कारण नहीं मानता, बल्कि यह खरीद का मौका हो सकता है.₹ हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत का बाजार हाल में कमजोर रहा है, जिसका कारण ऊंचे वैल्यूएशन और भारी इक्विटी सप्लाई है. फिर भी, एशिया-पैसिफिक पोर्टफोलियो में जेफरीज भारत में मामूली ओवरवेट बना रहा है, जो उनके भरोसे को दर्शाता है.

## शेयर बाजार में निवेशकों को 9 लाख करोड़ रुपये का हुआ फायदा

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आने वाले कुछ सामानों पर 50% टैरिफ लगाने के एलान से जहां वैश्विक आर्थिक हलकों में चिंता बढ़ी थी, वहीं भारतीय बाजार ने सोमवार को इसके विपरीत रुख दिखाया. बाजार खुलते ही सेंसेक्स में 1100 अंकों की जबरदस्त छलांग देखने को मिली. इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वतंत्रता दिवस पर किया गया वह ऐलान था, जिसमें उन्होंने दिवाली तक जीएसटी प्रणाली में बड़े सुधार की बात कही थी. मोदी के इस बयान से निवेशकों में भरोसा बढ़ा कि टैक्स का बोझ घटेगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा. नतीजतन, सिर्फ 35 मिनट में निवेशकों को करीब 9 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ. यह बाजार की मोदी सरकार पर मजबूत भरोसे और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाए गए कदमों का संकेत है. जहां ट्रंप के टैरिफ ने अस्थायी झटका दिया, वहीं मोदी के सुधारात्मक कदम ने बाजार को नई ऊर्जा दी. अमेरिकी विश्लेषकों ने भी माना कि भारत की यह रणनीति काफी प्रभावी और दूरदर्शी है.

# केंद्र ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कई कदम उठाए: शोभा


एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए कई कदम उठाए हैं. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिससे इस योजना का दायरा बढ़ गया है. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी. करंदलाजे ने सदन को बताया कि एमएसएमई मंत्रालय ने कारोबार में आसानी के लिए एमएसएमई के लिए उद्यम पंजीकरण 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी है. खुदरा और थोक व्यापारियों को 02 जुलाई, 2021 से एमएसएमई के रूप में शामिल करना शामिल है. करंदलाजे ने बताया कि अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए औपचारिक दायरे में लाने हेतु 20 उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म (यूएपी) का शुभारंभ किया गया. एमएसई के लिए 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण की सुविधा प्रदान करने और रोजगार के अवसरों का विस्तार करने हेतु 9,000 करोड़ रुपये की आवश्यक धनराशि के साथ ऋण गारंटी योजना का पुनर्गठन किया गया. उन्होंने सदन को बताया कि 18 व्यवसायों में लगे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण लाभ प्रदान करने के लिए 17 सितंबर, 2023 को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का शुभारंभ हुआ. मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) कोष की स्थापना उन एमएसएमई में इक्विटी फंडिंग के रूप में 50,000 करोड़ रुपये डालने के लिए की गई है, जिनमें विकसित होकर बड़ी इकाइयां बनने की क्षमता और व्यवहार्यता है. केंदीय राज्य मंत्री ने कहा कि 90 फीसदी तक गारंटी कवरेज वाले एमएसई को विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए 10 करोड़ रुपये 01 अप्रैल, 2025 से प्रभावी तक की सीमा तक संपार्श्विक मुक्त ऋण, क्रेडिट गारंटी योजना के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं.

### आईपीओ | स्टार इमेजिंग की स्टॉक मार्केट में सपाट लिस्टिंग, पहले दिन ही

# आईपीओ निवेशकों को 3.06 प्रतिशत का नुकसान

एजेंसी। नयी दिल्ली



देश के कई हिस्सों में डायग्नॉस्टिक्स और इमेजिंग नेटवर्क चलाने वाली कंपनी स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. सपाट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर अपने इश्यू प्राइस से भी नीचे जाकर बंद हुआ. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 142 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 142 रुपये के स्तर पर ही हुई. लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से कंपनी के शेयर 134.90 रुपये के स्तर तक गिर गए. हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के कारण स्टार इमेजिंग के शेयर निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके 137.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 4.35 रुपये यानी 3.06 प्रतिशत का नुकसान हो गया.

स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब का 69.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 8 से 12 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 5.67 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 12.85 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 4.38 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 55.66 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 13.80 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा. इसका रेवेन्यू इस दौरान सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 83.79 करोड़ रुपये रहा.

### आर्चरी प्रीमियर लीग : पहले सीजन के लिए भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट जारी, दुनिया भर के तीरंदाज फ्रेंचाइजी शैली में एक-दूसरे से भिड़ेंगे

# दीपिका, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक सहित कई शीर्ष भारतीय तीरंदाज शामिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**





आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने आर्चरी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है. यह पहला ऐसा टूर्नामेंट होगा, जिसमें दुनिया भर के रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइज़ी शैली में एक-दूसरे से भिड़ेंगे. इसमें शामिल खिलाड़ियों को विश्व रैंकिंग (टॉप-10, टॉप-20) और हाल ही में हुई एएआई चयन ट्रायल्स के आधार पर चुना गया है. ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवर (विश्व नंबर 14) रिकर्व कैटेगरी में खेलेंगे. वहीं कंपाउंड कैटेगरी में विश्व रिकॉर्डधारी जोड़ी — ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) भी हिस्सा लेगी. इनके अलावा विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 पृथमेश फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 पर्नीत कौर भी मैदान में उतरेंगे. हालिया चयन ट्रायल्स के आधार पर ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक 4) और अतानु दास (रैंक 5) भी रिकर्व प्रतियोगिता में खेलेंगे. वहीं महिला रिकर्व वर्ग में अंकिता भक्त (रैंक 2) और भजन कौर (रैंक 6) के साथ कई युवा खिलाड़ी शामिल किए गए हैं. पुरुष कंपाउंड खिलाड़ियों में अमन सैनी (रैंक 1), ओजस प्रवीन देवताले (रैंक 5), साहिल राजेश जाधव (रैंक 6), चिट्टिबोम्मा जिग्नास (रैंक 8) और पुलकित कजला (रैंक 9) खेलेंगे.

महिला कंपाउंड खिलाड़ियों में प्रिथिका प्रदीप (रैंक 3), तनीपार्थी चिकीथा (रैंक 4), अवनीत कौर (रैंक 5), सुर्या हमसिनी (रैंक 6), स्वाति दूधवाल (रैंक 7), मधुरा धामनगांवकर (रैंक 8) और प्रांजल राजेंद्र साल्वे (रैंक 9) शामिल हैं. एएआई अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, “हमें खुशी है कि भारत के सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज पहले सीज़न में हिस्सा ले रहे हैं. उनकी मौजूदगी इस लीग को रोमांचक बनाएगी और खेल को नई पहचान दिलाएगी.” एएआई महासचिव वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, “भारतीय तीरंदाजों की सफलता ही इस लीग की नींव है.

हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा.” यह लीग इस साल अक्टूबर में 11 दिनों तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी. इसमें छह फ्रेंचाइज़ियों के बीच शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भी भागीदारी होगी. यह पहली बार होगा जब रिकर्व (70 मीटर) और कंपाउंड (50 मीटर) तीरंदाज रोशनी में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे. इस आयोजन को विश्व आर्चरी, वर्ल्ड आर्चरी एशिया और भारत सरकार के खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है.

### एशिया कप 2025: बाबर व रिजवान को टीम में नहीं लिया गया

# जावेद मियांदाद ने उठाए सवाल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**





एशिया कप 2025 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. टूर्नामेंट से पहले यह टीम यूएई में एक त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेलेगी, जिसमें उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्हें एशिया कप के लिए चुना गया है. हालांकि, टीम चयन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम को टीम में जगह नहीं दी गई है. साथ ही विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को भी बाहर रखा गया है. इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने क्रिकेट जगत में बहस छेड़ दी है. बाबर आजम और रिजवान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष दो स्थान पर हैं.

बावजूद इसके, उन्हें टीम से बाहर किए जाने का कारण उनके स्ट्राइक रेट को बताया जा रहा है. लंबे समय से यह कहा जा रहा है कि दोनों बल्लेबाजों की धीमी बल्लेबाजी टी20 प्रारूप में टीम की गति को रोकती है. हालांकि, उनके अनुभव और रिकॉर्ड को देखते हुए कई पूर्व क्रिकेटर इस फैसले से असहमत हैं.

पूर्व दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने चयनकर्ताओं पर जमकर निशाना साधा है. उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे कहते नजर आ रहे हैं, ₹उनको खुद को नहीं पता. उन्होंने क्रिकेट खेली है? जो जिस लेवल पे क्रिकेट खेली है, वो सिलेक्शन कर रहे हैं बाबर आजम की. उसको क्या नजर आएगा? बाबर आजम इज अ ग्रेट प्लेयर. अप्स एंड डाउन्स होते हैं. क्रिकेट एक रेडियो की तरह है – आपको स्टेशन पकड़ना होता है.₹ मियांदाद के अनुसार, हर खिलाड़ी के करियर में उतार-चढ़ाव आता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें बाहर कर दिया जाए. उन्होंने बाबर को एक 'महान खिलाड़ी' बताया और चयनकर्ताओं के अनुभव पर सवाल उठाए. घोषित टीम की कमान सलमान अली आगा को सौंपी गई है. टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर फखर जमां, सईम अयूब और साहिबजादा फरहान को शामिल किया गया है. विकेटकीपर की भूमिका मोहम्मद हारिस निभाएंगे. तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे, जबकि शादाब खान और उसामा मीर स्पिन विभाग में नजर आएंगे. एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, ओमान और यूएई के साथ रखा गया है.

पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला 12 सितंबर को ओमान के खिलाफ खेलेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाक मुकाबला 14 सितंबर को होगा. इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की निगाहें टिकी रहेंगी. बाबर आजम और रिजवान की अनुपस्थिति में टीम कैसा प्रदर्शन करती है, यह देखना दिलचस्प होगा.

### प्रीमियर लीग : आर्सेनल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

# रिकार्डो कैलाफियोरी बने हीरो

**एजेंसी। ओल्ड ट्रैफर्ड**



मैनचेस्टर यूनाइटेड के महंगे नए आक्रामक लाइनअप का असर पहले ही मैच में फीका पड़ गया, जबकि आर्सेनल ने रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज करते हुए प्रीमियर लीग खिताब की अपनी मुहिम का आगाज किया. मैच का एकमात्र गोल इटली के डिफेंडर रिकार्डो कैलाफियोरी ने 13वें मिनट में किया. यूनाइटेड के गोलकीपर अल्ताय बायिंदिर की बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने आसान हेडर से गेंद को जाल में डाल दिया.

### विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर के 17 साल पूरे

# रन मशीन का 'विराट' सफर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे कर लिए हैं. 18 अगस्त 2008 को कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था और वहीं से भारतीय क्रिकेट को मिला एक ऐसा सितारा, जिसने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी. अपने पहले मैच में कोहली सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और क्रिकेट की दुनिया में अपनी खास पहचान बनाई. कोहली का करियर शानदार उपलब्धियों से भरा रहा है. वह 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे और 2024 में भारत को टी20 विश्व कप दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई. इसके अलावा कोहली 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे. 2023 वनडे विश्व कप में उन्होंने 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता, जो किसी भी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन हैं. वनडे प्रारूप में कोहली ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. वह इस फॉर्मेट में सबसे अधिक 51 शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं. उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है. कोहली वनडे में सबसे तेज़ 8000 से लेकर 14000 रन तक पहुंचने वाले बल्लेबाज हैं. वनडे में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी भी हैं.

कोहली का बल्ला टेस्ट और टी20 दोनों प्रारूपों में भी खूब बोला, लेकिन उन्होंने अब इन दोनों फॉर्मेट्स को अलविदा कह दिया है. 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था और 2025 इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट को भी छोड़ दिया. अब कोहली केवल वनडे फॉर्मेट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. अपने 17 साल के करियर में कोहली ने भारतीय टीम की तीनों प्रारूपों में कप्तानी की और अपने जुनून, अनुशासन और मेहनत से युवाओं के लिए प्रेरणा बने. वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 82 शतक लगा चुके हैं और इस मामले में केवल सचिन तेंदुलकर (100 शतक) उनसे आगे हैं. अब कोहली की नजरें 2027 वनडे विश्व कप पर टिकी हैं और क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर उनकी चमकदार पारियों का इंतजार है. उनके अब तक के सफर ने यह साबित कर दिया है कि क्यों उन्हें 'किंग कोहली' और 'रन मशीन' कहा जाता है.

### समरस्लैम 2025 में सैथ रॉलिंस का धोखा

'विजन' गुट का रॉ पर दबदबा शुरू डब्ल्यूडब्ल्यूई समरस्लैम 2025 में फैंस को उस समय बड़ा झटका लगा जब सैथ रॉलिंस ने सदी का सबसे बड़ा धोखा देते हुए अपनी कथित चोट का झूठ उजागर कर दिया. मैच के बाद रॉलिंस ने मनी इन द बैंक ब्रीफकेस कैश इन कर सीएम पंक से वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप छीन ली. पंक ने कुछ ही मिनट पहले यह टाइटल जीता था, लेकिन रॉलिंस ने 5 मिनट से भी कम समय में उन्हें हरा दिया. अब मंडे नाइट रॉ पूरी तरह 'विजन' गुट के नियंत्रण में है. सैथ रॉलिंस बतौर वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन शो को डोमिनेट कर रहे हैं. उनका गुट डब्ल्यूडब्ल्यूई में तूफान मचाने को तैयार है. सैथ रॉलिंस और सीएम पंक की दुश्मनी सर्वाइवर सीरीज 2023 से चल रही है, जब पंक ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी की थी. समरस्लैम में यह प्रतिद्वंद्विता चरम पर पहुंच गई. अब कयास लगाए जा रहे हैं कि यह दुश्मनी सर्वाइवर सीरीज 2025 में एक बड़े मैच के साथ खत्म हो सकती है. रोमन रेंस भी अब रॉलिंस और उनके गुट 'विजन' के खिलाफ नजर आ सकते हैं. संभावना है कि ओजी ब्लडलाइन वापसी कर सर्वाइवर सीरीज 2025 में वारगेम्स मैच में विजन को चुनौती दे. अगर विजन को वहां हार मिलती है.

### खुशखबरी फैंस के लिए , डब्ल्यूडब्ल्यूई क्लैश इन पेरिस 2025 में मचेगा धमाल

# रोमन रेंस व ब्रॉन्सन रीड में होगा मुकाबला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. लंबे समय से इंतजार कर रहे फैंस को आखिरकार वो पल मिलने वाला है जब द ट्राइबल चीफ रोमन रेंस एक बार फिर रिंग में नजर आएंगे. डब्ल्यूडब्ल्यूई ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि रोमन रेंस 31 अगस्त 2025 को पेरिस के ला डिफेंस एरिना में होने वाले डब्ल्यूडब्ल्यूई क्लैश इन पेरिस 2025 में हिस्सा लेंगे.

यह एक प्रीमियम लाइव इवेंट होगा और रोमन रेंस की वापसी इसे और भी खास बना रही है. रोमन रेंस ने डब्ल्यूडब्ल्यूई समरस्लैम 2025 की पहली रात में जे उसो के साथ मिलकर ब्रॉन्सन रीड और ब्रॉन ब्रेकर को हराया था. हालांकि, जीत के बाद रेंस पर ब्रॉन्सन रीड ने हमला कर दिया था और उनके जूते चुराकर खुद को ₹द ट्राइबल थीफ₹ घोषित कर दिया था.

रीड का यह नया अवतार फैंस के बीच काफी चर्चा में रहा है और उन्होंने अपने ₹शू-ला फालाह₹ से डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स का ध्यान खूब खींचा. अब माना जा रहा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई क्लैश इन पेरिस 2025 में रोमन रेंस और ब्रॉन्सन रीड के बीच एक धमाकेदार मुकाबला देखने को मिल सकता है. रीड ने रेंस को खुलेआम ललकारा है, जिससे इस भिड़ंत की संभावनाएं और मजबूत हो गई हैं. हालांकि, डब्ल्यूडब्ल्यूई ने अभी तक रेंस के मैच की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, जिससे यह इवेंट और भी रोमांचक हो गया है. डब्ल्यूडब्ल्यूई हमेशा से अपने फैंस को सरप्राइज देता आया है, और इस बार भी कुछ नया देखने को मिल सकता है.


क्या रोमन रेंस ब्रॉन्सन रीड से बदला लेंगे या कोई और सुपरस्टार उनकी राह में आएगा? यह सवाल फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. इतना तय है कि रोमन रेंस की मौजूदगी क्लैश इन पेरिस 2025 को खास बनाएगी और फैंस को 31 अगस्त का बेसब्री से इंतजार रहेगा.






























## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध समय पर आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना से आच्छादित किया जाए. विशेष रूप से दो दुधारू गाय योजना, दस दुधारू गाय योजना, बकरा/सुअर एवं बत्तख पालन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान करने पर बल दिया गया.

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ़्तार

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र से दो अवैध अफ़ीम व ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ़्तार किया गया है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा यह करवाई की गई. पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार के सहित टीम के अन्य लोगों द्वारा ब्राउन शुगर व अफीम के साथ नावाडीह निवासी दिवाकर किया गया. लगातार हो रहे ऐसे कारवाई से अफ़ीम तस्करों में हड़कंप मच गया है.

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार की बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार हजारीबाग जिला इकाई की भौतिक बैठक कचहरी परिसर में की गई. बैठक अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव दूबे के द्वारा जबकि संचालन जयनारायण पाठक ने की. जिला इकाई की इस भौतिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार पाण्डेय उपस्थित हुए. मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की संगठन की हजारीबाग जिला इकाई बेहतर तरीके से अपने कार्य को कर रही है तथा जिला के द्वारा किए गए जनहित के काम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिल रहा है. उन्होंने कहा की संगठन को कैसे हम परिवार के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सबसे बड़ा कार्य है.

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई की महिला प्रकोष्ठ ने मनाया तीज महोत्सव

# बच्चियों ने जन्माष्टमी पर सामूहिक नृत्य किया

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग के जिला महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित तीज महोत्सव कार्यक्रम बहुत ही रंगारंग एवं धमाकेदार संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष और ग्रुप के गणेश वंदना सामूहिक नृत्य के साथ हुआ जिसमें कलाकारों ने ऐसा समां बांधा जैसे स्वयं विघ्नहर्ता श्री गणेश जी महाराज आकर साक्षात रूप से दर्शन दिया.

उसके बाद कलंकन ग्रुप के बच्चियों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के ऊपर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया जो अत्यंत मनमोहक एवं आकर्षण था. उसके बाद आयुष और ग्रुप के द्वारा मां काली कलकत्ते वाली के ऊपर एक अद्भुत सामूहिक नृत्य किया जिसने सभा में उपस्थित लगभग ढाई सौ महिलाओं एवं पुरुषों को कुर्सी के ऊपर खड़े होकर उनका तालिया से स्वागत करने पर मजबूर किया. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग के जिला महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत सभी 9 उप समितियां के द्वारा अलग-अलग जीत के ऊपर सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया, कुछ महिलाओं के द्वारा भजन गायन का भी कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमंडल अध्यक्ष शिवराज मोहन प्रसाद थे जिन्होंने आगामी 27 नवंबर को भी ऐसा ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करने हेतु कलाकारों से निवेदन किया.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे मुन्ने बच्चों का फैशन सो रहा जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी माता के साथ रैंप वॉक करके एक बहुत ही अच्छा समय बांध. कार्यक्रम के अंत में हजारीबाग जिले के अंतर्गत 15 वरिष्ठ महिलाएं जिनकी उम्र 80 साल के समक्ष था उन्हें स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया तथा कार्य समाज एकजुट है और अपने अभिभावकों का ध्यान हमेशा रखता है यह संदेश भी समाज को दिया. तीन महोत्सव कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला महिला अध्यक्ष अर्चना सिंहा के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद भाषण जिला महिला महामंत्री रश्मि लाल के द्वारा दिया गया. बुढ़वा महादेव के समीप स्थित प्रधान कैफेटेरिया में यह रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ और प्रभात प्रधान एवं उनकी पत्नी सुधा प्रधान के द्वारा पूरा हॉल एवं व्यवस्थाएं समाज के लिए हमेशा उपलब्ध था उपलब्ध है और उपलब्ध रहेगी यह आश्वासन भी मिला.

कार्यक्रम में सभी कलाकारों को मोमेंटो ओ एवं बैच देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई थी जिसका आनंद सभी ने मिलकर लिया. कार्यक्रम समाप्ति घोषणा होने के बाद महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य का भी आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित सभी महिलाएं ने हिस्सा लिया और ऐसे कार्यक्रम हमेशा होता रहे इसकी भी कामना की. जो मलाल काश महिलाओं में सावन महोत्सव के नहीं होने से था उसका कसर तीज महोत्सव के भव्यता पूर्ण संपन्न होने से संतुष्टि हुई तथा महिलाओं ने इसका पूरा आनंद लिया.

### रामगढ़ जिले में अब तक 1 लाख लोगों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण अवश्य लें : डीसी

**शुभम संदेश। रामगढ़**



रामगढ़ जिले में आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एवं फर्स्ट एड (प्राथमिक उपचार) का प्रशिक्षण अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है. उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार जिले के 2 लाख लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसी कड़ी में अब तक जिले के 1 लाख से अधिक लोगों को इस प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जा चुका है.

इस अभियान की शुरुआत जिले में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी और जन जागरूकता को ध्यान में रखते हुए की गई थी. जिला प्रशासन द्वारा पहले चरण में 3229 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया, जो अब आम नागरिकों, ग्रामीणों, स्कूली छात्रों, फैक्ट्री कर्मचारियों एवं अन्य समुदायों को प्रशिक्षण देने में जुटे हैं. सोमवार को जिले के कई औद्योगिक इकाइयों जैसे रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार, मैहर एलॉयज, आलोक स्टील इंडस्ट्रीज करमा मांडू, ब्रह्मपुत्र मेटलिक्स गोला, इनलैंड पावर लिमिटेड गोला समेत अन्य स्थानों पर अनुभवी चिकित्सकों एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए. इन शिविरों में प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि वे वास्तविक आपातकालीन स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया कर सकें.

प्रशिक्षण सत्रों में कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, अत्यधिक रक्तस्राव (ब्लीडिंग), जलने की घटनाएं (बर्न), फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबने की स्थिति, शॉक, सांप काटने और सड़क दुर्घटनाओं जैसी स्थितियों में प्राथमिक उपचार के तरीकों की जानकारी दी गई. प्रशिक्षकों ने यह सुनिश्चित किया कि लोग आत्मविश्वास से भरकर इन कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय ले सकें. आगामी एक माह में यह अभियान और तेज़ किया जाएगा.

जिले के सभी पंचायतों, स्कूलों, कारखानों, खदानों एवं सामुदायिक स्थानों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे. जिला प्रशासन ने इसे एक जन आंदोलन के रूप में लेते हुए सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर इस अत्यंत उपयोगी प्रशिक्षण को प्राप्त करें. उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि इस प्रशिक्षण से न केवल वे स्वयं सुरक्षित रह सकेंगे, बल्कि अपने परिवार, समाज और कार्यस्थल पर भी संकट की घड़ी में जीवन रक्षक बन सकेंगे. यह प्रशिक्षण प्रत्येक नागरिक को एक जिम्मेदार और जागरूक समाज का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करता है. रामगढ़ प्रशासन की यह पहल न केवल जिले को आपात स्थितियों के प्रति सजग बना रही है, बल्कि 'हर हाथ जीवन रक्षक' की भावना को भी मजबूत कर रही है.

### कोडरमा में तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज के निर्देश पर जिले के सभी अंचलों में 19 अगस्त से 21 अगस्त तक तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. इस कैम्प का उद्देश्य जनहित में लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सुधार, निबंधन तथा राजस्व विभाग से संबंधित अन्य मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निष्पादन करना है. इससे पूर्व भी बीते माह इसी तरह के राजस्व कैम्प का सफल आयोजन किया गया था, जिसमें कई पुराने मामलों का समाधान हुआ. उस सकारात्मक अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस माह पुनः विशेष पहल की गई है, जिससे 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति युक्त एवं आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों का निपटारा किया जा सके. प्रत्येक कैम्प दिवस पर संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन, सुनवाई और तत्पश्चात उचित निर्णय की प्रक्रिया अपनाई जाएगी. विशेष रूप से जिन मामलों में आपत्ति दर्ज की गई है, उनमें संबंधित रैयतों को विधिवत नोटिस भेजकर, तामिला सुनिश्चित की जाएगी और सुनवाई उपरांत निष्पादन किया जाएगा.

# भगवान श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता नगर भवन में आयोजित

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के द्वारा इस वर्ष भी ₹श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता₹ का आयोजन तीन आयु वर्गों - अ- वर्ग (0 से 2 वर्ष तक), ब- वर्ग (2 से 4 वर्ष तक) एवं स- वर्ग (4 से 6 वर्ष तक) मे किया गया.

भक्ति, संस्कार से ओतप्रोत, भव्य व आकर्षक, मंत्र-मुग्ध करने वाला रंगा रंग कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं श्रीकृष्ण के बाल रूप चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया. दीप प्रज्वलन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश, गढ़वा के कुलपति प्रो (डॉ) मंटू सिंह, विशिष्ट अतिथि सीमा सुरक्षा बल के समादेष्टा हृदयकांत पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संघ चालक डा० तारा कांत शुक्ल, संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रांत कोषाध्यक्ष सी ए विकाश वर्मा, विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, जिला इकाई के संरक्षक राधे श्याम सिंहा, जिला अध्यक्ष कुमार केशव ने संयुक्त रूप से किया. तत्पश्चात शोभा सिन्हा एवं उनके शिष्यों के द्वारा संस्कार भारती के ध्येय गीत एवं सरस्वती वंदना का गायन किया गया. संस्था के अध्यक्ष कुमार केशव ने अतिथियों का स्वागत किया. विषय प्रवेश कराते हुए प्रांत महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने संस्था के कार्यों का परिचय देते हुए बताया कि संस्कार भारती कला एवं साहित्य के क्षेत्र मे कार्य करने वाली एक अखिल भारतीय संस्था है, जो विभिन्न विधाओं के माध्यम से कला साधकों एवं कला प्रेमियों के बीच राष्ट्र सर्वोपरि है इस भाव को विकसित करने का प्रयत्न कर रही है. इसी क्रम में अपने परिवारों में प्राचीन भारतीय मूल्यों एवं संस्कारों का पुनर्जागरण करने के लिए श्री कृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है. हजारीबाग में विगत 30से अधिक वर्षों से संस्कार भारती इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है. आज हजारीबाग के अधिकांश विद्यालयों के साथ साथ कई संस्थाओं के द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है.यह हमारे लिए गर्व का विषय है.

### पर्यावरण स्वीकृति का ग्रामीणों ने किया विरोध

**हंटरगंज(चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत करमाली में पत्थर खदान के लिए पर्यावरण स्वीकृति को लेकर जिला प्रशासन की टीम पहुंची. जहां अधिकारियों को सलैया पंचायत के करमाली, पहाड़पूरा, सलैया, पचमहला, कंचनपुर, डेमडेम, धोबे गांव के हजारों ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा. बताते चले की ग्रामीणों के साथ बैठक कर सोमवार को लोक सुनवाई करना था. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद द्वारा तीन लोगों के पत्थर खदान के लिए लगभग 8 एकड़ में पर्यावरण स्वीकृति कोरम पूरा करने हेतु सोमवार को अपर समाहर्ता, अरविंद कुमार, राज्य से पर्यावरण विभाग पदाधिकारी, जिला प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी, अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर रहे थे पत्थर खनन कार्य के दौरान होने वाले प्रदूषण एवं अन्य परेशानियों को कैसे दूर किया जाए इसके लिए विचार विमर्श किया जा रहा था.

# दादपुर : मंझौलीया मूर्तियाटांड़ मैदान में टूर्नामेंट का आगाज



**शुभम संदेश। चौपारण**

प्रखंड के दादपुर पंचायत के मंझौलीया मूर्तिया टांड़ मैदान में रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ. पूरे मैदान में खेल का जुनून और दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा.टूर्नामेंट का शुभारंभ पंचायत की मुखिया गंदौरी दांगी ने फीता काटकर और गेंद पर किक मारकर किया. इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को जर्सी और बूट वितरित किए. आयोजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया. फाइनल मुकाबला 20 अगस्त को होगा. उद्घाटन मैच से ही खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था. गेंद पर कब्जे को लेकर दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ. दर्शक हर पास, हर गोल प्रयास पर तालियों और नारों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए. टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने पूरी तैयारी की. उद्घाटन मैच दादपुर पंचायत के स्टार क्लब ब्रजादास केंदुआ और दैहर पंचायत के सनराइज क्लब इंदरवा टांड़ के बीच खेला गया. मौके पर मुखीया गंदौरी दांगी ने कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल खेल को बढ़ावा मिलता है बल्कि युवाओं में अनुशासन और टीम भावना भी मजबूत होती है.

**समीक्षा बैठक** उपायुक्त ऋतुराज ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश, कहा

# वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व संग्रह में तेजी लाएं

**शुभम संदेश। कोडरमा**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व संग्रह की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई. बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने विभागीय वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व संग्रह सुनिश्चित करें. उन्होंने राजस्व संग्रह में गति लाने की आवश्यकता पर बल दिया और सभी विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व से संबंधित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया.

बैठक में राजस्व शाखा, आपदा प्रबंधन, नीलाम पत्र, अभिलेखागार एवं भू-अर्जन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने वन विभाग, नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, परिवहन, खनन, भू-राजस्व, उत्पाद, विद्युत, निबंधन, वाणिज्य कर, कृषि बाजार समिति, नाप-तौल एवं सहकारिता अंकेक्षण विभागों के राजस्व संग्रह कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए. राजस्व शाखा की समीक्षा में अंचलवार म्युटेशन, सुमोटो म्युटेशन, सक्सेशन म्युटेशन, भूमि नापी एवं दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने डीसीएलआर स्तर पर लंबित म्युटेशन अपीलों का भी लक्ष्य के अनुसार निष्पादन करने पर बल दिया. साथ ही, अवैध जमाबंदियों के नियमितीकरण या रद्दीकरण से जुड़ी रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए. आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं, अग्निकांड, अतिवृष्टि, विद्युत आघात, सर्पदंश एवं वज्रपात जैसी घटनाओं में प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए. उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को ऐसे मामलों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा.

बैठक में जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्रों से संबंधित लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई, जिसमें उपायुक्त ने शत-प्रतिशत आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया. इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### इलाज के अभाव में सहायक पुलिस जवान की मौत

**चतरा।** आर्थिक तंगी और इलाज के अभाव ने आखिरकार एक सहायक पुलिस जवान की जिंदगी छीन ली. चतरा जिला में पदस्थापित सहायक पुलिस रविन्द्र कुमार दांगी, ग्राम जोरी थाना राजपुर निवासी, जो वर्तमान में कोर्ट गेट ड्यूटी पर तैनात थे, जिनका आज निधन हो गया1 करीब 15 दिन पहले ड्यूटी के दौरान अचानक पेट दर्द से पीड़ित होने पर उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा लाया गया. डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए पहले हजारीबाग सदर अस्पताल और फिर रांची रिम्स रेफर किया. स्थिति को नाजुक देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए कोलकाता ले गए , जब यहां भी कोई सुधार नहीं दिखा तो फिर उन्हें मुंबई के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया. लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इलाज का खर्च वहन नहीं कर सका और लौटने के दौरान ही रविन्द्र दांगी की मृत्यु हो गई.

## एक नजर

### राकेश गुप्ता ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर दी शुभकामनाएं



**हजारीबाग।** झारखंड के पूर्व राज्यपाल एवं वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल पद पर आसीन सीपी राधाकृष्णन को एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है. इस अवसर पर हजारीबाग के प्रख्यात समाजसेवी एवं जदयू नेता राकेश गुप्ता ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. राकेश गुप्ता ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन का सार्वजनिक जीवन एवं प्रशासनिक अनुभव देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों में से एक, उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान करेगा. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से देश नई दिशा प्राप्त करेगा और लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा. उन्होंने कहा कि यह निर्णय एनडीए की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है और इससे देशवासियों में उत्साह का संचार हुआ है. समाज के विभिन्न तबकों ने भी इसे स्वागत योग्य कदम बताया है.

### डीएवी बरकाकाना में जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हें-मुन्नों द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी कक्षा के समूह नृत्य से हुई, जिसके बाद अनन्या ने मनमोहक एकल नृत्य प्रस्तुत किया. एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने समूह नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत चित्रण किया. एकल नृत्य प्रस्तुतियों में सृष्टि, आरुषि, प्रांजल और स्वरात्मिका ने अपने आकर्षक नृत्यों से सभी का मन मोह लिया. कक्षा एक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक (स्किट) ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और माखन चोरी की घटनाओं को हास्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया. कक्षा दो के समूह नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया. अंत में दही-हांडी की अद्भुत प्रस्तुति ने पूरे समारोह को चरम पर पहुँचा दिया और बच्चों के उत्साह ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.

### उपायुक्त ने यूटिलिटी टास्क फोर्स की बैठक की

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में यूटिलिटी टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जेबीवीएनएल, डीवीसी, पावर ग्रिड, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जुडको, भवन निर्माण निगम, एनएचएआई समेत अन्य विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई. बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको द्वारा चलाए जा रहे पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई. उन्होंने निर्देश दिया कि पाइपलाइन बिछाने के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इस क्रम में क्षतिग्रस्त पीसीसी सड़कों की मरम्मति सुनिश्चित की जाए. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को जुडको की परियोजनाओं का आकलन करने का निर्देश दिया गया. भवन निर्माण निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने करमा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली.

### विधायक ने बिजली विभाग के जीएम से की मुलाकात



**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार जले हुए ट्रांसफार्मर और बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव सक्रिय नजर आ रहे है. सोमवार को उन्होंने हज़ारीबाग बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार और अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय से मुलाकात कर क्षेत्र की गंभीर समस्याओं पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने एक विस्तृत पत्र सौंपते हुए विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में नए ट्रांसफार्मर की तत्काल व्यवस्था करने की मांग रखी. विधायक मनोज यादव ने बताया कि बरही प्रखंड के जरहिया में 25 केवीए, चार माइल में 100 केवीए और 25 केवीए, कजरा में 100 केवीए, वहीं चौपारण प्रखंड के गुरूबारा में 100 केवीए और मरगौजा में 25 केवीए क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर की तत्काल जरूरत है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगे पुराने ट्रांसफार्मर लगातार जल रहे हैं जिससे ग्रामीणों को घंटों और कई बार दिनों तक अंधेरे में रहना पड़ रहा है.

### सौंदर्य व वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**केरेडारी।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना द्वारा सोमवार को जोरदाग, चट्टी बरियातू एवं पगर गांव की 25 महिलाओं के लिए सौंदर्य एवं वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ किया गया. यह प्रशिक्षण 90 दिनों तक चलेगा, जिसका उद्देश्य प्रतिभागी महिलाओं को सौंदर्य एवं वेलनेस क्षेत्र में व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना है. इस पहल से महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकेंगी.

## पेज-3 का शेष

### पोखरिया शिबू आश्रम में दिशोम...

विधानसभा अध्यक्ष महतो एवं उत्पाद मंत्री ने शहीद श्यामलाल मुर्मू की पत्नी बहाली देवी से मिले और उन्हें सम्मानित किया और झारखंड आंदोलन में गुरु जी के सहयोगी रहे एक दर्जन लोगों को को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. विधानसभा अध्यक्ष एवं उत्पात मंत्री के आश्रम पहुंचने पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आदिवासी रीतिरिवाज के साथ उनका स्वागत किया एवं झारखंड की परम्पराओं के अनुसार उपहार भेंट किया. इस महाभोज में टुंडी एवं आसपास के करीब दो सौ गांव के हजारों लोगों ने भोजन किया. सुबह से ही लोगों की भीड़ जितने लगी थी. प्रशासनिक अधिकारी विधि व्यवस्था बनाने में जुटे थे. इस अवसर पर स्वास्थ विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था. श्रद्धांजलि सभा में उपायुक्त आदित्य रंजन, एस एसपी प्रभात कुमार, डीएफओ विकास पालिवार,अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार,,बीडीओ विशाल पाण्डेय, सीओ के अलावे झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, टुंडी विधानसभा क्षेत्र झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू, झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू,रमेश टुडू,बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की प्रमुख मालती मराण्डी,जिप सदस्य मीणा हेमब्रम, शहादत अंसारी, बाबा मनीर मस्तान,डा अनवर अंसारी , शहजाद अंसारी , इंतियाज अंसारी, वरिष्ठ झामुमो नेता अजित मिश्रा तथा डीएसपी डीएन बंका इंस्पेक्टर साजिद हुसैन, टुंडी थानेदार उमाशंकर, मनियाडीह थानेदार शिव कुमार,जिलासहित जिले एवं प्रखंड के लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मी के अलावे झारखंड मुक्तिमोर्चा के प्रखंड एवं जिला के अधिकारी मौजूद थे.

### शिबू के श्राद्ध में उमड़ी भीड़....

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, सुखलाल मरांडी तथा अलाउद्दीन अंसारी थे. उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य शिबू सोरेन की देन है. उनका नाम अविस्मरणीय रहेगा. शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन को भी श्रद्धांजलि दी गई.इस अवसर पर छोटेलाल सोरेन, युवा मोर्चा जिला सचिव शंकर महतो, किसान मोर्चा के मुन्ना शाह, गुरुपद तुरी, मिशीलाल मुर्मू, देवली पंचायत के मुखिया शांतिराम रजवार पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अताउल्ला अंसारी, मनोज मुर्मू, अमीन सोरेन, अतिकूर रहमान, छोटे लाल, गुलेल अंसारी, हरिपद रजवार, मोईन अंसारी, सोहेल अशरफ, गुल्लू अंसारी, अताउल अंसारी, मोतिउर रहमान, योगेन रविदास, बबलू रविदास, नारू भंडारी, सुशील पाण्डेय, मुबारक अंसारी, अहमद अंसारी सलाउद्दीन अंसारी, उस्मान खान, इस्तियाक अंसारी, शरीफ साह, परेश सोरेन, दुखू गोराई, हकीम अंसारी, इदरीश अंसारी आदि शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### नाइजीरिया में नाव पलटने से कम से कम 40 लोग हुए लापता

**अबूजा ।** उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में रविवार को एक नदी में नाव पलट जाने से कम से कम 40 लोग लापता हैं. नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना सोकोतो राज्य के गोरोन्यो इलाके के आसपास उस समय हुई जब लोग नाव में सवार होकर बाजार जा रहे थे. आपातकालीन एजेंसी ने कहा कि 10 लोगों को बचाया गया है. खोज और बचाव अभियान जारी है. नाइजीरिया में बारिश के मौसम में दूरदराज के इलाकों में ऐसी दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर नावों के क्षमता से अधिक भरे होने और खराब रखरखाव वाले जहाजों के कारण होती हैं.

### अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली ।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध में बच्चों की दुर्दशा पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक पत्र लिखा, जिसमें पुतिन से बच्चों की मासूमियत की रक्षा करने का आग्रह किया गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अलास्का में पुतिन के साथ अपनी मुलाकात के दौरान खुद यह पत्र सौंपा. मेलानिया ट्रंप ने यूक्रेन का नाम लिए बगैर लिखा, 'हर बच्चा अपने दिल में एक जैसे सपने देखता है, चाहे वह किसी देश में पैदा हुआ हो. वे प्यार, संभावना और खतरे से सुरक्षा का सपना देखते हैं. माता-पिता होने के नाते, अगली पीढ़ी की आशा को पोषित करना हमारा कर्तव्य है. निस्संदेह, हमें सभी के लिए एक गरिमापूर्ण दुनिया बनाने का प्रयास करना चाहिए - ताकि हर आत्मा शांति के साथ जाग सके.

### कांगो : नॉर्थ किवु में आतंकियों ने की 30 लोगों की हत्या, 100 बंधक

**नयी दिल्ली ।** कांगो के नॉर्थ किवु इलाके में आतंकियों ने बड़ी हिंसा को अंजाम दिया है. जानकारी के मुताबिक, बाप्पेरे गांव में बुधवार से शुक्रवार तक हुए हमलों में कम से कम 30 लोगों की हत्या कर दी गई है. वहीं, करीब 100 लोगों को बंधक बना लिया गया है. स्थानीय सेना और प्रशासन ने इस घटना की पुष्टि की है. लुबेरो इलाके के सैन्य प्रशासक कर्नल एलेन किवावा ने बताया कि आतंकियों ने लोगों पर धारदार हथियारों से हमला किया. ई घरों को भी जला दिया गया. नागरिक समाज संगठन के नेता सैमुअल कहेनी ने कहा कि अधिकांश लोगों की हत्या चाकुओं और मचेटियों से की गई. यह हमला पिछले महीने इतुरी प्रांत में हुए हमले जैसा ही है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए थे.

### महाराष्ट्र : दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर के नेवासा फाटा स्थित एक फर्नीचर की दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई. आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया है. अहिल्यानगर पुलिस की टीम यहां आग लगने के कारणों का पता लगा रही है. इस घटना की छानबीन कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अहिल्यानगर के नेवासा में मयूर फर्नीचर नामक दुकान में बीती रात करीब एक बजे आग लग गई. इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. फर्नीचर की दुकान में ज्वलनशील पदार्थ होने की वजह आग पर शीघ्र काबू नहीं पाया जा सका.

### मेरठ टोल प्लाजा पर सेना के जवान को बर्बरता से पीटा, छह गिरफ्तार

**मेरठ ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में ड्यूटी पर जा रहे सेना के एक जवान पर टोल प्लाजा कर्मचारियों ने कथित तौर पर हमला किया. इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. यह घटना सरूरपुर इलाके के भूनी टोल प्लाजा पर हुई, जब गोटका गांव का रहने वाला कपिल छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहा था. टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार में उसकी कार फंस गई थी. कपिल ने टोल प्लाजा कर्मचारियों से वाहनों को जल्दी हटाने का आग्रह किया, जिससे विवाद हो गया. अधिकारी ने बताया कि जब बहस बढ़ गई, तो टोल प्लाजा कर्मचारियों ने कपिल की पिटाई कर दी. पुलिस ने जवान के परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है.

### चीनी विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते पाकिस्तान के दौरे पर आएंगे

**नयी दिल्ली ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचेंगे. उनका यह दौरा दो दिन का होगा और इसकी शुरुआत 21 अगस्त से होगी. वांग यी यहां पाकिस्तान-चीन रणनीतिक संवाद में हिस्सा लेंगे और पाकिस्तान की राजनीतिक तथा सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे. अपने इस दौरे के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी पाकिस्तान और चीन के बीच मौजूदा रिश्तों की समीक्षा करेंगे. साथ ही दोनों देश क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर भी चर्चा करेंगे.

## भीषण गर्मी से जूझ रहा स्पेन
# 20 बड़े जंगल की आग पर काबू पाने उतरे सैनिक



एजेंसी । विलार्देवोस (स्पेन)

स्पेन में भीषण गर्मी ने राहत कार्यों को कठिन बना दिया है, जहां इस समय 20 बड़ी जंगल की आग धधक रही हैं. रविवार को सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए सेना की आपात इकाई से अतिरिक्त 500 सैनिक तैनात किए. उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र गैलिसिया में कई आग एक साथ मिलकर एक विशाल अग्निकांड में बदल गई. इसकी वजह से हाईवे और रेल सेवाएं बंद करनी पड़ीं. स्पेन की राष्ट्रीय मौसम एजेंसी (एईएमईटी) ने चेतावनी दी है कि कुछ इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. दक्षिणी यूरोप इस वक्त बीते 20 वर्षों का सबसे खराब वाइल्डफायर सीजन झेल रहा है. केवल पिछले सप्ताह में ही स्पेन में तीन लोगों की मौत हो चुकी है और अब तक 1.15 लाख हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो चुके हैं. पड़ोसी पुर्तगाल भी व्यापक आग से जूझ रहा है. प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा, "आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण होंगे और दुर्भाग्य से मौसम हमारे पक्ष में नहीं है." उन्होंने बताया कि सेना की कुल तैनाती बढ़ाकर 1,900 सैनिक कर दी गई है. आपात सेवाओं की महानिदेशक वर्जीनिया बारकोनेस ने सरकारी टीवी पर कहा कि मंगलवार से तापमान घटने की उम्मीद है, लेकिन अभी की परिस्थितियां "बेहद प्रतिकूल" हैं. आज अत्यधिक गर्मी है और आग का चरम जोखिम बना हुआ है, जिससे बुझाने के प्रयास बेहद कठिन हो गए हैं.

# महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ में 225 नागरिक फंसे

## भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम तैनात, राहत कार्य जारी

एजेंसी । मुंबई



महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के मुखेड़ तहसील में सोमवार को मूसलाधार बारिश के कारण लेंडी बांध का जलस्तर बढ़ जाने और लातूर, उदगीर तथा कर्नाटक से भी भारी मात्रा में पानी आने बाढ़ आ गई है. इससे रावणगांव में 225 नागरिक बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं. इन सबको सुरक्षित बाहर निकालने के लिए, भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम के साथ जिला प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मंत्रालय में स्थित आपातकालीन विभाग में राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया. इसके बाद पत्रकारों को बताया कि नांदेड़ में पिछले 24 घंटों में लगभग 206 मिमी बारिश हुई है. इसके साथ ही अन्य जिलों के साथ कर्नाटक का पानी भी यहां आया है. जिससे रावनगांव, भसवाड़ी, भिंगेली, हसनाल में बाढ़ आ गई है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है. मुख्यमंत्री ने बताया कि रावणगांव में 225 नागरिक बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं. जिनमें से सबसे अधिक प्रभावित स्थानों से नागरिकों को निकाला लिया गया है. शेष नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्रयास जारी है. हसनाल में 8 नागरिकों को निकाला गया है. भसवाड़ी में 20 नागरिक फंसे हुए हैं, वे सुरक्षित हैं. भिंगेली में 40 नागरिक फंसे हुए हैं, वे सुरक्षित हैं. 5 नागरिक लापता हैं, उनकी तलाश की जा रही है. वह स्वयं नांदेड़ जिला कलेक्टर के लगातार संपर्क में हूँ, और नांदेड़, लातूर और बीदर तीनों जिला कलेक्टर एक-दूसरे के संपर्क में हैं और बचाव कार्य कर रहे हैं. एनडीआरएफ की एक टीम, सेना की एक टीम और पुलिस की एक टीम बचाव अभियान का समन्वय कर रही है. छत्रपति संभाजीनगर से सेना की एक टुकड़ी भी भेजी गई है. स्थानीय प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में रहकर समन्वय करने के लिए कहा गया है. स्थानीय सूत्रों ने सोमवार को बताया कि नांदेड़ के देगलूर मुकराबाद मार्ग ने तालाब का रूप ले लिया है. सड़क पर खड़ी कारें और वाहन पानी में डूब गए हैं. रस्सियों की मदद से वाहनों को बाढ़ के पानी से बाहर निकालने का प्रयास जारी है. लेंडी बांध के बैकवाटर के कारण स्थिति गंभीर हो गई है. मुखेड़ तहसील के पांच से छह गाँव बाढ़ में डूब गए हैं. भारी बारिश के कारण कई जानवरों की मौत हो गई है, कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ है. लगभग 40 से 50 भैंसों की मौत हो गई है.

उन्होंने बताया कि तमसा से हिमायतनगर राजमार्ग पर आष्टी गाँव के पास कुछ महीने पहले बड़े पुल के बगल में एक छोटा पुल बनाया गया था. तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण यह पुल दो दिन पहले ढह गया. इसके कारण राजमार्ग पर जाते समय एक दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, और उसके साथ मौजूद बच्चा भी घायल हो गया. गंभीर रूप से घायल महिला का आष्टी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया और आगे के इलाज के लिए उसे नांदेड़ स्थानांतरित कर दिया गया.

### चशोती में बचाव कार्य तेज

**किश्तवाड़ ।** भारी बारिश और दुर्गम इलाकों का सामना करते हुए बचाव दल ने बादल फटने से प्रभावित किश्तवाड़ के चशोती गांव में राहत कार्य तेज कर दिया है. मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए सोमवार को पांचवें दिन भी बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. बचाव दल अर्थमूवर और खोजी कुत्तों सहित भारी मशीनों का उपयोग करके मलबे में 'जिन्दगी' की तलाश कर रहे हैं. मचैल माता मंदिर के रास्ते में आखिरी वाहन-योग्य गांव चशोती में 14 अगस्त को बादल फटने से 61 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें तीन सीआईएसएफ कर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी हैं. इसके अलावा 100 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं. सूची में नए सिरे से संशोधन के बाद लापता लोगों की संख्या लगभग 50 बताई गई है. बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिसमें एक अस्थायी बाजार और वार्षिक मचैल माता यात्रा के लिए एक लंगर स्थल को तहस-नहस कर दिया है. 16 घर और सरकारी इमारतें, तीन मंदिर, चार पनचक्की, एक 30 मीटर लंबा पुल और एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं.

### उत्तराखंड के मीसा व भूमिगत सेनानियों को भी मिलेगी राशि, बढ़ेगी पेंशन राशि

**देहरादून ।** उत्तराखंड सरकार आपातकाल के दौरान जेलों में प्रताड़नाएं सहने वाले लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बढ़ाने के साथ ही उन्हें परिवहन और स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं जा रही है. इसके अलावा आपातकाल के दौरान मीसा व भूमिगत रहकर कार्य करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी पेंशन व अन्य सुविधाएं देने जाने को लेकर प्रस्ताव को धामी कैबिनेट ने मंजूरी दी गई है. अब इसे गैरसैण में आयोजित विधानसभा में पेश किया जाएगा. देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था. 21 मार्च 1977 तक चले आपातकाल के दौरान जनसंघ, आरएसएस सहित विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों में बंद कर उन्हें यातनाएं दी गई थीं. इनमें उत्तराखंड के भी बहुत से लोग शामिल थे जिन्होंने जेलो में यातनाएं झेली थीं. वर्तमान में उत्तराखंड में ऐसे 82 लोकतंत्र सेनानी पंजीकृत हैं. मोदी सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है. इसी क्रम में भाजपा सरकार अपने पूर्व संगठन जनसंघ के लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों को सम्मानित करने, उनकी पेंशन राशि बढ़ाने और मीसा व भूमिगत आंदोलन में सक्रिय रहे सेनानियों को भी शामिल करने की तैयारी कर रही है.

### बांग्लादेश में पूर्व प्रमुख मो. हारुन रशीद समेत 18 अधिकारी निलंबित

**ढाका ।** बांग्लादेश में 18 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया. इन सभी पर ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने का आरोप है. गृह मंत्रालय के जन सुरक्षा प्रभाग ने इस आशय का आदेश कल जारी किया. इनमें हाई प्रोफाइल पुलिस अधिकारी मोहम्मद हारुन राशिद भी शामिल हैं. वह ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख रह चुके हैं. द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी 2024 और 2025 में विभिन्न तिथियों पर विभागीय अधिकारियों की अनुमति के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहे. यह सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियम-2018 के अंतर्गत भगोड़ा की श्रेणी में आता है. निलंबित अधिकारियों में ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस, डीआईजी कार्यालयों, सशस्त्र पुलिस बटालियन, पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य विशिष्ट इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं. इस सूची में डीएमपी के संयुक्त आयुक्त संजीत कुमार रे, चटगांव के अतिरिक्त डीआईजी रिफत रहमान शमीम और चटगांव रेंज डीआईजी कार्यालय के पुलिस अधीक्षक और डीएमपी के पूर्व उपायुक्त काजी अशरफुल अजीम भी शामिल हैं.

# रूस ने यूक्रेन के खार्किव में की बमबारी, सात की मौत, 18 घायल

एजेंसी । कीव



रूस ने सोमवार सुबह औद्योगिक जिले खार्किव में एक पांच मंजिला अपार्टमेंट पर चार ड्रोनों ने हमला करके बमबारी की.इससे अपार्टमेंट की कई मंजिलों में आग लग गई. इस हमले डेढ़ साल की एक बच्ची और एक 16 साल के लड़के सहित सात लोगों की मौत हो गई. ड्रोन से की गई बमबारी में कम से कम 18 लोग घायल हो गए, इस बमबारी में छह आवासीय इमारतें और 15 कारें क्षतिग्रस्त हो गईं. कीव पोस्ट के अनुसार, यूक्रेन के आपातकालीन सेवा (डीएसएनएस) के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव ने बताया कि आपातकालीन बचाव अभियान के दौरान एक युवती और एक पुरुष को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया. पांच लोग अभी भी लापता हैं. बचावकर्मियों ने बताया कि बमबारी से लगी आग 900 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है. दो अन्य ड्रोन पास के खुले मैदान में गिरे मिले हैं. इससे पहले रूस ने रात को भी खार्किव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया. इसमें 11 लोग घायल हो गए थे और 10 से अधिक अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं. दूसरी ओर, रूस ने ओडेसा क्षेत्र पर भी ड्रोन हमले किए हैं. इससे एक ऊर्जा संयंत्र और एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई. आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

### विवेक के खिलाफ 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर नई केस दर्ज

**कोलकाता ।** फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर विवाद और गहराता जा रहा है. स्वतंत्रता सेनानी गोपाल मुखर्जी उर्फ गोपाल पाठा के पोते संतना मुखर्जी ने फिल्म में उनके दादा के चरित्र को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाते हुए नई एफआईआर दर्ज कराई है. सोमवार को संतना मुखर्जी ने कहा है कि फिल्म में उनके दादा को 'कसाई' के रूप में दिखाया गया है, जो ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है. उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार से बिना अनुमति लिए ही गोपाल मुखर्जी का चरित्र फिल्म में शामिल किया गया. संतना मुखर्जी ने स्पष्ट किया कि उनके दादा अनुशीलन समिति के सदस्य थे, कुश्ती में पारंगत थे.

# लकी निकला झारखंड राजभवन, राष्ट्रपति के बाद अब उपराष्ट्रपति देने की तैयारी

- भारतीय राजनीति में बन रहा है नई परंपरा का प्रतीक

एजेंसी । नई दिल्ली

झारखंड इन दिनों राजनीतिक और संवैधानिक चर्चाओं के केंद्र में है. वजह है एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। खास बात यह है कि राधाकृष्णन झारखंड के भी पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं. अगर वे चुनाव जीत जाते हैं तो यह पहला मौका होगा जब देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों ही ऐसे नेता होंगे, जो कभी झारखंड के राजभवन में रह चुके हैं. वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी 2015 से 2021 तक झारखंड की राज्यपाल के रूप में ऐतिहासिक रूप से सबसे लंबा कार्यकाल पूरा किया था.



सोशल मीडिया पर इसे झारखंड का सौभाग्य बताया जा रहा है. यूजर्स लिख रहे हैं 'झारखंड राजभवन में रहने वालों का सीधा टिकट अब राष्ट्रपति भवन या उपराष्ट्रपति भवन तक!' द्रौपदी मुर्मू 18 मई 2015 से 13 जुलाई 2021 तक झारखंड की राज्यपाल रहीं। वे झारखंड की पहली महिला राज्यपाल बनीं। सबसे लंबा कार्यकाल (6 साल से अधिक) था।2022 में देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बनीं।


सी.पी. राधाकृष्णन 18 फरवरी 2023 से 30 जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल रहे ,अभी वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं और एनडीए के उम्मीदवार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एनडीए के पास राज्यसभा में संख्याबल है, इसलिए राधाकृष्णन की जीत लगभग तय मानी जा रही है। यदि वे उपराष्ट्रपति बनते हैं, तो यह संयोग न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा।

## चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मीटिंग में बोले एस जयशंकर
# दोनों ने कठिन समय देखा, अब आगे बढ़ना चाहते हैं

एजेंसी । नई दिल्ली

चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार (18 अगस्त,2025) को नई दिल्ली पहुंचे, यहां एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया. इसके बाद वांग यी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने सीमा विवाद और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की. यह भारत-चीन के विशेष प्रतिनिधियों के 24वें दौर की वार्ता के अवसर पर हुई पहली मुलाकात है.

जयशंकर ने कहा, "हमारे संबंधों में किसी भी सकारात्मक गति की नींव यह है कि हम सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को मिलकर बनाए रख सकें. यह भी आवश्यक है कि तनाव कम करने की प्रक्रिया आगे बढ़े. उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई एक प्रमुख प्राथमिकता है. उन्होंने कहा 'हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद दोनों राष्ट्र अब आगे बढ़ना चाहते हैं. इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है. उस प्रयास में हमें तीन पारस्परिक बातों आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित का ध्यान रखना चाहिए. मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा, संघर्ष बनना चाहिए'.



### एससीओ शिखर सम्मेलन पर चर्चा

जयशंकर ने कहा कि वांग यी भारत आए हैं, जबकि चीन तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है. भारत ने इसके अध्यक्ष पद के दौरान चीन के साथ करीबी सहयोग किया है. उन्होंने वांग यी की सफल और ठोस परिणामों वाली शिखर सम्मेलन की कामना की. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह बातचीत भारत और चीन के बीच स्थिर, सहयोगी और भविष्य केंद्रित संबंध बनाने में योगदान देगी, जो दोनों देशों के हितों और चिंताओं को संबोधित करेगा.

### हमने विश्वास साझा किया : वांग यी

एस जयशंकर से मुलाकात में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, हमने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखी और शिनजियांग स्वायत्त क्षेत्र में माउंट गांग रेनपोचे और लेक मापाम यून त्सो के लिए भारतीय तीर्थयात्रा फिर से शुरू की. हमने विश्वास साझा किया कि बाहरी हस्तक्षेप को दूर किया जाए, सहयोग बढ़ाया जाए और चीन-भारत संबंधों के सुधार और विकास की गति को और मजबूत किया जाए, ताकि अपने-अपने राष्ट्रीय उत्थान के साथ हम एक-दूसरे की सफलता में योगदान कर सकें और एशिया और दुनिया को सबसे आवश्यक निश्चितता प्रदान कर सकें."

### रूस में सेना के संयंत्र में विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**मॉस्को ।** रूस में सेना के एक बारूद संयंत्र में शुक्रवार को हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई. इस विस्फोट में 134 लोग घायल हुए हैं. मृतकों में रूस के चार सैनिक भी शामिल हैं. आपातकालीन मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी सोमवार को दी. उन्होंने बताया कि यह विस्फोट मॉस्को के दक्षिण-पूर्व में रियाजान क्षेत्र में स्थित एक संयंत्र में हुआ था. सरकारी मीडिया ने बताया कि यह संयंत्र औद्योगिक विस्फोटक, कवच-रोधी हथियार और पनडुब्बियों के लिए गैस जनरेटर बनाता है. रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने आज कहा कि विस्फोट स्थल के लगभग आधे हिस्से के मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है. यह संयंत्र कभी सरकारी रक्षा समूह रोस्टेक का हिस्सा था. 2018 में यह बंद हो गया था.

## अमेरिकी मंत्री ने किया खुलासा
# रूसी तेल को रिफाइन करके विश्वभर में बेच रहा है चीन

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि चीन जो रूसी तेल खरीद रहा है, उसे बीजिंग की ओर से रिफाइन किया जा रहा है और फिर उस रिफाइंड तेल को ग्लोबल बाजार में बेचा जाता है. रुबियो ने फॉक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अगर आप चीन जा रहे हैं और रिफाइन हो रहे तेल पर गौर करें, तो उसमें से बहुत सारा तेल वापस यूरोप में बेचा जा रहा है. यूरोप अभी भी नैचुरल गैस खरीद रहा है. अब, कुछ देश इससे दूर होने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन यूरोप अपने प्रतिबंधों के संबंध में और भी बहुत कुछ कर सकता है. यह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या यूरोप अब भी रूसी तेल खरीद रहा है. इस सवाल के जवाब में कि क्या रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखने के लिए यूरोप पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है.



**रिफाइन किए गए तेल के लिए ज्यादा कीमत :** अगर आप किसी देश पर सेकेंडरी सैंक्शन लगाते हैं - मान लीजिए कि आप चीन को रूसी तेल की बिक्री पर कार्रवाई करते हैं, तो चीन बस उस तेल को रिफाइन करता है. फिर उस तेल को वैश्विक बाजार में बेच दिया जाता है और जो कोई भी उस तेल को खरीदता है, उसे इसके लिए ज्यादा भुगतान करना पड़ता है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातु, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातु, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. संपादक : संजय कुमार सिंह.* फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).
आरएनआई न : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.